www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

धनतेरस आज

रायपुर, शुक्रवार, 10 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –206 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23




# बिहार विस में आरक्षण संशोधन विधेयक पास

## नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से भी जातीय गणना कराने की अपील



- 75 फीसदी आरक्षण का है प्रावधान
- भाजपा ने भी बिल का किया समर्थन
- अब विधान परिषद में रखा जाएगा

**पटना**, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 को सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है।

**भाजपा ने उठाया ईडब्ल्यूएस का सवाल**

विधेयक में ईडब्ल्यूएस के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर भाजपा ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया।

**नीतीश व जीतनराम मांझी में हुई नोकझोंक**

विधानसभा में सीएम नीतीश और जीतनराम मांझी के बीच नोकझोंक हुई। मांझी आरक्षण विधेयक का विरोध कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा मेरी मुर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**सदन के बाहर भिड़े राजद-बीजेपी विधायक**

सदन के बाहर भी नेताओं में नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा के विधायक कुंदन कुमार और राजद विधायक विजय कुमार मंडल सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

# देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका, मोदी केवल हड़प रहे : खड़गे

## कोरबा जिले के बांकीमोंगरा में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए आमसभा में हुए शामिल



**कोरबा-बांकीमोंगरा**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को कोरबा जिले के बांकीमोंगरा प्रवास पर रहे। उन्होंने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के बांकीमोंगरा में ली गई चुनावी आमसभा में कहा कि देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका देश की आजादी के बाद से रही है। भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे विकास को अपने नाम से प्रचारित करने की कोशिश कर रहे हैं और पब्लिक सेक्टर को हड़पने का काम भाजपा की मोदी सरकार कर रही है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पैदा भी नहीं हुए थे, तब कांग्रेस और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने विकास की नींव रखी। कोरबा में जो उद्योग स्थापित हुए हैं वह पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के समय के हैं और उन्होंने हजारों लोगों को नौकरी दी। कांग्रेस के शासनकाल में ही देश में औद्योगिक विकास प्रगति पर रहा। आज 140 करोड़ लोगों के पास जो मोबाइल है, कम्प्यूटर क्रांति हुई वह भी राजीव गांधी की देन है। कांग्रेस ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई है और दूसरी तरफ पब्लिक सेक्टर को बचाने की बजाय उन्हें हड़पने का काम केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। श्री खड़गे प्रधानमंत्री पर हमलावर होते हुए कहा कि लम्बे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री रहने के बावजूद अहमदाबाद जैसे इलाके में बच्चों की मृत्यु दर ज्यादा है। श्री खड़गे ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी उद्योगपति अडाणी की भक्ति में लीन हैं जबकि कांग्रेस गरीब, आदिवासी और पिछड़ों के साथ खड़ी है। श्री खड़गे ने कोरबा जिले के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार फिर से बनाने की अपील जनता से की।

आमसभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित कर कहा कि पूर्व की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# सिद्धार्थनाथ सिंह माफी मांगे, नहीं तो मानहानि का मुकदमा करूंगा : विनोद वर्मा



- चुनाव के समय महादेव एप्प के साथ मेरा नाम जोड़ना नया षड़यंत्र

**रायपुर**, 9 नवंबर (देशबंधु)। कांग्रेस नेता एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस बार के चुनाव में अपराध को राजनीति से जोड़ा है। महादेव एप्प इसका उदाहरण है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक सिद्धार्थनाथ सिंह ने जिस तरह महादेव एप्प के कथित आरोपी के साथ मेरा नाम जोड़ा है, उसके लिए माफी मांगे अन्यथा मानहानि के मुकदमे का सामना करने तैयार रहें।

राजीव भवन में आज पत्रकार वार्ता में विनोद वर्मा ने कहा कि पूर्व में ईडी को जब उन्हें कुछ नहीं मिला तो ऐन चुनाव के वक्त एक नया षड़यंत्र रचा गया। तीन नवंबर को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसकी कार और घर से करोड़ों रुपए बरामद किए गए। फिर उसका कथित बयान सामने आया कि उसे ये रुपए किसी राजनीतिक बघेल को पहुंचाने को कहा गया था। उसके कथित बयान के आधार पर ही ईडी ने कह किया कि वह बघेल और कोई नहीं बल्कि राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कांग्रेस को वोट दे, होगा कर्जा माफ : भूपेश

## रमन सिंह ने 15 साल तक जनता को ठगने का काम किया



**सरायपाली**, 9 नवंबर (देशबंधु)। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नन्द के पक्ष में वोट मांगने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजमहल मैदान पहुंचे हजारों की भीड़ भरी सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 5 वर्षों में कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए फिर से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की इससे पहले मुख्यमंत्री के सरायपाली पहुँचने पर कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द जिला पंचायत सदस्य व चुनाव प्रभारी श्याम तांडी पर्यवेक्षक लक्ष्मण पटेलनगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल आदि ने मुख्यमंत्री के स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रथम चरण में 20 सीटों के लिएमतदान हुआ कांग्रेस पार्टी पिछले चुनाव में 20 में 17 जीते थे जिसमें2 भाजपा 1 जोगी कांग्रेस उपचुनाव में 2 सीट जीते रमन सिंह की 1 सीट बची है इस चुनाव में रमन सिंह का भी डब्बा गोल होने वाला है वहाँ से कांग्रेस के गिरीश देवांगन जीत रहे हैं साथ ही पूरे 20 सीट जीतेंगे रमन सिंह ने 15 साल तक छग की जनता को ठगने का काम किया है आदिवासियों को जर्सी गाय किसानो ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### ससुर-बहु ने कांग्रेस प्रवेश किया

गांडा समाज के सरंक्षक पूर्व पार्षद पंच राम चौहान बेटा बहु नगर पालिका की पार्षद श्रीमती राखी गणेश राम चौहान ने कांग्रेस प्रवेश किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहना कर कांग्रेस प्रवेश कराया ज्ञात हो कि पार्षद राखी चौहान ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा गांडा समाज को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज हो कर पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था।

# कांग्रेस से बड़ी भ्रष्ट सरकार नहीं देखा : अमित शाह



सक्ती में शाह की चुनावी सभा

**सक्ती**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा, कांग्रेस से बड़ी भ्रष्टाचार सरकार मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। राजा दिलीप सिंह जूदेव को नमन करते हुए कहा, 15 साल भाजपा सरकार स्व। दिलीप सिंह जूदेव के मार्गदर्शन में चली। अमित शाह ने महादेव सट्टा एप पर कांग्रेस सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, भूपेश कका हर काम में 30 टका लेते हैं। उन्होंने घोषणा पत्र को लेकर कहा, बीजेपी की सरकार बनाएं, 3100 में धान खरीदी करेंगे। बीजेपी के कार्यकर्ता आए तो फार्म भर दें सरकार बनी तो हर महीने 1 हजार विवाहिता को दिया जाएगा। हर गरीब के स्वास्थ्य ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### केसकाल के राजेश उईके को तजाकिस्तान का राजदूत बनाया गया



**रायपुर**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। राजेश उईके पिता रतिराम उईके कोंडागाँव जिला के केशकाल के निवासी है, राजेश उईके 2006 बैच के फ़ोरेन सर्विस के अधिकारी है। विदेश मंत्रालय ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि वर्तमान में राजेश उईके विदेश मंत्रालय दिल्ली में एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीज़न में जाइंट सेकेट्री के पद पर कार्यरत है। वह तजाकिस्तान में भारत के राज़दूत विजयसिंह के जगह लेंगे, जो ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भाजपा-कांग्रेस पर बरसीं मायावती



- प्रदेश में दलित आदिवासियों पर हो रहा अत्याचार
- विरोधी दलों ने अब तक पूरा नहीं किया आरक्षण का वादा

**बिलासपुर**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जी जान लगाकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही हैं। सभी पार्टियों के आलाकमान का दौरा भी जारी है। इसी कड़ी में बसपा सुप्रीमो मायावती छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में भी आमसभा की और बिलासपुर जिले के बसपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। मायावती की सभा में हजारों की तादात में लोग उपस्थित रहे।

बसपा सुप्रीमो मायावती की बिलासपुर के साइंस कॉलेज में आम सभा हुई, जिसमें उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, हम दमदारी और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को लंबे समय तक सत्ता में रखने वाले लोग यही दलित आदिवासी हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने दलित आदिवासियों को लेकर ध्यान नहीं दिया, इसीलिए बसपा जैसी पार्टी बनी। कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य विरोधी दलों ने आरक्षण का कोटा अब तक पूरा नहीं किया। महिलाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### आचार समिति ने फिर की बैठक

## महुआ की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश

**नई दिल्ली**, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खतरे में आ गई है। मामले की जांच कर रही आचार समिति ने गुरुवार को बहुमत के आधार पर उन्हें संसद से निष्कासित किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। शुक्रवार को यह सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी जाएगी।

आचार समिति के अध्यक्ष विजय सोनकर ने बताया कि 10 में से 6 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन के समर्थन में मतदान किया, जबकि चार सदस्य इसके विरोध में रहे। उन्होंने कहाकि आज की बैठक समिति ने महुआ पर लगे आरोपों की रिपोर्ट चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिन चार सदस्यों ने प्रस्ताव का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और दोषपूर्ण करार दिया। भाजपा सांसद विनोद सोनकर जहां आचार समिति के अध्यक्ष हैं।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### मप्र में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी : राहुल

**अशोक नगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दृढ़ता के साथ दोहराते हुए कहा कि वे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में हैं और पार्टी की सरकार बनने पर ऐसा होकर ही रहेगा। जाति आधारित जनगणना का अनेक अवसर पर समर्थन कर चुके श्री गांधी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अशोक नगर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात दृढ़ता के साथ फिर दोहरायी। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा।

### सरकार से मिलने वाली सारी मदद बंद कर देगी कांग्रेस : मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के दौरान कांग्रेस और मध्य प्रदेश के दो बड़े नेताओं पर हमले बोले और बेटों का सेट करने के लिए राज्य को अपसेट करने का आरोप लगाया। साथ ही मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा सबको सीख है, कांग्रेस आई, तबाही लाई और चल रही योजनाओं का बंद कर देगी।

### 4 दिसम्बर से होगी शीतकालीन सत्र की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की घोषणा कर दी गई है। यह सत्र 4 दिसम्बर से शुरू होकर 22 दिसम्बर तक चलेगा। इसकी घोषणा शुक्रवार को संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने की। उन्होंने कहाकि यह सत्र नए संसद भवन में शुरू होगा। 19 दिनों तक चलने वाले सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। अमृतकाल के बीच इस सत्र के दौरान विधायी कामकाज के साथ ही अन्य विषयो पर भी चर्चा की उम्मीद है।

### जम्मू में पाकिस्तान की तरफ से फिर गोलाबारी, बीएसएफ जवान की मौत

**जम्मू।** पाक रेंजरों ने पाक सेना के साथ मिल कर जम्मू सीमा के कई गांवों में गोलों की बरसात कर उस समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं जो उसने दस दिन पहले भारतीय सीमा सुरक्षाबल के साथ किया था। गोलाबारी में एक बीएसएफ जवान शहीद हो गया है तथा कई घरों को जबरदस्त क्षति पहुंची है। बीएसएफ के दावानुसार, उस पार भी जवाबी कार्रवाई से भारी तबाही पहुंचाई गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में 3 न्यायाधीशों ने ली शपथ, संख्या हुई पूरी

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई।

**सलाह** — *सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों को निगरानी रखने को कहा*

# सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले जल्द निपटाएं

**नई दिल्ली, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटान के लिए गुरुवार को सभी उच्च न्यायालयों को स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।**

**मौत की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने के दिए**

*। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन मामलों की प्रभावी निगरानी के उपाय विकसित करने की जिम्मेदारी उच्च न्यायालयों पर छोड़ते हुए कहा कि उनसे निपटाने के लिए देश भर की ट्रायल अदालतों को एक समान दिशानिर्देश देना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका का निपटारा करते हुए सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने सहित कई निर्देश जारी किया। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर इन मुद्दों से निपट रहे हैं। वे उस स्थिति से अवगत हैं, जो उनकी हर जिला अदालत में मौजूद है। हम ऐसे तरीकों को विकसित करने के लिए इसे उच्च न्यायालयों पर छोड़ना उचित समझते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सांसदों, विधायकों के लिए नामित अदालतों के संबंध में एक स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करेंगे, ताकि उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी की जा सके। शीर्ष अदालत ने आगे कहा, स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ या उनके द्वारा नियुक्त पीठ द्वारा की जाएगी। स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई करने वाली विशेष पीठ मामले को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती है। उच्च न्यायालय मामलों के शीघ्र या प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश और निर्देश जारी कर सकता है। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि विशेष पीठ अदालत की सहायता के लिए महाधिवक्ता या लोक अभियोजक को बुलाने पर विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय को अदालतों को मामले आवंटित करने की जिम्मेदारी वहन करने के लिए प्रधान और जिला सत्र न्यायाधीश की आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने कहा, नामित अदालतों को सांसदों, विधायकों के खिलाफ मौत या आजीवन कारावास की सजा वाले आपराधिक मामलों को पहले प्राथमिकता देनी चाहिए।*

# देश

**उवाच**

“ सीबीआई, ईडी और ईसीआई को केंद्र का ‘तोता’ बताते हुए राउत ने तर्क दिया कि वे उन राज्यों में सक्रिय हो जाते हैं जहां चुनाव हो रहे होते हैं, ‘हमने इसे महाराष्ट्र में भी अनुभव किया है...विपक्षी दलों को केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा व्यवस्थित रूप से निशाना बनाया जा रहा है...शिवसेना (विभाजन) के मामले में ईसीआई ने केंद्र सरकार के दबाव में फैसला लिया:- **संजय राउत, सांसद शिवसेना ( यूबीटी )**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.7 | 15.5 |
| मुंबई | 35.6 | 25.4 |
| कोलकाता | 31.0 | 20.9 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस की ओबीसी को लुभाने की रणनीति

**भोपाल,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरफ जहां जातीय जनगणना का दांव चला है तो दूसरी ओर इस वर्ग से नाता रखने वाले नेताओं को भी मैदान में सक्रिय कर दिया है।



राज्य में 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं और सरकार बनाने के लिए 116 स्थान पर जीत जरूरी है। कांग्रेस बहुमत हासिल करने के लिए सबसे बड़ी आबादी ओबीसी को लुभाने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने लगभग 27 प्रतिशत यानी कि 60 के करीब इस वर्ग के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। तो, वहीं ऐसे नेताओं को भी सक्रिय किया है, जिनकी इस वर्ग में पकड़ है। राज्य की सियासत में ओबीसी वर्ग का खासा प्रभाव है और वह चुनाव में निर्णायक स्थिति में भी है। राज्य का विंध्य और बुंदेलखंड तो वह इलाका है, जहां इस वर्ग के मतदाता सीधे तौर पर चुनाव नतीजा बदलने में सक्षम हैं। यही कारण रहा कि कांग्रेस ने विंध्य क्षेत्र से नाता रखने वाले ओबीसी नेट राजमणी पटेल को राज्यसभा में भेजा। पार्टी ने अब इस वर्ग के नेताओं को चुनाव प्रचार के काम में भी लगा रखा है। लोधी वर्ग से नाता रखने वाली साधना भारती को पार्टी ने बुंदेलखंड इलाके में प्रचार के लिए भेजा है। पार्टी की स्टार प्रचारक सूची में नाम न होने से नाराज भारती ने प्रचार करने से ही इनकार कर दिया था। आखिरकार प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी और वे देवरी के अलावा बड़ा मलहरा भी प्रचार करने पहुंची। इसके अलावा पार्टी ने ओबीसी नेता और प्रदेश संगठन के महामंत्री पवन पटेल को भी इस क्षेत्र में सक्रिय किया है और जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के कई हिस्से ऐसे हैं, जहां ओबीसी वोटर निर्णायक हैं और नतीजों को सीधे तौर पर प्रभावित करने की स्थिति में हैं। लिहाजा कांग्रेस ने इसी वर्ग से जुड़े नेताओं को सक्रिय किया है जो मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में तैयार करने में सक्षम हैं, अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस को लाभ होता दिखता है।

## मप्र में कांग्रेस रोजगार सहायकों व सचिवों का नियमित पद पर करेगी समायोजन

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता में आने पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों से बड़ा वादा किया है, इनका नियमित पदों पर समायोजन किया जाएगा। वर्तमान में इन पदों पर 23 हजार लोग काम कर रहे है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने एक्स पर कहा, ‘कांग्रेस ने सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर लोकतंत्र में वास्तविक अधिकार ग्राम पंचायतों को सुनिश्चित कराए क्योंकि ग्रामों की खुशहाली से ही प्रदेश में खुशहाली आती है और इस लक्ष्य को सशक्त रूप से साकार करने के लिए मैं वचनबद्ध हूं।’ उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस सरकार, मध्यप्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम को मूल भावना के अनुरूप अक्षरशः लागू करेगी। ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की मांग पर न्याय करेंगे तथा ग्राम रोजगार सहायक को सहायक पंचायत सचिव का दर्जा देंगे। इनको नियमित वेतनमान से जोड़ेंगे एवं अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ देंगे। उन्होंने कहा, जनता की सरकार - जनता ही सरकार के सिद्धांत पर चलकर ग्राम सभाओं एवं ग्राम पंचायतों को पुनः अधिकार सम्पन्न बनायेंगे। सरपंचों के सम्मान को सुनिश्चित करेंगे एवं उनकी गरिमा को कम करने वाले नियमों को बदलेंगे। सरपंच निर्वाचित जनप्रतिनिधि होते हैं। अतएव उनके विरूद्ध की गई शिकायतों के निराकरण की नई व्यवस्था करेंगे। ग्राम पंचायतों में एक सचिव और एक सहायक सचिव की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।’ जिला पंचायत और जनपद पंचायतों को लेकर कमल नाथ का कहना है, जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायतों में नगरीय निकायों की तरह एल्डरमैन नियुक्त करेंगे। 15वें वित्त आयोग की राशि नवीन जनसंख्या अनुसार ग्राम पंचायतों को मिले, इस हेतु प्रस्ताव करेंगे। वित्त आयोग की राशि में जिला एवं जनपद सदस्यों को विकास कार्य के लिए अलग से मिले, इस हेतु प्रस्ताव करेंगे। पंचायत स्तरीय पदों के लिए पृथक से स्थानांतरण नीति बनायेंगे। जिला एवं जनपद पंचायत को अधिकार देंगे।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 53 प्रतिशत उम्मीदवार दागी, भाजपा ने घटाई दागी उम्मीदवारों की संख्या

**भोपाल,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस के 53 फीसदी (आधे से अधिक) और भारतीय जनता पार्टी के 28 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जो आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव (2018) की तुलना में इस बार दागी उम्मीदवारों की संख्या दो प्रतिशत कम कर दी है। पिछले चुनाव में पार्टी के 30 फीसदी उम्मीदवार दागी थे, इस बार ये संख्या 28 फीसदी हो गई है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में जहां 48 फीसदी दागी उम्मीदवारों पर दांव लगाया था, वहीं इस बार ये संख्या बढ़कर 53 फीसदी हो गई है। ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक ऐसोसिएशन (एडीआर) और मध्यप्रदेश इलेक्शन वॉच की ओर से आज जारी रिपोर्ट में ये आंकड़ा सामने आया है। संस्था ने सभी उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए शपथपत्रों का विश्लेषण कर ये रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 53 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के आधे से अधिक, 121 प्रत्याशियों ने स्वयं पर कोई ना कोई आपराधिक मामला घोषित किया है। दागी उम्मीदवारों पर दांव आजमाने में दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी (आप) का है। आप के कुल घोषित उम्मीदवारों में से 39 फीसदी दागी हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव में कुल दो हजार 534 उम्मीवार भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें से 19 फीसदी ने स्वयं पर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है।






# पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने उतारे महज 12 फीसदी महिला उम्मीदवार!

**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। कहने को तो महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा चुनावों में 33 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक पारित हो चुका है। परिसीमन के बाद इसे लागू भी कर दिया जाएगा। लेकिन मौजूदा पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की बात करें तो कांग्रेस और भाजपा और अन्य क्षेत्रीय दलों ने इन चुनावो में मात्र 12 फीसदी महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान मे उतारा है। आंकडों की बात करें तो पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम की 679 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 643 और कांग्रेस ने 666 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें भाजपा नें 80 तो कांग्रेस ने महज 74 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। 230 सदस्यीय मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए 17 नवम्बर को चुनाव होंगें। यहां भाजपा ने 28 तो कांग्रेस पार्टी ने 30 महिलाओं को टिकट थमाया है। वहीं 90 सदस्यीय छत्तीसगढ विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव की तिथि 7 और 17 नवम्बर तय है। यहां भाजपा ने 14 और कांग्रेस ने महज 3 महिलाओं को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा ने 20 और कांग्रेस ने 28 महिलाओं को उम्मीदवार घोषित किया है। तेलंगाना में 30 नवम्बर को चुनाव है। 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा व कांग्रेस ने क्रमशः 14 और 11 महिलाओं को टिकट दिया है। मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा की बात करें जहां 7 नवम्बर को मतदान हो चुका है, भाजपा ने 4 और कांग्रेस ने दो महिलाओं को उम्मीदवार है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव में महिला उम्मीदवारों का चयन उनकी चुनाव जितने की क्षमता के आधार पर किया गया है। लेकिन जब आरक्षण का कानून प्रभावी हो जाएगा तो 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए सभी दल बाध्य रहेंगे।

- **पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम की 679 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 643 और कांग्रेस ने 666 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की**




## 'टाइगर 3' में हमने 'एलिट आर्मी' के हथियारों का इस्तेमाल किया : मनीष शर्मा

मुंबई। सुपरस्टार सलमान खान की एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' के निर्देशक मनीष शर्मा ने खुलासा किया कि फिल्म में दुनिया भर की एलिट आर्मी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार शामिल हैं। मनीष ने कहा कि जब हम यह फिल्म बना रहे थे तो हमारे दिमाग में एक चीज का पैमाना था। हमने एक ही एक्शन सीक्वेंस में कई टैंक, हेलिकॉप्टर, बंदूकें, बैलिस्टिक मिसाइल, बजूका, लाखों गोलियों और इससे भी अधिक का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि इस धमाकेदार टाइगर मोमेंट का आनंद लेते हुए हमने दुनिया की विशिष्ट सेनाओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का उपयोग करने का प्रयास किया। यह पागलपन भरा, बड़ा और शानदार है, लेकिन यह बहुत वास्तविक भी है।

बिग बॉस 17

# 'पावर की रेस' से बाहर निकालने के लिए अंकिता बनी मंजुलिका



**मुंबई,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' के आगामी एपिसोड में 'पावर की रेस' से बाहर निकालने के लिए अंकिता लोखंडे और खानजादी समेत कई अन्य सदस्य अपने अंदर की मंजुलिका का इस्तेमाल करेंगे। चैनल द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए प्रोमो में, एक वीडियो में अंकिता को फिल्म 'भूल भुलैया' के किरदार मंजुलिका के लुक में दिखाया गया है।

बिग बॉस की आवाज यह कहते हुए सुनाई देती है, 'आज इस मोहल्ले में एक भटकती आत्मा है। जिन तीन सदस्यों को आप पावर की रेस से बाहर निकालना चाहती हैं उन पर गुलाल लगायें।' अंकिता डांस करती नजर आती हैं और फिर कहती हैं कि ऐश्वर्या अभी पावर लेने के काबिल नहीं हैं। अभिनेत्री फिर कहती है 'मन्नारा के पास पावर आ भी जाती है तो दिमाग वाले ही उसका इस्तेमाल करेंगे।' जिस पर मन्नारा जवाब देती है, 'मेरे पास दिमाग है।'

त्योहारी सीजन को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का दावा

# महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं चरम पर

- महिलाओं को थकान, पीठ दर्द, सिरदर्द और अन्य समस्या
- 24 से 45 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओ को काम के दबाव के कारण अधिक तनाव

**जालंधर,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मानदंडों का पालन करने और उम्मीदों पर खरा उतरने की आवश्यकता अक्सर त्योहारी सीजन के दौरान महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। दिवाली के दौरान महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे चरम पर होते हैं।

आपदा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ नरेश पुरोहित ने गुरुवार को अमृतसर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित 'दिवाली के दौरान तनाव का प्रबंधन' विषय पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि एक समुदाय के रूप में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि उत्सव के दिन की सभी तैयारियों का ध्यान रखने की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिला की है। त्योहारों के मौसम में लगायी जाने वाली उम्मीदें महिलाओं में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की थकान का कारण बनती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन से संबंधित तनाव, जहां महिला से एक अनुष्ठान को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी गतिविधियों में नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है, इससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है।

डॉ. पुरोहित ने कहा कि महिलाओं को थकान, थकावट, पीठ दर्द, शरीर दर्द, सिरदर्द और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



इसके अलावा, काम और परिवार के बीच संतुलन बनाये रखने की जिम्मेदारी तनाव और चिंता पैदा कर सकती है और अगर चीजें अच्छी तरह से नहीं चल रही हैं तो असहायता की भावना पैदा हो सकती है। चौबीस से 45 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाएं विशेष रूप से अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में काम के दबाव के कारण बहुत अधिक तनाव से गुजरती हैं, जो मनोदैहिक बीमारियों, रिश्तों में संघर्ष और अन्य नैदानिक लक्षणों में प्रकट होती हैं। उन्होंने कहा कि उपहार खरीदने, सामाजिक समारोहों और छुट्टियों की खुशी की उम्मीदों का अतिरिक्त दबाव भारी हो सकता है, चिंता और अवसाद जैसे लक्षणों को ट्रिगर या तीव्र कर सकता है।

विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को आत्म-देखभाल के माध्यम से हर दिन खुद का जश्न मनाना सीखना चाहिए। अंततः, परिवार का समर्थन हर उत्सव को सार्थक बनाता है।

विशेषज्ञों ने आग्रह किया कि गैर-त्योहार दिनों में महिलाओं को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए समय निकालना चाहिये। सामाजिक मेलजोल बनाये रखें और खुद को सकारात्मकता और खुशहाल माहौल से जोड़े रखें। हर दिन को एक त्योहार की तरह महत्वपूर्ण, उज्ज्वल और जीवंत बनाना एक कला और कौशल है। समय-समय पर अपने आप का ख्याल रखें, जो आपको पसंद है, उसे पहनें या अपने बालों को एक विशिष्ट तरीके से संवारें।

# दिवाली पर स्वाद के साथ रखें स्वास्थ्य का भी ध्यान

**नोएडा,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। त्योहार सबके साथ मिलजुल कर सेलिब्रेट करने का समय होता है, लेकिन मौज-मस्ती के साथ खुद की सेहत का भी ध्यान रखना जरूरी है। खासतौर से शुगर और कोलेस्ट्रॉल के मरीजों को, क्योंकि इस दौरान न चाहते हुए भी आम दिनों की अपेक्षा तला-भुना, मीठा-नमकीन और जंक फूड खा ही लेते हैं, जिससे पेट के साथ हमारा हार्ट भी इफेक्ट होता है।

फेलिक्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता बताते हैं कि त्योहारों का ही मौका होता है, जब घरों में तरह-तरह के पकवान बनते हैं, ऐसे में खुद को उन्हें खाने से रोक पाना बेशक मुश्किल है, तो इसका आसान सा उपाय है कि आप सीमित मात्रा में उनका सेवन करें। बहुत ज्यादा तला-भुना खाने से पेट खराब होने से लेकर डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ सकता है। त्योहारों में भागदौड़ तो लगी ही रहती है, लेकिन इसका बहुत ज्यादा स्ट्रेस न लें। स्ट्रेस से ब्लड प्रेशर बढ़ता है और ये भी व्यक्ति के दिल के लिए सही नहीं होता। अगर आप त्योहारों का भरपूर मजा लेना चाहते हैं, तो नींद के साथ समझौता न करें। अच्छी नींद लेने से मूड अच्छा रहता है। तनाव, चिंता दूर होती है जो हार्ट को हेल्दी रखने के लिए बहुत जरूरी है। बहुत ज्यादा मीठा, तला, मसालेदार भोजन सेहत को कई तरीकों से नुकसान भी पहुंचा सकता है। पेट खराब होने के साथ ही दस्त, कब्ज, एसिडिटी, उल्टी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। फ्राइड आइटम्स वजन और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का भी काम करते हैं। इसलिए खानपान को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। दिवाली में बनाए जाने वाले पकवानों में मिलेट्स का इस्तेमाल करें। मिलेट्स कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिन्हें खाने से गैस, एसिडिटी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल जैसी कई समस्याएं दूर रहती हैं। इसके अलावा ऑयली फूड के ज्यादा सेवन से कब्ज की भी शिकायत हो सकती है, तो इस परेशान को भी दूर करते हैं मिलेट्स। फेस्टिवल के दौरान भी थोड़ा वक्त एक्सरसाइज के लिए जरूर निकालें। अपनी रेगुलर फिजिकल एक्टिविटीज को मिस न करें। थोड़ी देर ही सही, लेकिन वॉक, योग या जो पसंद हो उसे करें। एक्सरसाइज से अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने में मदद मिलेगी। दीवाली के दिन को खास बनाती हैं मिठाइयां और पकवान, लेकिन जिन लोगों को डायबिटीज की दिक्कत है उन्हें विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता होती है। मिठाइयां, ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ा देती है, जिससे गंभीर परेशानी हो सकती हैं। डायबिटीज के रोगियों को दिवाली में ब्लड शुगर को बढ़ाने वाले किसी भी चीज से परहेज करना चाहिए। हमेशा कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें ही खाएं। सही समय पर भोजन करने का हेल्थ पर बड़ा असर पड़ता है। अगर हम ठीक समय पर खाना खाते हैं तो इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। अगर भूख नहीं है तो आप हल्का भोजन कर सकते हैं। दोपहर और रात के भोजन के बीच कम से कम 4-6 घंटे का समय होना आवश्यक है। अगर बीच में भूख लगे तो ड्राई फ्रूट्स, फल आदि को ले सकते हैं। पेट खराब होने पर अस्पताल में डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

**ज्यादा मीठा, तला, मसालेदार भोजन से सेहत को कई तरीकों से नुकसान**

### इन बातों का रखे ध्यान

- प्रोटीन से भरपूर खाना खाएं, प्रोटीन से पेट लंबे समय तक भरे रहने का अहसास होता है।
- पकवान देखकर आपा न खोएं और प्लेट में उतना ही खाना रखें, जिससे सेहत और स्वाद बना रहे।
- खाने को धीरे-धीरे और चबाचबाकर खाएं, इससे सैटिस्फैक्शन महसूस होता है और कम खाने में पेट भरता है।
- पैकेज्ड फूड से दूरी बनाएं, जैसे चिप्स, नाचोस, क्रैकर्स आदि न ही खाएं तो बेहतर है। इनकी जगह नट्स, मखाने, सब्जियां आदि खाए।
- बेहतर होगा खाने का एक समय फिक्स करें और उस समय प्लेट लेकर इत्मीनान से खाना खाएं।
- मिठाई एवॉएड करे, लेकिन अगर खानी ही है तो एक ही पीस उठाएं और इसे धीरे-धीरे आराम से खाएं।
- खाना कितना भी टेस्टी क्यों न हो ओवर ईटिंग न करें, कम मात्रा में खाना या मिठाई खाएं।



# व्हाट्सएप अब आपको कॉल के दौरान अन्य यूजर्स से लोकेशन हाइड करने की सुविधा देगा

**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मेटा के मालिकाना हक वाले व्हाट्सएप ने एक नया 'प्रोटेक्ट आईपी एड्रेस इन कॉल्स' विकल्प एड किया है, जो कॉल पर अन्य पार्टीज से आपकी लोकेशन को हाइड में मदद करता है।

नया फीचर व्हाट्सएप सर्वर के माध्यम से रिलेइंग कॉल आपके आईपी एड्रेस को दूसरे यूजर्स से हाइड करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कॉल के दौरान अन्य यूजर्स आपके आईपी को नहीं देख सकता है और बाद में आपकी लोकेशन का भी पता नहीं लगा सकता है। व्हाट्सएप ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि आजकल लोगों द्वारा यूज किए जाने वाले अधिकांश कॉलिंग प्रोडक्ट में पार्टिसिपेट के बीच पीयर-टू-पीयर कनेक्शन होते हैं। यह सीधा कनेक्शन तेजी से डेटा ट्रांसफर और बेहतर कॉल क्वालिटी की इजाजत देता है, लेकिन इसका मतलब यह भी है कि पार्टिसिपेंट को एक-दूसरे के आईपी एड्रस जानने की जरूरत है। आईपी एड्रस में ऐसी जानकारी हो सकती है जिसके बारे में हमारे कुछ सबसे अधिक गोपनीयता-जागरूक यूजर्स ध्यान रखते हैं, जैसे व्यापक ज्योग्राफिकल लोकेशन या इंटरनेट प्रदाता आदि। कंपनी के अनुसार, यह नया फीचर गोपनीयता और सुरक्षा की एक अतिरिक्त लेयर प्रदान करता है जो विशेष रूप से उनके सबसे अधिक गोपनीयता के प्रति जागरूक यूजर्स के लिए तैयार है। कॉल रिलेइंग का उपयोग करते समय कंपनी ने जिक्र किया कि यूजर्स को कॉल की क्वालिटी कम हो सकती है और इस बात पर भी जोर दिया कि 'व्हाट्सएप पर आपकी कॉल एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड हैं। कोई भी, यहां तक कि व्हाट्सएप भी उन्हें नहीं सुन सकता है। इस सेटिंग को एक्सेस करने के लिए सेटिंग्स में जाएं, फिर प्राइवेसी पर जाएं, इसके बाद एडवांस्ड पर क्लिक करें और वहां आप कॉल में प्रोटेक्ट आईपी एड्रेस को चालू या बंद कर सकते हैं। इस बीच, व्हाट्सएप के प्रमुख विल कैथकार्ट ने कथित तौर पर कहा है कि पॉपुलर मैसेजिंग प्लेटफॉर्म स्टेटस, प्लेटफॉर्म की स्टोरीज जैसे फीचर और चैनलों में विज्ञापन दिखा सकता है लेकिन मुख्य इनबॉक्स में नहीं।




# जीएल बजाज संस्थान को उद्यमिता और नवाचार के लिए सम्मान



**ग्रेटर नोएडा,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल को ईटी इंस्पायरिंग लीडर्स से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा और लोकप्रिय बॉलीवुड सेलिब्रिटी जैकलीन फर्नांडीस ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर पुररस्कार प्रदान किये। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल को जीएल बजाज संस्थान में उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 'साथ निभाना साथिया 2' फेम अभिनेत्री रश्मि गुप्ता सादगीपूर्ण मनाएंगी अपना जन्मदिन



**मुंबई,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। 'साथ निभाना साथिया 2' फेम अभिनेत्री रश्मि गुप्ता गुरुवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने जन्मदिन के बारे में अपनी योजनाएं साझा की और कहा कि उन्होंने इस साल इसे कम महत्वपूर्ण रखने का फैसला किया है। अपने जन्मदिन की योजना के बारे में बताते हुए रश्मि ने कहा कि हर साल मैं आमतौर पर अपना जन्मदिन भव्य तरीके से मनाती हूं। हालांकि, इस साल मैंने इसे कम महत्वपूर्ण रखने का फैसला किया है क्योंकि यह दिवाली के त्योहार के साथ मेल खाता है, और मेरे कई दोस्त अपने गृहनगर में हैं। उन्होंने साझा किया कि मैं अपने जन्मदिन को केवल 4-5 करीबी दोस्तों के साथ सेलिब्रेट करूंगी। उम्र बढ़ने को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि हां, मेरा दृढ़ विश्वास है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। अगर आप किसी से पूछें तो वे अक्सर यही कहेंगे कि साल इतनी जल्दी बीत गया। अपने जन्मदिन के तोहफे पर रश्मि ने कहा कि मैंने हाल ही में कई प्रोडक्शन हाउस के लिए ऑडिशन दिया है, और मुझे उम्मीद है कि मेरे जन्मदिन पर, मुझे एक महान शो में भूमिका मिलने के बारे में कुछ अच्छी खबर मिलेगी।

# संगीत वीडियो के लिए एक साथ आएंगे साक्षी मलिक, अभिषेक मल्हान

**मुंबई,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के 'बॉम डिग्गी डिग्गी' गाने में प्रभावशाली भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री साक्षी मलिक सोशल मीडिया प्रभावशाली और 'बिग बॉस ओटीटी 2' प्रतियोगी अभिषेक मल्हान के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। संगीत वीडियो की कहानी मानवीय भावनाओं की जटिलताओं का पता लगाएगी। सहयोग के बारे में बोलते हुए साक्षी ने कहा कि अभिषेक के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा है। हमने इस संगीत वीडियो में अपना सब कुछ लगा दिया है, और हमने जो जादू पैदा किया है उसे देखने के लिए मैं अपने प्रशंसकों का इंतजार नहीं कर सकती।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, 'यह प्यार और दिल टूटने की कहानी है जो हर किसी को पसंद आएगी, और मेरा मानना है कि यह वास्तव में कुछ खास होने वाली है।'

साक्षी हाल ही में गायक-संगीतकार अरमान मलिक के म्यूजिक वीडियो 'वहम' में नजर आईं। इससे पहले, अभिषेक ने 'नूरी' शीर्षक से एकल रिलीज की थी। जिसमें उन्होंने कोमल सोही के साथ अभिनय किया था। यह ट्रैक प्रेम, लालसा और आत्म-खोज के विषयों को छूता है। उन्होंने यह भी साझा किया था कि वह 'बिग बॉस 17' का हिस्सा नहीं होंगे, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यूट्यूबर ने अपने वीडियो में कहा कि हां, मुझे शो की पेशकश की गई थी।

# गूगल ने 120 से अधिक देशों में जेनेरिक एआई संचालित सर्च शुरू की

**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। गूगल ने चार नई भाषा स्पेनिश, पुर्तगाली, कोरियाई और इंडोनेशियाई का समर्थन करते हुए 120 से अधिक देशों में जेनेरिक एआई-संचालित सर्च शुरू करने की घोषणा की है।

सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस एआई संचालित अवलोकन प्राप्त करने में मदद करता है जो सर्च के लिए उपलब्ध सबसे उपयोगी और प्रासंगिक जानकारी को एक साथ लाता है। अमेरिका, भारत और जापान में हाल ही में एसजीई लॉन्च पर प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। लोग जेनेरिक एआई को विशेष रूप से उन जटिल प्रश्नों के लिए उपयोगी मान रहे हैं जिन्हें वे आमतौर पर खोजने के बारे में नहीं सोचते हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि एसजीई के साथ परिणाम पृष्ठ पर स्रोतों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अधिक लिंक दिखाए जा रहे थे जिससे सामग्री की खोज के नए अवसर पैदा हो रहे थे। सर्च लैब्स लोगों के लिए सर्च पर शुरुआती चरण के प्रयोगों का परीक्षण करने का एक नया तरीका है, जो गूगल ऐप (एंड्रॉइड और आईओएस) और क्रोम डेस्कटॉप पर उपलब्ध है।

गूगल ने कहा कि एक बार जब आप सर्च लैब्स में नामांकित हो जाएं तो आरंभ करने के लिए एसजीई प्रयोग को सक्षम करें। नए देशों में क्रोम डेस्कटॉप के माध्यम से पहुंच आज उपलब्ध है और गूगल ऐप के माध्यम से पहुंच आने वाले सप्ताह में सक्षम हो जाएगी।

कंपनी सीधे खोज करने के लिए नए तरीके का भी प्रयोग कर रही है। जैसे-जैसे आप किसी चीज के बारे में गहनता से जानना चाहते हैं, आप अपने पिछले प्रश्नों और खोज परिणामों को आसानी से देख सकते हैं, जिसमें पूरे पृष्ठ पर समर्पित विज्ञापन स्लॉट में खोज विज्ञापन भी शामिल हैं।

गूगल ने बताया कि उनमें से किसी भी शब्द को टैप करें और आप उस विशिष्ट अर्थ को इंगित कर सकते हैं जो दर्शाता है कि आप क्या कहना चाहते हैं। यह विकल्प तब भी दिखाई दे सकता है जब आपको किसी विशेष शब्द के लिए जेंडर देने की आवश्यकता हो। यह एआई-संचालित अनुवाद क्षमता अंग्रेजी-से-स्पेनिश अनुवाद के लिए जल्द ही अमेरिका में आ रही है, और हम निकट भविष्य में अधिक देशों और भाषाओं को कवर करने की योजना बना रहे हैं।



प्रासंगिक खोजों पर आपको कुछ शब्द हाइलाइट किए हुए दिखाई देंगे, ताकि आप उनकी परिभाषा का पूर्वावलोकन करने या संबंधित छवियों को देखने के लिए उन पर होवर कर सकें।

गूगल ने कहा यह अपडेट अगले महीने अमेरिका में अंग्रेजी में जारी किया जाएगा। जल्द ही अन्य देशों और भाषाओं में भी इसे लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र एक बार फिर चर्चा में

# बीएचयू की मुस्लिम छात्रा ने पीएम मोदी पर की पीएचडी

- नजमा ने अपनी पीएचडी पूरी करने में 8 साल लगाए

**लखनऊ,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी एक बार फिर चर्चा में है, अबकी से चर्चा का विषय न तो राजनैतिक है, न ही कोई धार्मिक वजह है इस बार वाराणसी 'बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय' की एक मुस्लिम छात्रा की वजह से सुर्खियों में है। दरअसल, राजनीति विज्ञान की मुस्लिम शोध छात्रा नजमा परवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पीएचडी की है। उन्होंने अपने अध्ययन में मोदी को राजनीति का महानायक बताया है। परवीन ने कहा है कि वह (मोदी) देश के भरोसेमंद नेता हैं। वह मुसलमानों के विरोधी नहीं, बल्कि हितैषी हैं। आध्यात्मिक चिंतक व समाज सुधारक भी हैं। वर्ष 2014 का चुनाव वंशवाद की समाप्ति और एक पार्टी के अधिनायकवाद को खत्म करने वाला रहा। शाही रक्त पर साधारण रक्त की विजय हुई थी। वाराणसी के लल्लापुरा के बुनकर परिवार से संबंध रखने वाली छात्रा का शोध शीर्षक नरेन्द्र मोदी का राजनीतिक नेतृत्व एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (2014 के लोकसभा चुनाव के विशेष संदर्भ में) है। नरेन्द्र मोदी पर यह अध्ययन देश में मुस्लिम महिला द्वारा किया गया पहला प्रयास है। नजमा ने अपनी पीएचडी पूरी करने में 8 साल लगाए। नजमा के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा था कि 2014 के परिवर्तन पर शोध होना चाहिए। नजमा का कहना था उसने संघर्ष प्रबंधन में अध्ययन के लिए जब प्रवेश लिया था, उस समय लोगों ने हतोत्साहित किया कि वह मोदी पर पीएचडी न करें। मुस्लिम होने से भी कई लोग यह नहीं चाहते थे। नजमा ने बताया कि शोध पूर्ण करने के लिए हिंदी की 20 व अंग्रेजी की 79 पुस्तकों का अध्ययन किया। 37 पत्र-पत्रिकाओं के साथ पीएम के भाई पंकज मोदी व आरएसएस पदाधिकारी इन्द्रेश कुमार से बातचीत कर साक्ष्य जुटाए हैं। नजमा की पीएचडी में बनारस के साथ-साथ तीन तलाक आंदोलन, मुस्लिम महिलाओं द्वारा पीएम को राखी भेजने और भारतीय अवाम पार्टी के मोदी समर्थन को प्रमुखता मिली है। मुरली मनोहर जोशी से काशीवासियों की नाराजगी और मोदी को बनारस से चुनाव लड़ाने का भी वर्णन है। नजमा ने अपने अध्ययन में कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सहयोगी कर्नल निजामुद्दीन 114 वर्ष के थे, तब मंच पर पहुंचने पर मोदी ने उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस घटना ने करोड़ों भारतीयों के दिल में उनके लिए जगह बनाई। नजमा के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। राजनीति शास्त्र विभाग के प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में शोध पूरा हुआ है।



रायपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## वाकई जल्दी निपटें सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वत: संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज़ करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है।

मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निर्देशानुसार ये विशेष पीठें ज़रूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों-विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं।

उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेधड़क संसद के सदनों और विधानसभा-विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है।

कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं।

तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी-भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव-पेंचों से निकलकर वाकई कथित बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ-सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों को इसका भी रास्ता निकालना होगा कि वह कैसे सत्ताधारी दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने सांसदों, विधायकों, मत्रियों आदि के खिलाफ थानों में दर्ज व न्यायालयों में लम्बित मामलों को ही समाप्त कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही 2022 में सभी राज्यों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लम्बित प्रकरणों की सुनवाई के लिये विशेष कोर्ट बनाने के लिये कहा था पर केवल 12 राज्यों ने ही उसका पालन किया है।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वे से नीतीश ने भाजपा को पछाड़ा

■ अरुण श्रीवास्तव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी उनकी राजनीतिक कौशल और प्रशासनिक कुशलता की बराबरी नहीं कर सकते। हालांकि मोदी के मध्यम वर्ग के भक्त दावा करते हैं कि उन्हें पूरी समझ है कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कब और कैसे पछाड़ना है। मंगलवार को जाति जनगणना के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जारी करने का नीतीश का कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उनके पास और भी बहुत कुछ है जिनमें सामाजिक समावेशन के साथ-साथ राजनीतिक समय दोनों के महत्व की गहरी समझ शामिल है।

मोदी द्वारा भारत के लोगों से किये गये सभी वायदे - चाहे वह उनके बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने के बारे में हों, या दलितों और गरीबों के आर्थिक दुखों को दूर करने के बारे में हों, या भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में हो- केवल जुमले ही साबित हुए हैं जिन्हें राजनीतिक कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। नीतीश ने संचयी आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव पर उसी शाम बिहार कैबिनेट की मुहर लग गई। उन्होंने समाज के गरीबों और वंचित वर्गों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय शुरू किये।

बिहार में वर्तमान में कुल 60प्रतिशत आरक्षण है- अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत; और सामान्य श्रेणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अतिरिक्त 10प्रतिशत। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 1990 के बाद से अपने विभिन्न निर्णयों के माध्यम से सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा लगा दी है, लेकिन नीतीश अपनी योजना पर आगे बढ़ेंगे।

7 नवंबर को, महागठबंधन सरकार ने जाति सर्वेक्षण की सामाजिक-आर्थिक रिपोर्ट को बिहार विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया, क्योंकि भाजपा ने अपने मीडिया मित्रों के समर्थन से एक सार्वजनिक कथा बनाने की कोशिश की कि सर्वेक्षण फर्जी था और राज्य सरकार ने भाजपा को बदनाम करने के लिए निष्कर्षों में हेरफेर किया है। मोदी-अनुकूल मीडिया का एक वर्ग तो यहां तक भविष्यवाणी कर चुका था सामाजिक-आर्थिक रपट कभी सामने नहीं आयेगी।

फिर भी, भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा फैलाये गये बहुत से झूठ के खिलाफ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिपोर्ट जारी करने में कामयाब रहे, जिसने अनिवार्य रूप से भाजपा द्वारा ऊंची जातियों के एकमात्र शुभचिंतक होने की बनाई गई नकली कहानी को तोड़ दिया। आंकड़े निस्संदेह बिहार से संबंधित हैं, लेकिन तथ्य पूरे देश के लिए व्यापक आधार प्रदान करते हैं।

वास्तव में रिपोर्ट ने इस मिथक की सत्यता को उजागर किया कि ऊंची जातियां समृद्ध हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य उजागर हुआ कि चार उच्च जातियों भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ के लगभग 30प्रतिशत लोग गरीब हैं और गरीबी के साये में रहते हैं।

बेशक, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि बिहार सरकार जाति के अनुसार भूमि जोत की प्रकृति पर भी रिपोर्ट जारी करेगी और यह सामने लायेगी कि किस जाति के पास सबसे अधिक एकड़ जमीन है। लेकिन सरकार ने मौजूदा रिपोर्ट में इसे जारी नहीं किया। हालांकि, गरीबी की प्रकृति और उच्च जाति के गरीबों का प्रतिशत, एक झलक प्रदान करता है कि भूमि का एक बड़ा हिस्सा उच्च जाति के जमींदारों के एक छोटे से वर्ग के स्वामित्व में है। राज्य में भूमि सुधार लाने के कई कदम जमींदारों की पकड़ को तोड़ने में बुरी तरह विफल रहे हैं और यह लगभग 40प्रतिशत आबादी के लगातार कंगाल होने का प्राथमिक कारण रहा है।

सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि बिहार में एक तिहाई से अधिक परिवार गरीब हैं और 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर गुजारा कर रहे हैं, जबकि 42 फीसदी एससी-एसटी परिवार इसी आय पर जीवनयापन करते हैं। रिपोर्ट का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह अमित शाह के खोखलेपन और राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करता है, जिन्होंने केवल सार्वजनिक रूप से सर्वेक्षण का मजाक उड़ाया और बिहार के सीएम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

शाह के इनकार और नीतीश पर दोषारोपण के मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हैं। यह रिपोर्ट, कम से कम राज्य में, थोड़ी भी समृद्धि लाने में मोदी की विफलताओं को उजागर करती है। फिर भी, प्रधानमंत्री यह दावा करते नहीं थकते कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद ही भारत सही अर्थों में स्वतंत्र हुआ। लोगों की उनसे बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन बिहार की जाति-आधारित सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजती है कि मोदी अपने समर्थकों और भक्तों का भी कल्याण करने में विफल रहे।

एससी और एसटी के लिए कोटा कुल मिलाकर 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए। इसी तरह, ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, अत्यंत पिछड़ा वर्ग उप-समूह सहित ओबीसी, राज्य की कुल आबादी का 63प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं।

नीतीश की घोषणा कि उनकी सरकार 94 लाख गरीब परिवारों में से प्रत्येक को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी ताकि वे आर्थिक रूप से कुछ उत्पादक कार्य कर सकें, जो मोदी के लिए 'रेवड़ी' (मुफ्त उपहार) से कुछ अधिक नहीं लग सकता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे लाखों असहाय परिवारों की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। नीतीश की चतुराई से मोदी के लिए और अधिक समस्याएं पैदा होने की संभावना है क्योंकि अन्य राज्य भी कोटा में वृद्धि की मांग के साथ सामने आ रहे हैं, जैसे कि ओडिशा जिसने इस मुद्दे को उठाया था।

बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले, जैसा कि इंडिया ब्लाक ने कहा है, और इस प्रकार यह कदम मतदान करने वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रेरित करेगी।

अगर मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की नीतीश की मांग मान ली होती, तो राज्य अपने गरीबों की बहुत जल्द मदद कर सकता था। आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्य से गरीबों की वास्तविक मुक्ति के लिए बहुत कुछ करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। रिपोर्ट पेश करने के बाद, नीतीश ने दोहराया-'इस अवसर पर, मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपने अनुरोध को नवीनीकृत करना चाहूंगा।'

नीतीश की मानें तो विपन्नता की चुनौती से निपटने के लिए बिहार को 2.51 लाख करोड़ के फंड की जरूरत है।

बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले।

उन्होंने कहा, 'हमने अनुमान लगाया है कि गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य को 2.51 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार में 94लाख परिवार गरीब हैं, जो 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर जीवित रहते हैं। अगर हमें विशेष दर्जा मिल गया तो हम दो-तीन साल में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। अन्यथा, इसमें अधिक समय लग सकता है।'

चूंकि नीतीश के सामाजिक-आर्थिक आख्यान ने आरएसएस और भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, इसलिए यह माना जा सकता है कि मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कवायद नहीं करेंगे। ऊंची जाति के लोग एक मजबूत सामंती मानसिकता के साथ जीते हैं और यहां तक कि इस वर्ग का एक गरीब व्यक्ति भी खुद को सामंती स्वामी मानता है। संभवत:, ऊंची जातियां भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने में आरएसएस और मोदी के लिए एक बड़ी बाधा साबित होंगी। ब्रह्मर्षि समाज (एक भूमिहार संगठन) के कुछ नेताओं ने पहले से ही आरएसएस और मोदी पर उन्हें धोखा देने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

अचानक भाजपा में ऊंची जातियों को हाशिए पर धकेलने का मुद्दा जोरदार तरीके से सामने आ गया है। अमित शाह ने दलबदलू सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करके यह संदेश देने की कोशिश की थी कि वह पार्टी के पुनरुद्धार के लिए ओबीसी पर अधिक भरोसा करते हैं। रिपोर्ट जारी होने के बाद भूमिहारों और राजपूतों ने कहना शुरू कर दिया है कि भाजपा नेतृत्व ने सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए उनका शोषण किया। बदले में उन्हें वह लाभ नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में 215 विभिन्न सामाजिक समूहों - जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग - की आर्थिक स्थिति की विस्तृत जानकारी शामिल है। रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बिहार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 42प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के 33प्रतिशत और सामान्य जाति के 25प्रतिशत व्यक्ति गरीबी में जीवन जी रहे हैं।

शिक्षा के संबंध में, सरकार ने कहा कि केवल 7 प्रतिशत आबादी ने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, जबकि 22.67प्रतिशत ने कक्षा -5 तक अपनी शिक्षा पूरी की है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि 14.33प्रतिशत आबादी ने कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा प्राप्त की है, और 14.71प्रतिशत ने कक्षा 10 तक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। इसके अलावा, 9.19प्रतिशत आबादी ने कक्षा 12 तक अपनी शिक्षा पूरी कर ली है।

आरएसएस नेतृत्व इस रिपोर्ट के ओबीसी और दलितों पर पड़ने वाले राजनीतिक प्रभाव को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित है, जो पिछले कुछ समय से भाजपा और आरएसएस से दूर होने के संकेत दे रहे हैं।2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक छह महीने पहले हो रहा यह घटनाक्रम भाजपा की चुनावी संभावना को गंभीर नुकसान पहुंचायेगा। पिछले दस वर्षों के दौरान आरएसएस और विशेषकर मोदी ने आरएसएस की नीतियों का अनुसरण करते हुए हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में विभाजित कर दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि इसका उनके राजनीतिक भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

एक दशक तक चुनावी हाशिए पर रहने के बाद, विपक्षी दल अब भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी 'जितनी आबादी, उतना हक' के आकर्षक नारे के साथ बार-बार हाशिए पर रहने वाले समुदायों को उनकी आबादी के हिस्से के अनुसार उनको उचित अधिकार दिलाने के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व पर जोर देते रहे हैं। दूसरी ओर, आरएसएस और मोदी ने हिंदुओं के बीच एक विविध मतदाता आधार बनाने की कोशिश की है, जिसमें आदिवासियों और दलितों सहित प्रमुख और हाशिए पर रहने वाली दोनों जातियां शामिल हैं।

रिपोर्ट से पता चला है कि सामान्य वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत लोग प्रति माह केवल 6,000 रुपये कमाते हैं, जबकि 23प्रतिशत की मासिक आय 6,000 रुपये से 10,000 रुपये है। कम से कम 19प्रतिशत की आय 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच है; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 16प्रतिशत; और 9 प्रतिशत के पास 50,000 रुपये से अधिक की आय है। अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) में, 33प्रतिशत कामकाजी आबादी की मासिक आय 6,000 रुपये है; 6,000 रुपये से 10,000 रुपये के बीच 29प्रतिशत; 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच 18प्रतिशत; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 10प्रतिशत; और उनमें से 4प्रतिशत की आय 50,000 रुपये से अधिक है।

मुस्लिम-यादव राजनीति की अवधारणा को आगे बढ़ाने वाले राज्य में आम मुसलमानों की हालत काफी खस्ता है। मुस्लिम ऊंची जातियों में, जिनमें शेख, पठान और सैय्यद शामिल हैं, शेख जाति के 39,595 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी वास्तविक आबादी का 0.79प्रतिशत है। जहां तक पठानों का सवाल है, 10,517 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो कुल आबादी का 1.07प्रतिशत है। इस बीच, सैय्यद जाति के कम से कम 7,231 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी कुल आबादी का 2.42प्रतिशत है।

## विधानसभा चुनाव और ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की चर्चा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर है। इस बीच महादेव सट्टा ऐप की चर्चा इन दिनों सुर्खियों पर है। इस सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के सियासी घमासान को राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श के केन्द्र में खड़ा कर दिया है। इसी सट्टा ऐप के संचालकों में से एक की शादी समारोह में शिरकत को लेकर बॉलीवुड के कई नामी-गिरामी चेहरों तक को ईडी का समन जारी हो चुका है। भाजपा तो खुलकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि इसके जाल में प्रदेश कांग्रेस और उसके नेतृत्वकर्ता बुरी तरह फंसी हुई है। इसमें कथित संलिप्तता को लेकर छत्तीसगढ़ में कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी हकीकत क्या है? किसी को समझ नहीं आ रहा है।

मगर दिलचस्प यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सट्टा ऐप की चर्चाएं गांव-गांव तक जा पहुंची है। भ्रष्टाचार के कई कथित कई आरोपों के बीच कांग्रेस जिस तरह से भाजपा के साथ मुकाबला कर रही है, यह दिलचस्प है। महादेव सट्टा ऐप के संचालकों द्वारा भूपेश बघेल को कथित तौर पर 508 करोड़ रुपए देने के भुगतान की बात या आरोप में कितना दम है, यह कहना बेहद कठिन है। क्या यह मसला राज्य की चुनावी बिसात की फ़िजा बदल सकती है? बड़ा सवाल, जो हजम नहीं हो रहा है कि क्या भूपेश बघेल इतने अपरिपक्व खिलाड़ी हैं जो महादेव सट्टा ऐप संचालकों से सीधे तौर पर पैसा ले सकते हैं? क्या ऐप के संचालक या मालिक इसके पक्के सबूत ईडी को दे सकते हैं? यदि ईडी के पास ठोस सबूत है तो फिर ईडी इसे जांच का विषय क्यों बता रही है? क्या ईडी की जांच से सियासत प्रभावित होगी? क्या ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के आम जनमानस की राजनीतिक सोच में बदलाव ला सकती है? छत्तीसगढ़ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों भारी उठापटक और अफरा-तफरी का माहौल है।


डॉ. लखन चौधरी

छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं।

इधर केन्द्र सरकार ने ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव बेटिंग सट्टा ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह भी उठता है कि 28 फीसदी जीएसटी की आड़ में इस तरह के कारोबारों को अनुमति देना कितना उचित है? सरकार इस तरह के कार्यों को अनुमति ही क्यों देती है? इस तरह के धंधों पर प्रतिबंध लगाने में इतनी देरी क्यों की जाती है? इनके संचालक बेखौफ किस तरह दुनिया के दूसरे देशों से कारोबार चलाते हैं? और सरकारें इनका बाल भी बांका क्यों नहीं कर पाते हैं? इनके संचालकों को सरकार गिरफ्तार करके तत्काल भारत क्यों नहीं लाती है?

इस सट्टा ऐप के कुछेक संचालकों की भाजपा नेताओं के साथ साठगांठ की भी खबरें हैं। कई जानकारों का कहना है कि इससे भाजपा को फायदा के बजाय नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि भूपेश बघेल ने इसे अपनी छवि खराब के मुद्दे से जोड़कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हिन्दुत्ववादी संगठनों से जुड़े कई लोगों का मानना है कि उनके आराध्य महादेव से जोड़कर जिस तरह से गोरखधंधे का खेल चल रहा है, इसके बावजूद केन्द्र सरकार इनके संचालकों पर कार्रवाई करने में विलंब क्यों कर रही है? भाजपा सहित बहुत से सियासी जानकारों का मत है कि पिछली बार इसी तरह भूपेश बघेल को घेरने के लिए सीडी कांड जैसे मुद्दे को तूल दिया गया था, लेकिन उसका हश्र क्या हुआ? कहीं इस बार भी मामला उल्टा न पड़ जाए? लिहाजा राज्य के नेता इस मसले पर कम ही बोलते दिखते हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं। बहरहाल, यह देखना बेहद दिलचस्प हो सकता है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाता किस पर भरोसा करते हैं? या किसकी गारंटी पर अपना मोहर लगाते हैं? लेकिन यह तय है कि ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की बड़ी भूमिका होने के आसार कम ही लगते एवं दिखते हैं। कहा जाए कि छत्तीसगढ़ में इन मुद्दों पर भाजपा यानी विपक्ष द्वारा चुनाव लड़ा जरूर जा रहा है, लेकिन विधानसभा चुनाव में इनकी बड़ी निर्णायक भूमिका रहेगी, जिससे सत्ता और सियासत पलट सकती है; फिलहाल ऐसा लगता नहीं है।

### पावन प्रसंग

## धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक

महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन-तेरस धन्वन्तरि के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानव को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। भगवान ने प्रसन्न होकर जब धन्वन्तरि से कहा-तुम जो चाहो सो वर मांगो। तो उसने भगवान से एक ही प्रार्थना की प्रभो, न तो मुझे राज्य न स्वर्ग और न मुझे मोक्ष की भी कामना नहीं है। मेरी एक ही हार्दिक इच्छा है कि संसार के दु:खी, रोगी और पीड़ितजनों की पीड़ा दूर करूं। रामायण में प्रसंग है कि जब रणभूमि में लक्ष्मण जी शक्ति-प्रहार से मूर्छित हो जाते हैं तब हनुमान जी सुषेण वैद्य को लंका से उठाकर लाते हैं और उससे प्रार्थना करते हैं-हे वैद्यराज, वीर लक्ष्मण की पीड़ा दूर करो, इनकी चिकित्सा करो। सुषेण वैद्य कहता है- तुमने मुझ पर विश्वास कैसे किया? मैं शत्रु पक्ष का वैद्य हूं। मैं तुम्हारे रोगी का अहित भी कर सकता हूं। तब रामचन्द्र जी कहते हैं-वैद्य का कोई शत्रु-मित्र नहीं होता, वैद्य का एक ही धर्म है, रोगी की पीड़ा दूर करना। रोगी और वैद्य के बीच सिर्फ एक ही रिश्ता है-विश्वास का विश्वास के भरोसे रोगी वैद्यराज के हाथ में अपनी जीवन डोर सौंप देता है और वैद्य पूरे मनोयोग से उसकी जीवन-रक्षा करने का प्रयास करता है।

जैन आगम उपासकदशांगसूत्र- मैं भगवान महावीर का एक विशेषण आता है महाभिषग्वर -महावैद्य। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही हैं जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दु:ख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है।

वास्तव में वैद्य का आदर्श बहुत ऊंचा गुरु के समान माना गया है। क्योंकि उसके हाथ में मनुष्यों के प्राणों की रक्षा होती है। स्वार्थ, लोभ, पक्षपात, आलस्य और लापरवाही ये पांच महादोष हैं। जिस वैद्य में ये दोष होते हैं वह वैद्य आदर्श धर्म का पालन नहीं कर सकता। धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बांटो, दूसरों के दु:ख-दर्द - पीड़ा दूर करो। दूसरों की सेवा करना ही तुम्हारा धर्म है। सब जीवों की सुख-शान्ति चाहना ही तुम्हारी अर्न्तइच्छा हो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन तेरस की प्रेरणा है।

धनतेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चांदी, तांबे, स्टील के बर्तन खरीदकर धन तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दु:खियों के दु:ख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते + रस: तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन-तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दु:खी प्राणी का दु:ख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-संभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुंचाई तो समझ लो आपकी धन तेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई।

दीपावली के पंचपर्वों की आदि में पहला धन तेरस का पर्व आपको जीवन में परहित एवं परोपकार की प्रेरणा देता है।

**कांतिलाल मांडोत**

### आपके पत्र

## डिजिटल शिक्षा से नौनिहालों का भविष्य

भारत में विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है। तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे। मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया। ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं। इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है। आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं। भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी कि योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## पूर्वी सीरिया में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलों से हमला

**दोहा।** सीरिया के शहर दीर एज़्-ज़ूर के पूर्व में अल-उमर तेल क्षेत्र के पास एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रात भर में कम से कम 15 मिसाइलों से हमला किया गया है। इससे पहले दिन में अमेरिकी सैन्य जेट विमानों ने कथित तौर पर सीरियाई क्षेत्र पर हमले किए। हमलों में संभवत: शिया सशस्त्र समूहों को निशाना बनाया। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार 17 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच, विरोधी सैन्य समूहों ने सीरिया और इराक में अमेरिकी ठिकानों पर 38 बार हमला किया। हमलों में कुल 46 सैनिक घायल हुए।

# गजा पट्टी में संघर्ष विराम की मांग को लेकर न्यूयॉर्क में प्रदर्शन

■ फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के लगा रहे थे नारे




न्यूयॉर्क, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सैकड़ों प्रदर्शनकारी फिलिस्तीनी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग की। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि संरा के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था।

## गजा में बाहरी शासन का विरोध करता है जॉर्डन : सफादी



**अम्मान।** जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा है कि जॉर्डन भविष्य में गाजा पट्टी में बाहरी शासन के किसी भी विचार का विरोध करता है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि गाजा का भविष्य फिलिस्तीनियों को खुद तय करना चाहिए, लेकिन इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष की समाप्ति के बाद क्षेत्र के प्रशासन की संरचना अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। पेट्रा समाचार एजेंसी के हवाले से सफादी ने कहा कि जॉर्डन अरब या गैर-अरब बलों के माध्यम से युद्ध के बाद गाजा प्रशासन की किसी भी बात को खारिज करता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के अधिकारों की प्राप्ति और उनके स्वतंत्र राज्य के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए एक राजनीतिक समाधान और व्यापक तथा न्यायपूर्ण शांति की आवश्यकता है। उल्लेखनीय की हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल में घुसकर तथा रॉकेटों के जरिए हमला किया था, जिसमें 1400 लोग मारे गए थे । इसके बाद इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला करने शुरू कर दिया, जिसके कारण अब तक 10 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

## इजरायल, फिलिस्तीन को निपटान प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत : हिलेरी



ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोल रही थी हिलेरी

**मॉस्को,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और फिलिस्तीन को समझौता प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत है। सुश्री हिलेरी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कहा, आपको ऐसा माहौल बनाना होगा जिसमें शांति प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मौका हो। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि किसी भी प्रकार के शांति समझौते, विशेष रुप से इजरायल और फिलिस्तीनियों के नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि हमास इजरायल के विनाश में रुचि रखता है और इसलिए किसी भी संभावित सौदे का पक्ष नहीं हो सकता है, उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दो-राष्ट्रों के समाधान के लिए भागीदार हो सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अक्टूबर में इजरायल की सत्तारूढ़ पार्टी लिकुड के सदस्यों का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बढ़ने के बीच श्री नेतन्याहू सत्ता में नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। 27 अक्टूबर को, इज़रायल ने हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी घुसपैठ शुरू की।

## सुडोकू 6372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 10 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। पठन तथा लेखन की प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। विचारों की अधिकता के कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावुकता आपकी दृढ़ता को कमजोर बनाएगी।

कर्क - अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है।

सिंह - आपका दिन मिश्रितफल देनेवाला रहेगा। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। महत्वपूर्ण काम में मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। आप व्यापार-धंधे में सफल होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।।

तुला - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की संभावना है। आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आय से अधिक व्यय होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।।

मकर - बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कार्यों को नया स्वरूप देगी। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ बनाएंगे।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े विवाद से बचें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक माहौल दूषित रहेगा। वित्तीय तंगी का अनुभव होगा।

मीन - व्यापारियों को आगे बढ़ने के बहुत से अवसर मिलते रहेंगे। पार्टनरशिप के काम के लिए समय अच्छा है। कलाकार और साहित्यकार कुछ अच्छा रचने के काबिल रहेंगे। बड़े लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ दिवाली मनाई



■ मूल रूप से पंजाब से संबंध रखने वाले हैं सुनक

**लंदन,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने आधिकारिक आवास पर हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर प्रकाश पर्व मनाया।

सुनक के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज रात प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अंधकार पर प्रकाश की विजय के उत्सव दिवाली से पहले डाउनिंग स्ट्रीट में हिंदू समुदाय के मेहमानों का स्वागत किया। इस सप्ताह के अंत में पूरे ब्रिटेन और दुनिया भर में मना रहे सभी लोगों के लिए शुभ दिवाली!

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्यक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें सुनक को अपनी पत्नी के साथ पारंपरिक दीपक जलाते और बाद में मेहमानों का स्वागत करते और शुभकामनाएं देते दिखाया गया।

पिछले साल सुनक भारतीय मूल और हिंदू समुदाय के ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने एक ऐसा ब्रिटेन बनाने, जहां हमारे बच्चे और हमारे पोते-पोतियां अपने दीये जला सकें, इस काम में मैं जो कुछ भी कर सकता हूं करने का संकल्प लिया। मूल रूप से पंजाब से संबंध रखने वाले सुनक ने कहा है कि उनकी हिंदू आस्था बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तनाव के दौरान ताकत और लचीलापन देती है। इस साल सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं एक गौरवान्वित हिंदू हूं। इसी तरह मेरा पालन-पोषण हुआ, मैं ऐसा ही हूं।

## बाल यौन-संबंधी मामले में भारतीय मूल का गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एक बड़े गुप्त अभियान में बाल यौन संबंधित मामले में 56 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### NECC

| 10.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.40 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |


डिलीवरी 555 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## वर्ग पहेली 6372



**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक ही समय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6371

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्य | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**देश के विकास में कांग्रेस की ...**

सरकार ने छत्तीसगढ़वासियों को ठगने का काम किया है। भाजपा की सच्चाई जनता जानती है और एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में प्रचंड मतों से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। आम सभा में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रभारी कु. शैलजा, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, कटघोरा विधानसभा प्रत्याशी पुरूषोत्तम कंवर सहित कांग्रेस के अन्य उम्मीदवार, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**सिद्धार्थनाथ सिंह माफी मांगे...**

उन्हें 508 करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं। प्रेस रिलीज़ में ईडी ने उसी गिरफ़्तार व्यक्ति के कथित बयान के हवाले से कहा कि यह पैसे महादेव ऐप के मैनेजर शुभम सोनी नाम के व्यक्ति के ज़रिए पहुंचे हैं। इसके दो दिन बाद मीडिया में एक वीडियो अवतरित हुआ। इस वीडियो में शुभम सोनी नाम का व्यक्ति यह कहता है कि उसे किसी 'वर्मा जी' ने मुख्यमंत्री से मिलवाया। वह इस 'वर्मा जी'का नाम बार बार लेता है। वह दावा करता है कि वह खुद महादेव ऐप का मालिक है और अब तक जिस रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर को ईडी महादेव ऐप का मालिक बता रही थी वे उसके नौकर हैं।भाजपा ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने में ज़रा भी देर नहीं की।

विनोद वर्मा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पत्रकार वार्ता लेकर इस वीडियो पर टिप्पणियां कीं। उन्होंने यह कह दिया कि शुभम सोनी ने जिस 'वर्मा जी' का नाम बार बार लिया वह और कोई नहीं बल्कि विनोद वर्मा है यानी मैं। आखिर भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश प्रवक्ता किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंचे कि वह वर्मा जी और कोई नहीं विनोद वर्मा है? मैं न किसी शुभम सोनी को जानता हूं और न कभी उससे मिला हूं। मेरा नाम जान-बूझकर व अवैधानिक ढंग से लिया गया है। यह मुझे बदनाम करने की सोच समझकर चली गई एक कुत्सित राजनीतिक चाल है। 8 नवंबर को मेरे वकील की ओर से सिद्धार्थनाथ सिंह, केदार गुप्ता और अनुराग अग्रवाल को नोटिस भेज दी गई है। अगर वे अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त नहीं करते और अपना बयान वापस नहीं लेते हैं तो मैं इन तीनों भाजपा प्रवक्ताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाऊंगा।

**कांग्रेस को वोट दे...**

को 2 साल का बोनस 21 सौ रुपये में धान खरीदने का वादा से मुकर गए चुनाव के समय घर घर 3 -4 राशन कार्ड बनाया चुनाव खत्म होते ही सर्वे के नाम पर राशन कार्ड कटवाया भाजपा ने सिर्फ ठगने का काम किया है आदिवासी किसान महिला युवा को ठगा आदिवासियों को नौकरी मोदी जी ने 15 लाख रुपये देने की बात की हर साल 2करोड़ नौकरी किसानों की आय दुगुनी करने की बात कही थी जनधन खाता खुलवाया 1-2 -5 -10 साल बीत गए 15 लाख रुपये किसी के खाता में नहीं आया मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से पूछा कि किसी के खाते में 15 लाख रुपये आया क्या भीड़ से आवाज आई नहीं आया गृह मंत्री अमित शाह कहते है कि वह तो चुनावी जुमला था 08 नवम्बर को नोटबंदी5सौ एक हजार रुपये के नोट बंद कर दिया लेकिन काला धन वापस नहीं आया कोरोना महामारी में हमने विकास का काम रुकने नहीं दिया तेंदूपत्ता महुआ चार इमली की खरीदी की रोजगार गारंटी योजना के तहत काम किया भाजपाएम पी में कांग्रेस की सरकार गिरा कर भाजपा की सरकार बनाने में मस्त थे देश में लोग कोरोना से मर रहे थे मोदी जी दिया मोमबत्ती जलाने थाली ताली बजाने को कह रहे थे कोरोना भागा क्या भीड़ से आवाज आई नहीं कांग्रेस की सरकार जो वादा करती है उसकी गारंटी होती है भाजपा की कोई गारंटी नहीं होती मोदी की नहीं न रमन सिंह की कोई गारंटी मोदी जी झूठ बोल कर प्रधानमंत्री बन गएये लोग लबरा झुका है किसान सम्मान निधि का पैसा वापस मांग रहे हैं किसानों को नोटिस भेजा जा रहा है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले चुनावी वादे को याद दिलाया राहुल गांधी ने किसानों का कर्ज माफी का वादा किया था आप लोगों ने68 सीट जिताया शपथ ग्रहण क2 घंटे बाद केबिनेट की पहली बैठक में 19 लाख किसानों का साढ़े नव हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया जिन किसानों ने धान बेच लिए थे उनके खाते में 12 सौ करोड़ रुपये वापस जमा किया गया।

मोदी जी ने फरमान जारी किया कि छ ग की सरकार समर्थन मुल्य से अधिक में धान की खरीदी की तो चाँवल नहीं लेंगें हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को 9 से 10 हजार रुपये दे रहे हैं हमने25 सौ रुपये में धान खरीदी का वादा किया था लेकिन 2640 -2660रुपये में धान की खरीदी की वादा से ज्यादा 32 सौ रुपये में हमने धान खरीदी का वादा किया है 36 सौ रुपये होगा लेकिन32 सौ रुपये पूरे पांच साल तक रहेगा भूपेश बघेल ने कहा कि मैं किसान हूँ किसान की तख़लीफ़ को समझता हूँ मोदी जी रोक हटा लें हम किसानों को 2 साल का बोनस देंगे मैंने इस बारे मेंप्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है भाजपा के 15 साल तक लुटने का काम किया है म प्र में 18 साल से सरकार है वहाँ की हालात किसी से छुपी नहीं है 35 किलो चाँवल को 7 किलो कर दिया इनका कोई भरोसा नहीं है हमने ए पी एल बी पी एल सभी का राशन कार्ड बनाया और35 किलो चाँवल दे रहे हैं महिला स्व सहायता समूह का कर्जा माफ गैस सिलेंडर की बात करते हुए कहा कि महिला पुरूष सभी को 5 सौ रुपये का लाभ होगा उज्जवला योजना के तहत 107 रुपये में गैस मिलेगा भाजपा ने बिजली बिल माफ नहीं किया कांग्रेस ने 200 यूनिट तक फ्री बिजली देगी छ ग में 49 लाख घरेलू उपभोक्ता है 42 लाख परिवार का बिजली बिल नहीं आएगा 200 यूनिट बिजली फ्री का लाभ होगा भूपेश बघेल ने कहा कि भूमि हीन मजदूरों को सालाना10हजार रुपए मिलेगा तेंदूपत्ता मजदूरों को 6 हजार रुपये प्रति मानक बोरा साथ ही4 हजार रुपए बोनस प्रदेश में साढ़े छह हजार हाई हायर सेकंडरी स्कूलो कोआत्मानन्द स्कूलों में उन्नयन इन्हें5 सालों में शानदार स्कूल बनायेंगे छ ग देश का पहला राज्य जहाँ कॉलेज में पढ़ाई करने वालो को फ्री बस सेवा मेडिकल इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई सभी के लिए फ्री इससे शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा स्वास्थ्य के बारे में कहा कि खूबचंद बघेल योजना के तहत 10 लाख रुपये तक व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक फ्री में इलाज दुर्घटना होने पर भी इलाज की सुविधा अंत्येष्टि के लिए लकड़ी फ्री मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डी ए देंगे ओल्ड पेंशन योजना लागू किया है अंत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नन्द सामान्य परिवार की है ये लड़ाई आपको लड़ना है एवं कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द को विजयी बनाना है सभा का संचालन पार्षद हरदीप सिंह रैना ने किया सभा को चातुरी नन्द मंत्री मोहन मरकाम बसना जनपद अध्यक्ष रूखमणी पटेल जगदीश वर्मा महेन्द्र बाघ राम नारायण आदित्य ने भी संबोधित किया मंच पर राजपरिवार के वरुणेंद्र बहादुर सिंह यशवेंद्र बहादुर सिंह आदित्येन्द्र बहादुर सिंह मंडी अध्यक्ष सीता पटेल नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल।

**भीड़ से सरायपाली को जिला बनाने की मांग उठी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने 6 जिला 100 तहसील बनाया है इन्हें अपडेट करने दीजिए कार्यालय भवन कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा आदि पूरी होने दे फिर सरायपाली को जिला बनाएंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कहने के बाद काम होना चाहिए मैं रमन सिंह जैसा लबरा नहीं हूँ जो कहता हूँ उसे पूरा करता हूँ।

**कांग्रेस से बड़ी भ्रष्ट सरकार...**

का पूरा खर्चा बीजेपी उठाएगी। गैस का दाम 500 रुपए करेंगे। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने हजारों करोड़ का घोटाला किया है। उनको उल्टा लटका के सीधा करेंगे। रामलला के दर्शन चंद्रपुर वालों को करना है तो बीजेपी की सरकार बनाओ। भाजपा सबको श्रीराम भगवान के दर्शन कराएगी। हमारी सरकार आएगी तो चंद्रपुर में सिकलसेल सेंटर बनाएंगे। कश्मीर को लेकर शाह ने कहा, धारा 370 को कांग्रेस हटा नहीं रही थी, हमने धारा 370 हटाया। उन्होंने सभा में चंद्रपुर प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव को जीताने की अपील की।

**केसकाल के राजेश उईके को ...**

1997 बैच के आईएफएस के अधिकारी है, जो वहाँ 2019 से भारत के राजदूत है। राजेश उईके इसके पहले मॉस्को, ब्लैडिवोस्टक, बांग्लादेश और वियतनाम में भी भारतीय राजनयिक के रूप में अपनी सेवा दे चुके है। उनकी पत्नी श्रीमति जीना उईका भी आईएफएस के अधिकारी है जो वर्तमान में मॉस्को, रुस में भारत के उपराजदूत के पद पर कार्यरत है, राकेश ऊइके की कामयाबी पर केशकाल क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

**भाजपा-कांग्रेस पर बरसीं ...**

के 33 प्रतिशत आरक्षण में भी एसटी-एससी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। छग में भी दलित आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है।

आगे मायावती ने कहा, आदिवासियों को जबरन नक्सली बताकर शोषण किया जा रहा है। दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय की भी हालत ठीक नहीं है। अपर क्लास गरीबों की हालत भी दयनीय बनी हुई है। केंद्र के भाजपा सरकार के नीतियों के कारण किसानों की स्थिति खराब है। गलत नीतियों के कारण देश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। देश में गिने चुने धन्नासेठों का केवल विकास हो रहा है। देश में हर स्तर पर भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। छग में भी बड़ा भ्रष्टाचार है। कांग्रेस भाजपा दोनों दलों ने छग के लिए कुछ नहीं किया।

## आज का इतिहास

1483- ईसाई धर्म में एक नयी धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म हुआ।
1766- न्यू जर्सी के अंतिम रॉयल गवर्नर विलियम फ्रैंकलिन ने क्वीन्स कॉलेज की स्थापना के लिए चार्टर पर हस्ताक्षर किए, जिसे अब रटगर्स विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
1785: हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1793- फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
1885: गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
1908 - कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आज़ादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी।
1909- अमेरिकी संगीतकार और गीतकार जॉनी मार्क्स का जन्म हुआ।
1920- भारतीय मज़दूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ।
1940- रोमानिया के बुखारेस्ट में 7.7 तीव्रता के भूकंप में 1000 से अधिक लोग मारे गये तथा करीब चार हजार लोग घायल हुए।
1950- अमेरिकी लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
1951- अमेरिका में पहली बार कोस्ट-टू-कोस्ट डायरेक्ट डायलिंग टेलीफोन सेवा शुरू की गयी।
1970- चीन की महान दीवार को पर्यटन के लिए खोला गया।
1975 - उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी नाव एसएस एडमंड फिट्जगेराल्ड के सुपीरियर लेक में डूब जाने से 29 लोगों की मौत हो गयी।
1982- सोवियत संघ पर 20 वर्ष तक शासन करने वाले नेता लियोनिड ब्रेजनेव की मौत हुई।
1983 - बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 सार्वजनिक रूप से पेश किया।
1986- बंगलादेश में संविधान फिर लागू किया गया।
1989- जर्मनी में बर्लिन की दीवार को गिराने का कार्य शुरू हुआ।
1990 - चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने।

## दुनिया को जानें

### साल 2022 में चीन के पेटेंट आवेदन दुनिया में पहले स्थान पर

**बीजिंग,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ने हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट प्रकाशित की। इससे पता चलता है कि साल 2022 में चीन में पेटेंट आवेदनों की संख्या सबसे अधिक थी, जो लगभग 16 लाख तक पहुंच गई। आंकड़े बताते हैं कि चीन के पास वर्तमान में दुनिया भर में सबसे अधिक वैध आविष्कार पेटेंट हैं - लगभग 45 लाख 68 हज़ार। इसके अलावा, चीन 2023 वैश्विक नवाचार सूचकांक में 12वें स्थान पर है, जिसमें 6 संकेतक वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। 8 नवंबर को पेइचिंग में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने कहा कि चीन बौद्धिक संपदा अधिकारों की गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाना जारी रखेगा, और पूरे समाज की नवीन क्षमता का लाभ उठाते हुए बौद्धिक संपदा संरक्षण वातावरण में भी सुधार करेगा। इसके साथ ही, चीन अन्य देशों के साथ आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने, सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक बौद्धिक संपदा प्रशासन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तैयार है।

# खेल जगत

## मैक्सवेल की पारी याद कर टूर्नामेंट में आगे बढ़ती रहें ऑस्ट्रेलियाई टीम : रिकी पोंटिंग



**पुणे,** 9 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी से भरपूर विश्वास ले और इसे अपनी छठी जीत के लिए एक प्रेरणादायक क्षण के रूप में उपयोग करे। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की मैच जिताऊ अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। आईसीसी ने पोंटिंग के हवाले से कहा, उनके पास बड़े क्षणों को जीतने में सक्षम होने की क्षमता है और आज एक बड़ा क्षण था क्योंकि वे अब विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और उम्मीद है कि वे आगे और ऊपर जाएंगे।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की जिंदा रखी उम्मीद

**बेंगलुरु** 9 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने आज शानदार गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे 45 रन, रचिन रविंद्र 42 और डैरिल मिचेल 43 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत श्रीलंका को आईसीसी विश्वकप के 41वें मुकाबले में पांच विकेट से हराते हुए अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखा है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को डेवन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के 86 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में डेवन कॉन्वे 45 रन को चमीरा ने धनंजय के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद 14वें ओवर में रचिन रविंद्र 42 रन को थीक्षणा की गेंद पर धनंजय ने लपक लिया। 19वें ओवर में कप्तान केन विलियमसन 14 रन को मैथ्यूज ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। चौथे विकेट के रूप में मार्क चैपमैन सात रन पर रन आउट हुए। 23वें ओवर में डैरिल मिचेल 43 के रूप में न्यूजीलैंड का पांचवां विकेट गिरा। उन्हें मैथ्यूज ने असलंका के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फ़िलिप्स 17 रन और टॉम लेथम दो रन नाबाद रहते हुए 23.2 ओवर में 172 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से एंजलो मैथ्यूज ने दो विकेट लिये। महीश थीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले एम चिन्?नास्?वामी स्?टेडियम में आज न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम ने बेहद खराब शुरुआत की है। तीन रन पर टिम साउदी ने पथुम निसांका दो रन को विकेटकीपर डेवोन कॉन्वे के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 30 रन पर श्रीलंका का दूसरा विकेट कुसल मेंडिस छह रन के रूप में गिरा। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच कराया। सदीरा समरविक्रमा एक रन बनाकर आउट हुए उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। इसके बाद चरिथ असालंका आठ रन बनाकर आउट हुए। कुसल परेरा 28 गेंदों में 51 रन को फ़र्ग्युसन की गेंद पर सैटनर ने कैच आउट किया। एंजेलो मैथ्यूज 27 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटरन ने उन्हें डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। चमिका करुणारत्ने 17 गेंद में छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। लॉकी फर्ग्यूसन ने उन्हें टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। दुष्मंता चमीरा 20 गेंद में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। रचिन रवींद्र ने उन्हें ट्रेंट बोल्ट के हाथों कैच कराया। 128 के स्कोर पर नौ विकेट गिरने के बाद महीश थीक्षणा नाबाद 38 रन और दिलशान मदुशंका 19 रन ने दसवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 171 तक पहुंचा। मदुशंका को रविंद्र ने लेथम के हाथों कैच आउट कराकर 47 ओवर में श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। लॉकी फ़र्ग्युसन, मिशेल सैंटनर और रचिन रविंद्र को दो-दो विकेट मिले। जबकि टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



### बोल्ट 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बने

**बेंगलुरु।** ट्रेंट बोल्ट गुरुवार को एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बन गए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस के विकेट के साथ बोल्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर यह उपलब्धि हासिल की। वह मौजूदा साथी टिम साउदी और पूर्व कप्तान डेनियल वेटोरी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बन गए। 34 साल के बोल्ट ने अब तक सिर्फ 315 पारियों में 25.73 की शानदार औसत से 601 विकेट लिए हैं। इससे पहले मैच में बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज भी बने। बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 या अधिक विकेट लेने वाले तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, जो 59 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं और पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम का नाम शामिल है।

### कुसल परेरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया सबसे तेज अर्धशतक

कुसल परेरा ने गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। कुसल परेरा ने 22 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और विश्व कप इतिहास में किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी बनाया। 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एंजेलो मैथ्यूज की 20 गेंदों में अर्धशतकीय पारी किसी श्रीलंकाई द्वारा सबसे तेज है। दिनेश चांडीमल 22 गेंदों में विश्व कप अर्धशतक बनाने वाले दूसरे श्रीलंकाई हैं। परेरा से पहले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और श्रीलंका के कुसल मेंडिस के नाम मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड था। उन्होंने क्रमश: न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्द्धशतक बनाए। हालांकि, परेरा को लॉकी फर्ग्यूसन ने 28 गेंदों में 51 रन बनाने के बाद आउट कर दिया।

## मैक्सवेल की शानदार पारी पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, यह हर किसी के लिए भावनात्मक उतार-चढ़ाव वाला समय

**पुणे,** 9 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने स्वीकार किया कि वह अफगानिस्तान पर तीन विकेट से मिली जीत के दौरान टीम के नेट रन रेट पर ग्लेन मैक्सवेल के प्रभाव के बारे में सोच रहे थे और उन्होंने कहा कि 201 रन की आश्चर्यजनक नॉटआउट पारी देखना उनके लिए यादगार था। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया।

वह पुरुष एकदिवसीय मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज और ऑस्ट्रेलिया के पहले पुरुष बल्लेबाज बन गए जिन्होंने इस प्रारूप में दोहरा शतक बनाया। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। मैकडोनाल्ड्स ने कहा, बातचीत में से एक थी, नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, और फिर जैसे-जैसे हर रन आगे बढ़ता गया और ग्लेन ने कुछ अद्भुत शॉट खेलना शुरू कर दिया, आप नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, के बीच उतार-चढ़ाव की तरह बहने लगे। बस जो हो रहा था उसकी सराहना करना। एसईएन रेडियो पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, पारी की रचनात्मक प्रतिभा देखने लायक थी। मुझे खुशी है कि मैं कह सका कि मैं उस रात वहाँ था। उसकी पिंडली, हैमस्ट्रिंग, क्वाड्स, पेट, हर जगह ऐंठन हो रही थी। अफगानिस्तान पर तीन विकेट की जीत का मतलब यह भी है कि ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दिन के दौरान परिस्थितियाँ बहुत गर्म थीं, उस धूप में क्षेत्ररक्षण करने से आपको बहुत परेशानी होती है और उन्होंने नौ या दस ओवर भी फेंके। आप यह सब एक साथ रखते हैं और एक रात के सत्र में दुर्भाग्य से एक बार जब आपको ऐंठन शुरू हो जाती है तो उससे छुटकारा पाना और उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है।

इसने उसे लगभग पूरी तरह से पटरी से उतार दिया जैसा कि आपने देखा जब वह जमीन पर लेटा हुआ था, ऐसा लग रहा था कि एडम ज़म्पा को उसकी जगह लेनी होगी। रास्ता खोजने की क्षमता, कुछ समय तक विकेटों के बीच न दौड़ना, शांत खड़े रहना और शॉट खेलना जो उसने किया वह पहले से ही शानदार पारी में एक और परत जोड़ता है। पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शनिवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने पर लीग चरण में जीत के साथ समापन करने की उम्मीद करेगा।

## इंग्लैंड ने चीजों को सही करने की प्रतिबद्धता और इच्छा दिखाई है : बटलर

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड 2023 विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है, लेकिन कप्तान जोस बटलर ने कहा कि उनकी टीम ने नीदरलैंड्स को 160 रन से हराकर खुद को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता और इच्छा दिखाई है। बुधवार को इंग्लैंड ने नीदरलैंड्स पर बड़ी जीत के साथ पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। इस प्रक्रिया में इंग्लैंड अंक तालिका में सबसे नीचे से ऊपर आने में कामयाब रहा और अब चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है। मुझे लगा कि हर कोई निराश था, लेकिन सभी खिलाड़ी डटे रहे, हर कोई वास्तव में कड़ी मेहनत करता रहा। मुझे लगता है कि हम बस वहीं टिके रहे और खुद पर भरोसा किया। वही संदेश देने की कोशिश करते रहें और जिस शैली में हम खेलना चाहते हैं। इंग्लैंड का अंतिम विश्व कप मैच 11 नवंबर को कोलकाता में पाकिस्तान के खिलाफ है। बटलर इसे 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मैच के रूप में देखते हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ा मैच है। हमने इस पूरी यात्रा में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम चाहते थे, और हम उचित प्रदर्शन करके भारत से प्रस्थान करना चाहेंगे। इसलिए, यह हमारे लिए बहुत बड़ा मैच है। बटलर विश्व कप में आग लगाने में असमर्थ रहे हैं, आठ पारियों में केवल 13.87 की औसत से 111 रन बनाने में सफल रहे और उन्होंने अपने प्रदर्शन से निराश होने की बात स्वीकार की।

### सुडोकू 6372 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |









प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

**पति ने पत्नी से कहा:** मेरा फोन आये तो कहना में घर पर नहीं हूँ।
अचानक फोन की घंटी बजी
**पत्नी ने फोन उठाकर कहा:** वो अभी घर पर हैं।
**पत्नी के फोन रखते ही पति खीजते हुए बोला:** तुमसे मना किया था फिर भी क्यों बताया कि मैं घर पर हूँ?
**पत्नी बोली:** आपने अपने फोन के लिए मना किया था, वह फोन तो मेरे लिए आया था।

**संपादकीय**

## एटीएम में पर्याप्त नगदी रहे

त्यौहारों का सीज़न चल रहा है और शुक्रवार से साल भर के सबसे बड़े त्यौहार दीवाली का आगाज़ हो रहा है जिस दिन पर खरीदी करना शुभ माना जाता है। चाहे लोगों के पास कितनी भी आर्थिक अड़चनें हों, वे राशि की उपलब्धता तथा ज़रूरत के मुताबिक इस मौके पर खरीदारी करते ही हैं। पहले दिन यानी धनतेरस से ही कपड़े-लत्तों से लेकर गहने आदि की जमकर खरीदी होती है। जमीन-मकान, वाहन आदि खरीदने के लिये तो चेक का इस्तेमाल होता है परन्तु कपड़े, जूते, बर्तन, सजावट आदि जैसा सामान खरीदने के लिये नगदी ही अधिक सुविधाजनक होती है। त्यौहारों पर खरीदारी करने के लिये लोगों के सामने इन दिनों नगदी की समस्या है क्योंकि शहरों में विभिन्न बैंकों के एटीएम बड़े पैमाने पर खाली पड़े हैं। इनमें नगदी ही खत्म होने की शिकायतें मिल रही हैं।

वैसे भी अब पैसों की ज्यादातर निकासी लोग डेबिट कार्ड से ही करने लगे हैं। पहले की तरह चेक के जरिये राशि निकालने का चलन खत्म हो रहा है। इससे बैंकों के भीतर भीड़ तो समाप्त हो ही गई है, अब लोगों को घंटों बैंकों में बैठना नहीं पड़ता। बैंकों में फॉर्म भरकर और लाईन लगाकर पैसे निकालने की जरूरत नहीं रह गई है। लगभग सभी खाताधारकों को डेबिट कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। इससे वे कहीं भी और मनचाहे समय पर कैश निकालते हैं।

आलम यह है कि अब लोगों को किसी भी तरह की खरीदारी या किसी काम के लिये पैसे चाहिये होते हैं तो वे सीधे घरों से निकलकर राशि निकालते हैं और वह खरीदारी का काम करते हैं। ऐसे में यदि दूकानों के पास या खरीदारी करने के बाद मशीनें खराब पाई जाती हैं अथवा नकदी न हो तो जनसामान्य की दिक्कतों की कल्पना की जा सकती है।

त्यौहारों पर वैसे भी लोगों की नकदी की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा होती है क्योंकि वहां की जनसंख्या तो अधिक होती ही है, साथ ही उनमें खरीदारी भी बड़े पैमाने पर होती है। विभिन्न तरह के बाजार अनेकानेक तरह की उपभोक्ता वस्तुओं से पट जाते हैं। साथ ही मनोरंजन के लिये उपलब्ध साधनों का जमकर उपयोग होता है। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों में यह समस्या अक्सर देखी जाती है कि कोई भी बड़ा त्यौहार हो, नकदी की कमी हो जाती है। मशीनों में नोट डालने का अंतराल इतना अधिक होता है कि जब तक दूसरी खेप आती है पहले के डाले नोट कभी के खत्म हो चुके होते हैं। बैंकों को चाहिये कि त्यौहारों के वक्त इस पर विशेष ध्यान दें। मशीनें खराब न हों और उनमें पर्याप्त नकदी भी होनी चाहिये ताकि जनता को इस सम्बन्ध में कोई समस्या न हो।

# होटल और मिठाई दुकानों में छापामार कार्रवाई

## अमानक खाद्य पदार्थ तुरंत नष्ट कराए गए, 13 दुकानों को नोटिस, 45 नमूने जांच के लिए लिए गए



**दंतेवाड़ा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिली जानकारी अनुसार आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर द्वारा आदेश के तहत मुख्यालय सहित सभी ब्लॉकों के होटलों, मिष्ठान एवं किराना दुकानों का खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गहन निरीक्षण एवं दबिश देकर कार्यवाही की गयी। साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

इस दौरान जिले अंतर्गत समस्त मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत: उल्लेख करने सभी को निर्देश दिया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दन्तेवाड़ा. बचेली, किरन्दुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाईयां, पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 45 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया गया और जो भी खाद्य पदार्थ अमानक एवं उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट किया गया। साथ ही संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई कि गलती दुबारा पाये जाने पर लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। इस मौके पर 3 व्यापारियों को खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि उल्लेख ना करने पर तत्काल नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**खुले में बिकने वाली मिठाई और खाद्य सामग्री से बचने की अपील**

ज्ञात हो कि इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 13 नोटिस जारी किया गया। इनमें नमूना परीक्षण हेतु पूनम होटल किरंदुल से छेना टोस्ट, शिवम होटल किरंदुल से रसगुल्ला, जे.एम.डी. स्वीट्स से पेड़ा, राजस्थान बीकानेर से मलाई पेड़ा, बाबा होटल से खोवा, लखन होटल से बर्फी, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन से बर्फी, राजस्थान स्वीट्स से बेसन लड्डू देवभोग स्वीट्स, गुप्ता स्वीट्स, अम्बे बीकानेर से लड्डू कलाकंद बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली जैसी मिठाईयों का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला दंतेवाड़ा सुस्मित देवांगन, नमूना सहायक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## राहुल साहू को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने राहुल साहू को अभियांत्रिकी (कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी) विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वे ईश्वर लाल साहू व सरोजनी साहू के सुपुत्र है। उन्होंने डॉ. धर्मेन्द्र खोखर के शोध निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके शोध कार्य सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. एस. पटेल, डॉ. आर. आर. सक्सेना, डॉ. रवींद्र सोनी एवं विभागाध्यक्ष, कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर रहे। पीएचडी अध्ययन में इनका शोध विषय च्महुआ (मधुका इंडिका) के फूलों पर कुछ फसलोत्तर अध्ययनज्था। वर्तमान में राहुल साहू कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर में विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियांत्रिकी) के पद पर कार्यरत है।

## 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त गारंटी से छत्तीसगढ़ के 50 लाख परिवार होंगे सीधे लाभान्वित : दीपक बैज



**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के सिद्धांत पर काम किया है। कांग्रेस ने हमेशा ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे छत्तीसगढ़ की आम जनता आर्थिक और सामाजिक रूप से पहले से ज्यादा मजबूत हो सके, आम जनता को सीधे फायदा पहुंचाने और उनके हितों के लिए लगातार लोक कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र और गारंटियों में किसान गरीब मजदूर आदिवासी युवा, महिला, हर वर्ग के न्याय के लिए घोषणाएं की है। हमारे द्वारा 200 यूनिट तक बिजली मुक्त करने की घोषणा की गई है, जिसका सीधा फायदा छत्तीसगढ़ के 50 लाख परिवारों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ में 49 लाख 63 हजार बिजली उपभोक्ता है, जिसमें से 42 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली खपत 200 यूनिट से कम है, उनके लिए बिजली पूरी तरह मुक्त हो जाएगी। इसके अलावा अन्य लगभग 8 लाख उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उन्हें 200 यूनिट के बाद के अतिरिक्त यूनिट का ही भुगतान करना पड़ेगा। इसका सीधा अर्थ यह है कि छत्तीसगढ़ के 50 लाख बिजली उपभोक्ता को 200 यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के घोषणा पत्र में भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ का वादा किया, और हमने यह वादा पूरी तरह निभाया, जिसका सीधा फायदा छत्तीसगढ़ की आम जनता को मिला। छत्तीसगढ़ के 44 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 4000 करोड़ का सीधा फायदा बिजली बिल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शहीद नंदकुमार पटेल कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए हुए शहीद : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। स्वर्गीय नंदकुमार पटेल जयंती के अवसर पर राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के प्रारंभ में शहीद नंदकुमार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल ने कांग्रेस पार्टी के मजबूत आधार स्तंभ थे जिन्होंने मृत प्राय: संगठन को संजीवनी थी लेकिन विडंबना यह थी कि कांग्रेस पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाने के लिए उन्हें अपने प्राणों आहुति देनी पड़ी। श्री मौर्य ने आगे कहा कि शहीद पटेल जमीनी स्तर के नेता थे जोकि छोटे बड़े सभी का सम्मान करते थे और उनके कार्यकाल में भाजपा की चुल्हें हिला दिया था। बशर्ते 2013 में सरकार नहीं बना किंतु कांग्रेस 2008 में 1 सीट में मिली तो 2013 में 8 सीटें में जीत सकते मिली। श्री मौर्य ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा में 2023 में प्रचंड बहुमत से सरकार बन रही है और शहीद नंदकुमार पटेल की जयंती पर हमें शपथ लेना है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रण प्राण से जुट जाएं। इस श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी गौरनाथ नाग, आईटी सेल प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही, लीगल सेल अध्यक्ष अवधेश झा, युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव तुलाराम कश्यप ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें अपना आदर्श बताया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी गागरा राम, श्री जीराम, अल्ताफ हुसैन, सुभाष गुलाटी, असीम सुता, कमलसाय कश्यप, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लालबाग मैदान में लगेंगे 46 फटाका दुकान



**नगर निगम को मिला 5 लाख 6 हजार रुपए का राजस्व**

**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भाँति इस वर्ष भी दिपावली पर्व 2023 हेतु अस्थायी फुटकर व्यवसायियों से फटाका दुकान लालबाग मैदान में शौचालय के पिछे (सनसीटी गेट) की ओर स्थल पर लगाये जाने के लिए 46 अस्थायी प्लाट आवंटित किया गया। 9 नवंबर को दोपहर तक फटाका व्यवसायों से जीवित फटाका लाईसेंस आधार कार्ड की मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ ?11000 प्रति दुकान शुल्क जमा कर फटाका व्यापारी आबंटन प्रक्रिया में शामिल हुए। फटाका दुकानदारों को दुकान लाटरी पद्धति से आवंटित किया गया। नगर निगम की राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ने बताया कि 46 दुकानदारों से नगर निगम को 5 लाख 6 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि आमने-सामने दो कतार में 23ङ्क23 दुकान होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक दो दुकान के बीच में रिक्त स्थान रखा गया है। दुकान के लिए जगह आवंटित होने के साथ ही दुकानदारों ने अपने-अपने दुकान लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। दुकानों में विद्युत व्यवस्था के लिए नगर निगम द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान कर दिया गया है।

**दुकान लगाने के लिए कम समय मिलने पर दुकानदारों में दिखे नाराजगी:** नगर निगम द्वारा फटाका दुकान आवंटन के लिए शर्ट के अनुसार व्यवसायियों का नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय जगदलपुर के जीवित फटाका लाईसेंस सूची में अंकित होने पर ही भाग ले सकेंगे। व्यापारियों को लाइसेंस गुरुवार को ही प्राप्त हुआ। इसके चलते ही नगर निगम द्वारा दुकान आवंटित करने में विलंब हुई। विदित हो की पूर्व में दुकानदारों को लगभग 5 दिन का समय व्यवसाय के लिए मिलता था, लेकिन इस वर्ष केवल तीन दिन ही व्यवसायियों को मिल पाएगा।

# बीमा कंपनी करेगी 4 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान और भरेगी 10 हजार रुपये का जुर्माना

**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में दि ओरिएंटल इंश्योरेंस बीमा कंपनी को 4 लाख रु की क्षतिपूर्ति और 10 हज़ार रु का जुर्माना आवेदक को प्रदान किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि कोंडागांव निवासी मोहम्मद इब्राहिम ने दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से स्वयं की वाहन का बीमा करवाया था। आवेदक की उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसके द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षतिपूर्ति हेतु दावा पेश किया गया था किन्तु बीमा कंपनी द्वारा वैध परमिट न होने का अवलंबन लेते हुए आवेदक का दावा निरस्त कर दिया गया था, जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि बीमा कंपनी परमिट न होने का अवलंबन लेकर क्षतिपूर्ति दावे को निरस्त नहीं कर सकती है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अब हर चौक-चौराहे पर अपने उम्मीदवार को बना रहे विधायक




- मतदान खत्म होने के बाद आंकड़ों के विश्लेषण का दौर
- 69.88 फीसदी मतदान ने कांग्रेस-भाजपा दोनों को चौकाया
- दोनों दलों के पारम्परिक वोटों पर आप की चली झाड़ू

**दंतेवाड़ा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा में मतदान खत्म होने के बाद लगातार कयासबाजी का दौर जारी है। मतगणना में अभी 26 दिन का समय बाकी है, ऐसे में न केवल राजनीतिक दल बल्कि जन सामान्य भी विश्लेषण में लगे हुए हैं और हर चौक-चौराहे पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार के जीत के दावे कर रहे हैं।

2018 की विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार 10 प्रतिशत अधिक मत पड़े। 69.88 प्रतिशत मतदान ने सबको चौका दिया है। यह बढ़ा हुआ वोट किसको मिला, इसी पर सब बहस कर रहे हैं। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में है। कमोबेश दोनों ही दल अपने जीत को लेकर आश्वस्त है। ग्रामीण इलाकों में इस बार बम्पर वोटिंग हुई। पोटाली, समेली, हांदावाड़ा, चेरपाल, अरनपुर, टिकनपाल, मारजूम, चिकपाल, मुचनार जैसे इलाकों में काफी वोट पड़े। जहां 4, 5, 10 वोट पड़ते थे, वहां आंकड़ा 100 से ज्यादा पहुंचा। बढ़े हुए वोटों पर कांग्रेस खुलकर अपनी बात कह रही है और इसे ही जीत का आधार बता रही है। कांग्रेस के छविन्द्र कर्मा और भाजपा के चैतराम अटामी की जीत की उम्मीदों पर आम आदमी पार्टी ने जमकर झाड़ू चलाया है।

प्रचार और जन संपर्क में आम आदमी पार्टी के बल्लू भवानी काफी आगे रहे। शुरूआती दौर में उनका प्रचार अभियान काफी अच्छा रहा, लेकिन अंतिम समय में कांग्रेस और भाजपा ने बाजी मार ली। फिर भी अंदरूनी इलाकों में जहां ग्रामीणों के बीच कांग्रेस की अच्छी पैठ थी, जहां आम आदमी पार्टी ने सेंध लगायी और काफी नुकसान पहुंचाया है। अपने पारम्परिक चिन्ह के बिना सीपीआई और उसके उम्मीदवार भीमसेन मंडावी को फिर भी अपनी पार्टी के प्रतिबद्ध मतों पर भरोसा है। शहरी इलाकों की वोटिंग को भाजपा जीत का आधार बता रही है। भाजपाई बड़े दावे के साथ कह रहे हैं कि भले ही जीत का मार्जिन कम हो, लेकिन जीतेगी भाजपा ही। 2018 के चुनाव में इस विधानसभा में कांग्रेस की लहर के बावजूद भाजपा के स्व. भीमा मंडावी 2 हजार 109 मतों से चुनाव जीते थे। अभी यह विश्लेषण आंकड़ों और आंकलन के हिसाब से हर दिन जारी रहेगा। ख्वाबों और ख्यालों में, सुबह व शाम हर कोई अपने पसंदीदा उम्मीदवार को विधायक बना रहा है।

इधर बढ़े हुए वोट प्रतिशत को लेकर प्रशासन को बधाई दी जा सकती है। पिछले महीने भर से जिस तरह बड़े जोर-शोर से स्वीप अभियान चलाया गया उसका असर दिखा। वैसे चिंता की बात यह भी है कि शहर के मतदाता अभी भी वोट डालने से कतराते हैं, नहीं तो यह प्रतिशत और बढ़ता। ग्रामीण क्षेत्रो में अच्छे वोट पड़े हैं, लेकिन जागरूकता इव्हीएम में वोटिंग के लिए और बढ़ानी होगी। सही जानकारी के अभाव में ग्रामीण इव्हीएम में सही ढंग से वोटिंग नहीं कर पाते। कम मतदान दलों की >> शेष पृष्ठ 9 पर >






# अरहर दाल 170 से 180 रुपए

## उपभोक्ता मांग 'खंडा' की ओर



**भाटापारा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। अरहर की दाल 170 से 180 रुपए किलो। हैरत में है रिटेल काउंटर, आ रही तेजी को देखकर। दुकानें पहली बार यह भी देख रही है कि मांग का प्रवाह खंडा दाल की ओर जा रहा है। जिसकी कीमत फिलहाल क्रयशक्ति के भीतर ही मानी जा रही है। दीपावली याने खरीदी के दिन। किराना बाजार इस समय सबसे ज्यादा गुलजार है। भीड़ तो है लेकिन खरीदी की मात्रा बेहद कम होती जा रही है। खासकर दलहन की सभी किस्म की खरीदी बेहद कम है। अरहर और चना दाल में ऐसा होता देखने को विवश है चिल्हर बाजार क्योंकि कीमत क्रय शक्ति से बाहर जा चुकी है।

### चाहिए खंडा

साबूत अरहर दाल 170 से 180 रुपए किलो। कीमत सुनकर, मांग की जाती है खंडा अरहर दाल की, जिसमें भाव इस समय 100 से 105 रुपए किलो चल रहा है। जरूरी है, कीमत भी ठीक ही है। यह सोच, अरहर खंडा दाल में मांग बढ़ा रही है। हैरत में है रिटेल काउंटर अरहर दाल की खरीदी में यह नया बदलाव देखकर। उपभोक्ता पहले से ही परेशान है।

### गर्म यह भी

चना दाल, दलहन की ऐसी किस्म है जिसकी खपत त्यौहार में सबसे ज्यादा होती है लेकिन इसके तेवर भी बदले हुए हैं। होटल, रेस्टोरेंट और घरेलू मांग का दबाव इतना ज्यादा है कि यह दाल भी प्रति किलो 70 से 80 रुपए पर पहुंच चुकी है। तेजी की आशंका इसलिए बनी हुई है क्योंकि नई फसल में एक माह का समय और शेष है।

### पीछे यह भी नहीं

मूंग और उड़द। तेज यह दोनों भी हैं। दाल बेचने वाली कंपनियों की मांग के साथ होटल और नमकीन सेंटरों की मांग, जिस मात्रा में निकल रही है उसके बाद दोनों दाल, समान दर याने 110 से 120 रुपए किलो पर चल रहीं हैं। जबकि छिलके वाली दाल महज 5 रुपए ही पीछे है। आने वाली नई फसल तक बने रहने की संभावना है।

### सबसे पीछे

कम ही उपयोग में आते हैं मसूर और तिवरा दाल लेकिन अन्य दालों ने जैसी तेजी ली हुई है, उसके बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं की मांग इन दोनों में बढ़ी हुई देखी जा रही है। ऐसे में गर्मी, इन दोनों ने भी दिखानी चालू कर दी है। इस समय मसूर की दाल 80 रुपए और तिवरा की दाल 70 रुपए किलो चल रही है। आंशिक तेजी की संभावना दोनों में है।

# मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापिस लेने का दिया गया प्रशिक्षण

**गरियाबंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के बारे में पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षको द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता एवं सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करे। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों एवं दायित्वों का समुचित जानकारी होनी चाहिए। ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की चूक न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के समय मतदान दल के अधिकारियों के साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतरीन कार्यों के संपादन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने कहा कि सामग्री वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सभी सामग्रियों के बारे में भलि-भाँति जानकारी होनी चाहिए। मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय, स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये। वीवीपेट, ईवीएम, रिज़र्व ईवीएम, वीवीपेट बैटरी बस्ता आदि मतदान सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुजांइश बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। इसलिए निर्वाचन संबंधी सभी कार्य को विशेष सावधानी एवं पूरी सतर्कता के साथ किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही आपसी समन्वय से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। मतदान सामग्री वितरण दल में सात सदस्य रहेंगे। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, विधानसभा क्षेत्र-54 राजिम के रिटर्निंग ऑफिसर श्री धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र - 55 के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री अर्पिता पाठक, मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा सहित मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।



निर्वाचन कार्यो को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें : कलेक्टर

## प्रेक्षक ने ईवीएम के कमीशनिंग पश्चात सीलिंग कार्यों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने ईवीएम के कमीशनिंग कार्यो का औचक निरीक्षण किया। मंडी परिसर में स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम कमीशनिंग कार्य के पश्चात प्रेक्षक की मौजूदगी में ईवीएम का सीलिंग कार्य किया गया। प्रेक्षक ने सभी प्रक्रियाओं को सावधानी और सही तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश सभी निर्वाचन अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल, रिटर्निंग आफिसर राजिम श्री धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 6 एवं 7 नवम्बर को सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त चार इंजीनियर भी मौजूद रहे। सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी ईवीएम, बीयू, सीयू और वीवीपेट को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सीलिंग करने की कार्यवाही की गई।

# धान खरीदी में जिला प्रदेश में सातवें व उठाव में दूसरे नंबर पर

**गरियाबंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य में सतत रूप से धान खरीदी जारी है। जिले में एक नंवबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक पहले हफ्ते में कुल 132280 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सात नंवबर की स्थिति में जिले में 67 समितियां के अंतर्गत 79 उपार्जन केन्द्रो में कुल 5699 किसानो ने अपने धान का विक्रय किया है। जिसमें से 18830 चिंटल धान का उठाव भी हो चुका है। इस साल नए शुरू किए गए जिले के चार नए उपार्जन केन्द्र पोलकर्रा, पीपरछेड़ी, कदलीमुड़ा एवं गुरजीभाठा (अ) में भी धान खरीदी सुचारू रूप से जारी हो गई हैं। वही जिले के 11 उपार्जन केन्द्रो में अब तक धान खरीदी शुरू नही हो सकी है। ज्ञात हो कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु 67 समितियां के अंतर्गत कुल 90 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है।

इधर पहला हफ्ते में बित जाने के बाद धान खरीदी के मामले में समुचे प्रदेश में गरियाबंद जिला सातवे स्थान में है। अब तक प्रदेश के 09 जिलो में धान खरीदी शुरू नही हुई वही 08 जिले ऐसे है जहां पहले हफ्ते में मात्र एक हजार चिंटल की भी धान खरीदी नही हुई। इस लिहाज से देखा जाए तो गरियाबंद की स्थिति प्रदेश के 17 जिलो की तुलना में काफी अच्छी है। जबकि गरियाबंद जिले से आगे इससे दुगुना और तीन गुना बड़े जिले ही है। वही धान उठाव के मामले में भी गरियाबंद जिले की स्थिति प्रदेश के अन्य जिलो की तुलना में काफी अच्छी है। प्रदेश में बालोद के बाद गरियाबंद धान के उठाव के मामले में दूसरे नंबर पर है। वही कई जिलो में अब तक धान का उठाव शुरू नही हो सका है।

उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए कुल चिंटल धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए कुल 88486 किसानो ने पंजीयन कराया है। डीएमओ अमित चंद्राकर ने बताया कि जिले मे सुचारू रूप से धान खरीदी जारी है। किसान धान उपार्जन केंद्रों के अलावा मोबाइल के माध्यम से भी टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप से टोकन प्राप्त कर रहे है। ज्ञात हो कि इस साल पहली बार प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी होगी।

# जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नन्द का जनसंपर्क अभियान



**सरायपाली**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं वैसे वैसे चुनाव में रंग चटख होता जा रहा है इसी बीच विधानसभा सरायपाली से जनता कांग्रेस छ.ग. (जे) के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद लगातार क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर आम जनता से सीधा संपर्क कर रहे है द्य इसी तरह आज ग्राम डोंगरीपाली, झालपाली, लंबर, छर्राबहरा, भौरादादर, लोहरीनडीपा, डीपा, पोटापारा, आंवलाचक्का, छीर्रापाली, बेहरापाली, पंडरीपानी, मोहनमुंडा, डुडूमचुआ, मौहाडीपा, रायपनी, कोसमपाली, केंदुआ, बिजातिपाली, जलपुर, जनसम्पर्क कर जनता से आशीर्वाद मांगा रहे हैद्य ग्रामीणों में उत्साह के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क कर पार्टी के प्रमुख उद्देश्यों से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है द्य श्री नंद ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा गांव में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता ध्यान देने की बात कही ओर उन्होंने गांव में कराए गए विकास कार्यों को बनाते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की गई है ग्रामीण एवं जनता अधिक खुश है, साथ ही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे आम जनों की जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधानसभा सहित पूरे प्रदेश के विकास के लिए पार्टी को समर्थन देने और आशीर्वाद लेकर जिताने की अपील की। ग्रामीण जनो ने कहा कि हम किस्मतलाल नंद जी विकास कार्यो से अधिक संतुष्ट है और सरायपाली में पुन: विधायक बनाकर अपना पूर्ण समर्थन देकर भारी मतों से जिताने की बात कही।

# प्रेक्षक अंजू चौधरी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 268 स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 271 सिविल

**केन्द्रों में मतदान के लिए की गई सुविधाओं का लिया जायजा**

लाईन तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 5 सढ़ौली एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 11 पारागांव का औचक निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया। इस दौरान गरियाबंद एसडीएम भूपेन्द्र साहू, तहसीलदार प्रवीण पोर्ते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# जरवे में निकाली गई जागरूकता रैली



**पलारी,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जर्वे में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मतदान की शपथ लिया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रैली ग्राम पंचायत जर्वे के गली मोहल्लों चौक चौराहों से होते हुए स्कूल पहुंची। वही शासकीय माध्यमिक शाला के द्वारा मतदान जागरुकता रैली निकाली गई।जहां ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती मुन्नी ओ, पी, वर्मा सचिव श्रीमती सरिता वर्मा, प्रभारी प्राचार्य आर के टंडन खंडेलवार रोजगार सहायिका श्रीमती मंजू ध्रुव, बिंदु वर्मा, गीता साहू,एवं बेनीराम साहू व सभी आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायिका शिक्षकगण छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# टोहका में मतदाता जागरुकता का आयोजन



**भाटापारा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी बलौदा बाजार भाटापारा के दिशा निर्देश के तहत ग्राम पंचायत टेहका में आज मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को अपने मताधिकारों का प्रयोग करने के लिए जानकारी दी एवं 17 नवंबर 2023 को अधिक से अधिक संख्या में अपने मतों का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। जिसमें मुख्य रूप से गांव के गढ़मनिया नागरिक, वरिष्ठ जन ,युवा साथी ,स्व सहायता समूह बिहान,की महिला एवं गांव के लोग उपस्थित थे जिसमें नंदकुमार वर्मा प्रधान पाठक , आजू राम वर्मा, शिक्षक यशवंत साहू सोमेश कुमार , गनेश्वर जांगड़े ,सीमा वर्मा एवं , बिहान योजना अंतर्गत स्व सहयता की सक्रिय महिला अनुसुईआ साहू ,पूर्णिमा साहू एवं पंचायत सचिव रविशंकर साहू ,रोजगार सहायक हर ज्योति ध्रुव , एवं मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर कार्रवाई



**भाटापारा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा महिला एवं बच्चो संबंधी अपराध मे सलिप्त लोगो पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 568/23 धारा 341,354 भादवि के आरोपी को गिरफतार किया गया। आरोपी रामअवतार ध्रुव पिता फुलुराम ध्रुव उम्र 37 साल साकिन निपनिया थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार भाटापारा। प्रार्थिया थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 06/11/2023 के शाम 06/15 बजे करीबन ग्राम निपनिया का रामअवतार ध्रुव मेरा पीछा करते आकर ग्राम मुढीपार तालाब के पास में जबरदस्ती मेरा रास्ता रोककर मुझे बेइज्जती करने की नियत से मेरा हाथ बांह को पकड़कर अश्लील बात तुमसे प्यार करता हूं कहकर मेरे साथ छेडखानी किया है कि रिपोर्ट पर अपराध धारा पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना आरोपी राम अवतार ध्रुव को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया जो आरोपी राम अवतार ध्रुव को गिर. कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### होटल और मिठाई दुकानों...

प्रशांत सलाम एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के स्टॉफ लैब टेक्निशियन की टीम उपस्थित रहे। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील भी की गई है कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचें। मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल जांच लेवें एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें। त्यौहारी सीजन के मद्देनजर इस प्रकार छापामार कार्यवाहियां विभाग द्वारा आगे भी जारी रहेगी।

### 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त...

हाफ की इस योजना के माध्यम से मिला। इसके अलावा हमारे कांग्रेस की सरकार 500 रुपए की सब्सिडी के बाद छत्तीसगढ़ में पूरे देश में सबसे सस्ता सिलेंडर 474 रुपए में देने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है, वो करती है। कांग्रेस के लिए जनता से किया गया, प्रत्येक वादा हमारा कमिटमेंट है। पिछले घोषणा पत्र के हमने 98 प्रतिशत वादों को पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार पर पूरा भरोसा जताया है। लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण के चुनाव में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की जनता ने बढ़-चढ़ कर, पूरे उमंग और उत्साह से घंटो लाइन में लगकर भी मतदान किया है इससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश सरकार के इन 5 सालों के कामों और लोक कल्याणकारी योजनाओं से पूरी तरह संतुष्ट है। 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से फिर से सरकार बनाने जा रही है।

### शहीद नंदकुमार पटेल कांग्रेस...

मानसिंह ठाकुर , सोनारुराम, जयदेव नाग, प्रदीप भारती, सुखदेव कश्यप, सुकमन कश्यप, संजय सोनी सहित दरभा, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से आए कांग्रेसी उपस्थित थे।

### बीमा कंपनी करेगी 4 लाख...

इस हेतु बीमा कंपनी को 10 हज़ार रु के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्ताशय का आदेश जारी किया गया है।

### अब हर चौक-चौराहे पर...

शिफ्टिंग भी बढ़े मतदान की बड़ी वजह रही। बहरहाल 3 दिसंबर तक जीत हार के दावे-प्रतिदावे जारी रहेंगे। दीवाली में हफ्ते भर का समय गुजर जाएगा। दोनों ही दल के कार्यकर्ता दूसरे चरण के मतदान में प्रचार के लिए जायेंगे, तब तक कयासबाजी जारी रहेगी।

# ज्ञान गुड़ी में जिला प्रशासन द्वारा सिविल सेवा की नि:शुल्क कोचिंग

**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा संचालित ज्ञान गुड्डी केंद्र में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी यूपीएससी , सीजीपीएससी, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग कराए जाने की व्यवस्था की गई है, इसके लिए आवेदन 9 नवम्बर 2023 से 15 नवम्बर 2023,प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म - ऑनलाइन आवेदन फार्म - शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर (छ.ग.) , में कर सकेंगे। परीक्षा 19 नवम्बर 23 परीक्षा का समय - सुबह 10ः30 से 01ः00 तक होगा। परीक्षा संबंधित जानकारी अभ्यर्थी शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज धरमपुरा से प्राप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन पत्र सीधा जमा किया जा सकता है।

# सुवा नृत्य, राऊत नाचा, रंगोली व चित्रकला के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए दे रहे संदेश

**बागबाहरा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। अंचल के गांव-गांव में सुवा नृत्य, राऊत नाचा, रंगोली व चित्रकला के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु कलाजत्था के कलाकार संदेश दे रहे हैं। कलाकार अपनी कला के माध्यम से आम मतदाताओं को चौक चौराहे में एकत्रित कर लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील लोगो से कर रहे हैं। ताकि इस चुनावी उत्सव में शत प्रतिशत मतदान हो सकें। नगर के वार्ड नंबर 10 नवागांव, वार्ड नंबर 11 बाजारपारा, डबरापारा एवं वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर जाकर सघन जनसम्पर्क अभियान किया। इस दौरान मौजूदा विधायक एवं प्रत्याशी श्री यादव को अपने बीच पाकर आममतदाता ख़ुशी से उछल पड़े। तथा आममतदाताओ के बीच से आवाज़ आई कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र से आमजनता काफी खुश एवं प्रसन्नचित्त हैं। पार्टी ने सभी लोगों के हित का ख्याल रखते हुए यह घोषणा पत्र जारी किया है। जो वास्तव में आमजनता को सबसे ज्यादा लाभान्वित करने वाली योजना बताई गई है। आमजनता का झुकाव पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी को सबसे बड़ी सहयोग करने की तरफ है। आम जनता के मन में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने की इच्छा है। कांग्रेस के शासन काल से आमजनता को अनेक प्रकार की योजनाओ का लाभ मिला है। उनके मन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्र के लोकप्रिय युवा प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव के योगदान एवं सहयोग को कभी जिंदगी भर भुला नहीं सकते हैं। उक्त दोनों लोकप्रिय नेता आमजनता के दिलो दिमाग में पूरी तरह से बस चुके हैं। खल्लारी क्षेत्र के आममतदाता फिर से द्वारिकाधीश यादव को दोबारा विधायक के रूप में देखना चाहते हैं। वे स्वच्छ छवि एवं सरल स्वभाव के धनी हैं। वे एक बुलावे पर आममतदाता के घर में पहुंच जाते हैं।

# निर्वाचन कार्यों में भारत स्काउट-गाइडस् स्वयंसेवकों ने दिव्यांग सहायक व मतदाता मित्र के रूप में निभाई भूमिका



## जिले के 252 मतदान केंद्रों में पहली बार किया सेवा कार्य

**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। निर्वाचन कार्यों में जिले के 252 मतदान केंद्रों में पहली बार भारत स्काउट्स गाइड्स, रोवर, रेंजर के स्वयं सेवकों ने दिव्यांग सहायक व मतदाता मित्र के रूप में भूमिका निभाते हुए सेवा कार्य किया।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जिला कोण्डागांव दीपक सोनी के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के 252 स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा 07 नवम्बर 2023 को राज्य में प्रथम चरण के मतदान के अवसर पर जिले के 252 मतदान केन्द्रों में मतदाता मित्र एवं दिव्यांग सहायक के रूप में जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर (आंशिक) में सुगम सफल मतदान हेतु योगदान दिया गया।

ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू के नेतृत्व में भारत स्काउटस् एवं गाइडस् जिला संघ कोण्डागांव के 252 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम चरण के मतदान को सफल बनाने हेतु जिले के मतदान केंद्रों में मतदाता मित्र एवं दिव्यांग सहायक के रूप में कार्य किया गया। मतदाता मित्र एवं दिव्यांग सहायकों के रूप में उन्होंने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाता एवं बुजुर्गों का सहायता कर मतदान में सहयोग किया।

जिसके लिए जिला निर्वाचन विभाग द्वारा बधाई एवं शुभकामनायें ज्ञापित की गई है। विदित हो कि पूर्व में भी जिले के कब-बुलबुल, स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स-रेंजर्स के द्वारा गली, मोहल्ले, चैंक-चैराहों, गांव एवं नगरों में विशेष मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाकर इस लोकतंत्र के महा अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है। जिसमें उन्होंने माकड़ी, लुभा, मोहलई, पीपरा, मड़ानार, बीजापुर, मालगांव, बनियागांव, लंजोड़ा, अरंडी, दहिकोंगा, मर्दापाल, गिरोला, आदर्श फरसगांव, सिंगनपुर, आलोर, चिपावंड, बांसगांव, संबलपुर, भंडार सिवनी, कन्या केशकाल, खालेमुरवेंड़, बड़ेराजपुर, सलना, बांसकोट, मुरारीपारा बड़ेबेंद्री बाजारपारा कोंडागांव एवं डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ओपन रोवर क्रू कोंडागांव के स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर के छात्र-छात्राओं ने मतदाता मित्र के रूप में महती भूमिका निभाई।

# हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट के आरोपी को अनंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। 7 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा त्रकोणिय प्रेम संबंध के चलते आरोपी के अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करने का प्रयास किए जाने पर आरोपी पर धारा 294, 323, 506, 307, 34 आई.पी.सी., 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत थाना अनंतपुर के अपराध क्र.40/2023 में मामला दर्ज किया गया था और उक्त मामले में आरोपीगणों के द्वारा घटना में प्रयुक्त भरमार बंदुक, छर्रे, बारूद एवं मोटर सायकल को जप्त करने के साथ ही आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



बताया गया है कि 07 नवम्बर 2023 को रात्रि लगभग 09.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अमरावती में महेश बघेल के साथ किसी ने मारपीट कर दिया है और वह घायल अवस्था में अपने घर के पास पड़ा है, तब पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची जहां से घायल महेश बघेल को जिला अस्पताल ले जाया जा चुका था, जिस पर पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास बारिकी से निरीक्षण किया गया एवं अज्ञात आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 40/23 धारा 294, 323, 506, 307, 34 आईपीसी, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (आईपीसी) के द्वारा अज्ञात आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर अति.पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते (सीपीएस) एवं एस.डी.ओ.पी.निमितेश सिंह (सीपीएस) के मार्गदर्शन में थाना अनतपुर एवं सायबर टीम के द्वारा अलग अलग टीम गठित कर घटना से जुड़े प्रत्येक पहलु पर बारिकी से जॉच की जा रही थी, तभी जानकारी मिला कि आहत महेश बघेल का एक लड़की के साथ बातचीत होती है, जिसे जानकर उस लड़की के पूर्व प्रेमी ने नाराज होकर अपने दोस्त निरंजन नेताम और दुर्जन नेताम के साथ मिलकर महेश बघेल को मारने की योजना बनाई और सोमप्रकाश यादव के पास रखी चिड़िया मारने के भरमार बंदुक को लेकर निरंजन नेताम के मोटर सायकल में जाकर महेश बघेल को भरमार बंदुक से सोमप्रकाश यादव ने गोली मारी। आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त भरमार बंदुक, छर्रे, बारूद एवं मोटर सायकल को जप्त किया जाकर आरोपी सोमप्रकाश पिता सनत यादव, निरंजन पिता सोमनाथ नेताम एवं दुर्जन पिता रघुनाथ नेताम सभी साकिनान ग्राम व थाना अनतपुर जिला कोण्डागांव को विधिवत गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी निरी.सौरभ उपाध्याय, सउनि अभिराम मेश्राम, प्र.आर. भावेश मण्डावी, प्र.आर. भुपेन्द्र मरकाम, प्र.आर.नरेन्द्र देहरी, प्र.आर.राजेश मनहर, आर.गितेश सेठिया, लक्ष्मी बघेल एवं समस्त थाना स्टॉफ एवं सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।

# नारायणपुर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**नारायणपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर में मंगलवार को स्वतंत्र, निर्भिक और शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों और मतदाताओं के साथ ही आम जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के बेहतर ढंग से कार्य करने और मतदान दलों को सफलतापूर्वक कार्य संपादित करने के लिए सभी की सराहना की। दिव्यांग मतदाताओं का उनके द्वारा किए गए सहयोग के लिए उनको तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। कलेक्टर श्री वसंत ने जारी आभार संदेश में कहा कि जिले के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया वे बधाई के हकदार है। इसके साथ ही उन्होंने समय-समय पर जिले में विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान के लिए प्रेरित करने में आगे आये समाजसेवी संस्थाओं, स्कूल-कॉलेज और आम जनता का भी आभार व्यक्त किया। विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर में 1 लाख 90 हजार 917 मतदाताओं मे से 75.52 प्रतिशत पुरूश मतदाता तथा 74.62 प्रतिशत महिला मतदाता और थर्ड जेंडर ने 50 प्रतिशत मतदान किया। इस प्रकार नारायणपुर विधासभा क्षेत्र में 75.06 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में 265 मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 5 आदर्श मतदान केन्द्र, 1 मतदान केन्द्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया था। उन्होंने जिले के संगवारी महिला मतदान केन्द्रों में तैनात महिला मतदान दलों और एक दिव्यांग मतदान दल को सफलता पूर्वक संचालित करने में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों का भी आभार जताया।



**कलेक्टर ने निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों, सुरक्षा बलों के जवानों समेत मतदाताओं का किया आभार व्यक्त**

# टूटा बिजली का पोल, दो दिनों से शामपुर गांव की गलियों में पसरा अंधेरा

**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व से पुर्व बिजली के पोल के क्षतिग्रस्त हो पाने से शामपुर गांव के मोहल्लों की गलियां विगत दो दिन से अंधेरे में डूबी नजर आ रही है।



ग्रामीणजनों के बताए अनुसार एक टिप्पर वाहन चालक के लापरवाहीपुर्वक वाहन चलाते हुए शामपुर बाजारपारा के पास बिजली पोल को टक्कर मार देने से बिजली के तार लगे दो पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली पोल टूटने के कारण बीते दो दिनों से शामपुर गांव की गलियों में अंधेरा छा गया है, जिसके कारण ग्रामीणजनों को अंधेरे में रात काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणजनों को पीने के पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। बिजली पोल एवं उसमें लगे विद्युत तार के क्षतिग्रस्त हुए दो दिन बीत चुके हैं लेकिन इसके बाद भी विभागीय अमला मोहल्ले में बिजली आपुर्ति बहाली करने में असफल है।

दो दिन पहले बिजली का तार जमीन पर गिर गया, तत्काल विभागीय कर्मियों ने बिजली बंद कर दी जिसके कारण अनहोनी होने से टल गई, लेकिन पोल क्षतिग्रस्त होने के बाद बिजली बंद रहने से पूरे मोहल्ले में अंधेरा छा गया है, मोहल्लेवासियों को दो दिनों से पीने के पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। वहीं बिजली बंद रहने की जानकारी ग्रामीणजन स्थानीय बिजली विभाग के कर्मियों को दे चुके हैं, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा विद्युत बहाली का कार्य नहीं किया जा सका है। पुछे जाने पर विनोद मरकाम कनिष्ठ अभियंता माकडी ने बताया कि हमने ठेकेदार से पोल लगाने को कह दिया है, शुक्रवार तक लाईन चालू होगा।

# शांति पूर्ण मतदान के लिए छविन्द्र ने जताया आभार

## मतदाताओं, सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासन की सराहना



**दंतेवाड़ा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम चुनाव के तहत शांतिपूर्ण ढंग से, स्वतंत्र, निष्पक्ष से मतदान सम्पन्न हुआ। लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी छविंद्र कर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं, सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी, सुरक्षा जवान और मीडिया कर्मियों तथा इस चुनौतीपूर्ण कार्य मे लगे अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दल के अलावा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। श्री कर्मा ने कहा है कि जिले में सुरक्षा बलों की रणनीतिक तैनाती और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदान दलों की सुरक्षित व सुगम वापसी सुनिश्चित हो सकी। वहीं शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्विध्न चुनाव सम्पन्न कराने, मतदान दलों को सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराने में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सुनियोजित तरीके से काम किया। उन्होंने इसके लिए भी सभी का आभार जताया।

# कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों के शांतिपूर्ण निष्पादन के लिए कर्मचारियों का जताया आभार

**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन सभी से चर्चा की। सभी को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित किया और उनके निर्वाचन कार्यों में सहभागिता को रेखांकित करते हुए सभी को बधाई दी गयी। इस अवसर पर एसडीएम चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने संदेश जारी कर कहा कि कोण्डागांव जिले में लोकतंत्र के महापर्व पर आप सभी जिले के नागरिकों का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ, सभी ने बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी के सहयोग से ही यह सम्भव हो पाया कि विधान सभा निर्वाचन 2023 के पहले चरण में सभी जिलों से कोण्डागांव जिले में सर्वाधिक मतदान हुआ है। जिले के सभी नागरिकों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और सभी मतदान के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सुरक्षाबलों के जवान, मीडिया के साथीगण, सभी नोडल अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव दायित्व का निर्वहन किया एवं दिन रात मेहनत कर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन को सुनिश्चित किया। उन सभी को उन्होंने धन्यवाद दिया, जिन्होंने निर्विघ्न और शांतिपूर्ण निर्वाचन को सुनिश्चित किया।

साथ ही उन्होंने जिले में निर्वाचन कार्यों को सम्पन्न कराकर जाते समय दुखद हादसे के कारण तीनों कर्मचारियों के निधन पर प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने ईश्वर से उनके परिवारों को इस दु:ख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा इन कर्मचारियों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि स्वीकृति की जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस मुश्किल समय में उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए इस निर्वाचन तिहार को सफल बनाने और इस लोकतंत्र के महापर्व में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सभी का आभार व्यक्त भी करता किया।

# दिव्यांग व वरिष्ठजनों ने बड़ी संख्या में किया मतदान

## जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग की सक्रियता का मिला लाभ

**नारायणपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 7 नवंबर को संपन्न हुए नारायणपुर विधानसभा (अजजा) निर्वाचन में अंदरुनी संवेदनशील क्षेत्रों के साथ सामान्य मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठजन मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष में सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठजन मतदाताओं के लिए एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्रीमती वैशाली मरड़वार उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने नारायणपुर जिले के ओरछा एवं नारायणपुर ब्लाक के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों ओरछा, गुदाड़ी, कोडोली, टेकानार, धनोरा, कोशलनार, फरसगांव, कोंगेरा, मरकाबेड़ा, हलामी मूंजमेटा, महिमागवाड़ी, झारा, धौड़ाई, पल्ली, बड़गांव, तारागांव, कनेरा, गोरदंड, छोटेडोंगर, मुंडाटिकरा आदि का निरीक्षण कर मतदान हेतु दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों की ज़रूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करते हुए इन वर्गों के साथ अन्य मतदाताओं को भी शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग की सक्रियता का असर मतदान प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिला जब वृद्धजन एवं दिव्यांगजन सुबह से ही अपनी सहभागिता देकर मतदान करने पहुंचे। ज्ञात हो कि नारायणपुर जैसे संवेदनशील जिले में विधानसभा निर्वाचन में 75.06 प्रतिशत मतदान हुआ है।



## मतदान कार्मिकों को मानदेय भुगतान की राशि जारी

**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने निर्वाचन कार्य के अंतर्गत मतदान कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों को मानदेय भुगतान की राशि जारी कर दी है। मतदान कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी के साथ ही मतदान अधिकारी-1, 2 और 3 को यह राशि बैंक खाता अंतरण के माध्यम से भुगतान हेतु राशि गुरुवार को जारी की गई।

## बस्तर विधायक अपने प्रभार क्षेत्र धमतरी पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चर्चा किया

**जगदलपुर/धमतरी,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर विधानसभा के विधायक अपने चुनाव से निवृत होने के बाद धमतरी पहुंचे। लखेश्वर बघेल का धमतरी में कार्यकर्त्ताओं द्वारा मुख्य चौक में भव्य स्वागत किया गया। श्री बघेल ने धमतरी में कांग्रेस भवन एवं चुनाव कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक लेकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की बात कही और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने हेतु अधिक मतों से विजयी बनाने हेतु कार्यकर्त्ताओं से अपील किया।

# शास. उमावि बड़ेराजपुर में दी गई विधिक जानकारी



**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष/न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती अंबा साह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को नि:शुल्क विधिक सलाह दी गई। जिसमें उपस्थित रिटेनर अधिवक्ता श्रीमती मनीषा तिवारी, केशकाल पीएलवी अनिल कुमार मंडावी केशकाल, पीएलवी कु.लैला मरकाम विश्रामपुरी थाना के माध्यम से नि:शुल्क विधिक जानकारी दी। जहां पाक्सो एक्ट अधिनियम 2012 से संबंधित, बाल विवाह अधिनियम -2006, बाल श्रम, आदि विषय से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सड़क निर्माण, कारखाने, फैक्ट्री, होटल आदि जगह पर काम करने पर प्रतिबंध है। अगर कोई बच्चा काम करते पाया जाए तो बताए गए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाया जा सकता है। इसी तरह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार से संबंधित विस्तार से जानकारी दिया गया।ऐसे ही पोक्सो एक्ट अधिनियम 2012 यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट, इस कानून को 2012 में लाए जाने की जानकारी देकर विस्तारपुर्वक जानकारी दी गई।

# विधानसभा चुनाव बस्तर संभाग में हेलीकॉप्टरों का उपयोग

**जगदलपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग में शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए सुरक्षा कर्म से हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। 7 नवंबर को बस्तर संभाग अंतर्गत 12 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव- 2023 हेतु मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चुनाव संबंधित कार्य हेतु बस्तर संभाग के 5 जिले- सुकमा/ बीजापुर /कांकेर/ दन्तेवाड़ा/नारायणपुर के कुल- 156 मतदान केन्द्रों हेतु 860 से अधिक मतदानदल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिनांक 4 से 6 नवम्बर तक 3 दिनों में भेजा गया।

इसी प्रकार 7 नवंबर को मतदान सम्पन्न होने के पश्चात् क्रमबद्ध तरिके से विगत 3 दिनों से समस्त पीठासीन अधिकारी मय ईव्हीएम मशीन एवं मतदानदल के सभी सदस्यों को संबंधित जिला मुख्यालय वापस लाने की कार्यवाही 9 नवंबर को सायंकाल तक पूर्ण की गई।

उल्लेखनीय है कि हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाना तथा उन्हें सकुशल वापस संबंधित जिला मुख्यालय तक लेकर आना सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील तथा सावधानी के साथ पालन की जाने वाली कार्यवाही है। इस कार्य हेतु चुनाव आयोग के मापदण्ड अनुसार भारतीय वायुसेना द्वारा स्थानीय प्रशासन/पुलिस एवं केन्द्रीय अर्धसैनिक बल के साथ समन्वय स्थापित की जाकर विगत 6 दिनों से अत्यंत परिश्रम एवं सतर्कता के साथ क्रियान्वयन की गई। इस दौरान कुछ व्हॉटसअप ग्रुपों में चुनाव हेतु रवाना किये गये मतदानकर्मी, मतदान के पश्चात् अंदरूनी ईलाका में फंसे होना तथा परेशान होने इत्यादि जानकारी शेयर की गई। इसी प्रकार भ्रमित जानकारियों से चुनाव संबंधित कार्य की संवेदनशीलता पर विपरीत असर पड़ने के साथ मतदानकर्मियों के परिजनों द्वारा भी चिंता एवं भय की स्थिति निर्मित हो रही थी। पूर्व से निर्धारित कार्ययोजना के तहत मतदानकर्मियों को ठहराने हेतु संबंधित सुरक्षा कैम्प एवं अन्य उचित स्थानों में सुरक्षित व्यवस्था स्थानीय प्रशासन/पुलिस/सुरक्षाबलों के अधिकारियों द्वारा बेहतर प्रबंध किया गया। हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजे गये समस्त मतदानकर्मियों को सकुशल निर्धारित समय-सीमा में वापस जिला मुख्यालय लाया गया। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज ने बताया कि बस्तर संभाग में विधानसभा चुनाव- 2023 के चुनाव प्रकिया में तैनात समस्त अधिकारियों एवं सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुऐ भारतीय वायुसेना द्वारा विगत 6 दिनों से लगातार किये गये कार्य हेतु आभार व्यक्त किया गया। साथ ही साथ सभी संबंधितों को मतदानदल के कर्मियों के परिवहन जैसे संवेदनशील विषयों पर अधिकृत पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त किये बिना किसी भी प्रकार की दिगभ्रमित सूचना को न फैलाये जाने के लिए अनुरोध किया गया है।

# निर्वाचन कार्य से घर लौटते सड़क दुर्घटना में हुई थी तीन कर्मचारियों की मृत्यु

## कर्मचारियों के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना अधिकारियों ने



**कोण्डागांव,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। निर्वाचन कार्य के उपरांत घर लौट रहे मतदान कर्मियों की बहीगांव के पास सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु पर परिजनों को सांत्वना देने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देश पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। इनमें वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, फरसगांव और केशकाल के जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने बेड़मा स्थित मृतक शिव नेताम के घर और धनोरा धनोरा स्थित संतराम के घर पहुंचकर इस दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और शिक्षा विभाग की ओर से परिजनों को अनुग्रह राशि के तौर पर 50-50 हजार रुपए की राशि भी सौंपी गई। इस दुर्घटना में तीसरे मृतक हरेन्द्र उइके की अनुग्रह राशि के तौर पर भी शिक्षा विभाग द्वारा 50 हजार रुपए प्रदान किया गया। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य के दौरान हुई मृत्यु के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा प्रति मृतक 15-15 लाख रुपए के अनुसार 45 लाख रुपए अनुग्रह राशि की स्वीकृति के संबंध में भी जानकारी दी गई।

उल्टा पुल्टा

पति (पत्नी से)- सम्मोहन का अर्थ क्या होता है?
पत्नी (पति से)- किसी आदमी को अपने प्रभाव से वशीभूत करके उससे मनचाहा काम करा लेने को सम्मोहन कहते हैं।
पति (हंसते हुए)- अरे नहीं, उसे तो शादी कहते हैं।

# बैजनाथ पारा में बृजमोहन अग्रवाल पर हमला, सैकडों कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना का किया घेराव



**रायपुर**, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के साथ प्रचार के दौरान झूमा-झटकी की गई। बताया जा रहा है कि यह झूमा-झटकी तब हुई जब बृजमोहन बैजनाथपारा इलाके में चुनावी प्रचार के लिए गए हुए थे, इस घटना के बाद बृजमोहन समर्थकों में गुस्सा है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर समर्थकों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया है।

इस घेराव में बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए। इस घटना के बाद भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने आरोप में कहा कि मैं हर बार चुनाव प्रचार के लिए बैजनाथपारा के मदरसा चौक पर जाता हूं, इस बार भी जब यहां प्रचार के लिए पहुंचा। तब महापौर एजाज ढेबर और उनके भाई अनवर ढेबर के लोगों ने मुझे मारने की कोशिश की। इस दौरान मेरे पीएसओ ने मुझे खींचकर मदरसे के भीतर ले गए, इस वजह से मैं बच गया। महंत को जिताने एजाज और अनवर को कांग्रेस ने जिम्मेदारी दी है। बृजमोहन ने कहा इस घटना के बाद अब जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

**समर्थकों का हंगामा**

इधर इस घटना के बाद बृजमोहन अग्रवाल समेत उनके समर्थकों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के बाहर बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे और इससे पहले बीजेपी प्रत्याशी के साथ हमला होना बड़ी बात है। उनका कॉलर पकड़कर घसीटा और मारपीट की। बृजमोहन अग्रवाल प्रचार के लिए बैजनाथ पारा पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक कोतवाली थाना पहुंचे थे।

## चुनाव हारता देख बृजमोहन अग्रवाल नौटंकी कर रहे : कांग्रेस

भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा अपने ऊपर हमले के दावों को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उनके ऊपर कोई हमला नहीं हुआ है। यह चुनाव हारते हुये प्रत्याशी की नई नौटंकी है। बृजमोहन अग्रवाल का सारा चुनावी मैनेजमेंट महंत रामसुंदर दास की सरलता और निश्छलता के सामने फेल हो गया है। दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुदंर दास सरल सहज और सह्दयी संत है। वे छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े धर्म गुरू है। उनकी मृदुभाषी आचरण से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता उन्हें हाथों हाथ ले रहे है। दक्षिण क्षेत्र में ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चुनाव प्रचार कार्यक्रम भी था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब महंत रामसुंदर दास को मिल रहे जनसमर्थन से बृजमोहन अग्रवाल बौखला गये है। बौखलाहट में वे सहानुभूति पाने नौटंकी कर रहे है।

## पर कोई कैसे हमला कर सकता है : भूपेश



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर हुए हमले का जवाब देते हुए कहा उन पर कोई कैसे हमला कर सकता है।जिससे प्रधानमंत्री मोदी भी डरते हैं।उन्होंने कहा इस बार रायपुर दक्षिण से कांग्रेस चुनाव जीतेगी।

## कोतवाली थाना पहुंचकर बोले रमन सिंह-रायपुर की चारों सीट में जमानत जब्त करेंगें



भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा अपने ऊपर हमले के दावों को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उनके ऊपर कोई हमला नहीं हुआ है। यह चुनाव हारते हुये प्रत्याशी की नई नौटंकी है। बृजमोहन अग्रवाल का सारा चुनावी मैनेजमेंट महंत रामसुंदर दास की सरलता और निश्छलता के सामने फेल हो गया है। दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुदंर दास सरल सहज और सह्दयी संत है। वे छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े धर्म गुरू है। उनकी मृदुभाषी आचरण से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता उन्हें हाथों हाथ ले रहे है। दक्षिण क्षेत्र में ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चुनाव प्रचार कार्यक्रम भी था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब महंत रामसुंदर दास को मिल रहे जनसमर्थन से बृजमोहन अग्रवाल बौखला गये है। बौखलाहट में वे सहानुभूति पाने नौटंकी कर रहे है।

# आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आयोग ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दिया नोटिस

**रायपुर**, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी की गई है। नोटिस में 9 नवम्बर 2023 को विभिन्न स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित महतारी वंदन योजना के विज्ञापन को आचार संहिता का निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए अपना स्पष्टीकरण चौबीस घंटे के भीतर प्रस्तुत करने की निर्देश दिए गए हैं।

नोटिस में उल्लेख है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता 9 अक्टूबर से प्रभावशील है, जिसमें राजनीतिक दलों से आचार संहिता के निर्देशों का पालन किया जाना अपेक्षित है। 9 नवम्बर को विभिन्न स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में भाजपा के द्वारा महतारी वंदन योजना का विज्ञापन प्रकाशित करते हुए महतारी वंदन योजना में पंजीयन हेतु एक प्रारूप आवेदन का प्रकाशन भी किया गया है, जिसमें हर विवाहिता महिला को प्रतिमाह एक हजार रूपए प्राप्त होने का उल्लेख भी किया गया है। साथ ही घर-घर पंजीयन करने हेतु फार्म उपलब्ध कराया जाकर क्यूआरकोड दिया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह राशि तत्काल मतदाताओं को हस्तांतरित किया जाना संभावित है।













# आज और कल धनतेरस पर देश में 50 हजार करोड़ के व्यापार का अनुमान : अमर पारवानी

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली त्यौहारों के सीजन की श्रृंखला में मूल रूप से कल धनतेरस का त्यौहार प्रदेश सहित देश भर के व्यापारियों के लिए माल की बिक्री का एक बड़ा दिन है जिसकी लेकर प्रदेश सहित देश भर में बड़ी तैयारियाँ व्यापारियों ने की हुई है।



कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्टीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया आज और कल धनतेरस के मौक़े पर देश भर में लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये के रिटेल व्यापार का अनुमान है। वहीं दूसरी तरफ़ इस दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का दर्शन पूरी तरह बाज़ारों में दिख रहा है क्योंकि लगभग सारी ख़रीदारी भारतीय सामानों की ही हो रही है । एक अनुमान के अनुसार दिवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की चपत लगी है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के आवाह्न एवं महिलाओं से ख़रीदारी को कैट ने अपना समर्थन देते हुए प्रदेश सहित देश भर के व्यापारिक संगठनों से आग्रह किया है कि वो अपने क्षेत्र की जो महिलाएँ दिवाली से संबंधित सामान बना रही हैं, उनकी बिक्री में वृद्धि करने में सहायता करें ताकि वो भी ख़ुशी से अपने घर दिवाली मना सकें।

**चीन को एक लाख करोड़ के व्यापार का झटका**

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की धनतेरस के दिन सिद्धि विनायक श्री गणेश, महालक्ष्मी तथा कुबेर की पूजा होती है। इस दिन नई वस्तु ख़रीदना शुभ माना जाता है। इस दिन ख़ास तौर पर सोना चाँदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएँ, सभी प्रकार के बर्तन, रसोई का सामान , वाहन, कपड़े एवं रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली का सामान एवं उपकरण, व्यापार करने के उपकरण जैसे कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से जुड़े उपकरण, मोबाइल, बही खाते, फर्नीचर, एकाउंटिंग का अन्य सामान आदि विशेष रूप से ख़रीदे जाते हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू भी अवश्य ख़रीदी जाती है । ऑल इंडिया ज्वेलर्स एवं गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्टीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया देश भर के ज्वेलरी व्यापारियों में कल धनतेरस की बिक्री को लेकर बड़ा उत्साह है।सोने -चाँदी, डायमंड आदि के नये डिज़ाइन के गहने एवं आभूषण सहित अन्य वस्तुओं का प्रचुर मात्रा में स्टॉक रखा गया है । सोने चाँदी के सिक्के, नोट एवं मूर्तियों को भी धनतेरस पर बड़ी मात्रा में ख़रीदा जाना भी संभावित है।

धनतेरस को पीतल आदि के बर्तन खरीदने को भी शुभ माना गया है। इसीलिए धनतेरस के दिन बर्तनों एवं खाना बनाने वाले सामानों की बिक्री बड़े पैमाने पर होती है। देश भर में लोगों के अलावा कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोग, स्थानीय हलवाई, कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले रसोइये, होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय के लोग धनतेरस के दिन विशेष रूप से बर्तन आदि अवश्य ख़रीदते हैं।

# राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के अवसर पर आज राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि दीपावली पर्व एक ऐसा पवित्र दिन जब पाप का विनाश और धर्म की विजय हुई। भगवान राम का वनवास और सीता हरण के बारे में हम सब जानते है। भगवान राम ने रावण को मारकर संसार को उसके आतंक से मुक्त किया और विजयी होकर दीपावली के दिन अयोध्या लौटे थे। यह हमारे लिए अत्यंत शुभ अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम, माता सीता और महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद छत्तीसगढ और आप सभी पर बना रहे।

राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो ने भी अपना संबोधन दिया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार आर.के. श्रीवास्तव, राज्यपाल के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, राज्यपाल के परिसहाय द्वय विवेक शुक्ला, निशांत कुमार तथा राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### सरकार में थे तो वसूली और भ्रष्टाचार, अब फिर नयी स्कीम के साथ छलने की तैयारी : विकास



**रायपुर,** 9 नवंबर। जनवंदन यात्रा में गुरुवार को विकास उपाध्याय सरदार वल्लभ भाई पटेल पहुँचे। जहाँ माताओं और बहनों ने आरती उतारकर उन्हें शगुन भेंट किया। आगे बढ़ते ही एक परिवार ने उन्हें रोका और छोटी बच्ची के हाथ से शगुन का पैसा दिलवाया। यात्रा में डूमर तालाब पहुँचे तो लोगों ने उन्हें घेर लिया और रैली की शक्ल में पूरे क्षेत्र का उनके साथ दौरा किया। श्री उपाध्याय ने वहाँ जैतखंभ में पूजा-अर्चना भी की। श्री उपाध्याय टाटीबंध में व्यापारियों से मिलने पहुँचे और उनसे विस्तृत चर्चा करके सहयोग मांगा। उन्होंने सेक्टर-1 उदया सोसायटी में लोगों की बैठक लेकर अपनी बात रखी। श्री उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार में पन्द्रह साल तक तिमाही रोड टैक्स में कई बार 10 फिसदी की बढ़ोतरी की गई, साथ ही जब एक निजी न्यूज़ चैनल ने बैरियर में अवैध वसूली का मामला उठाया तो मंत्री जी ने वसूली बंद न करके बैरियर पर ही ताला लगवा दिया, लेकिन उगाही जारी रही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ट्रक को एन्ट्री करने से निकलने तक आरटीओ के अलग-अलग पॉइंट में करीब 10 हजार रूपये खर्च करने पड़ते थे, जब शासन में थे भ्रष्टाचार और वसूली करने वाले अब नयी-नयी स्कीम बताकर फिर छलने का प्रयास कर रहे हैं।

### डीए भुगतान में देरी कर्मचारियों में बढ़ रहा आक्रोश

**रायपुर,** 9 नवंबर। छत्तीसगढ़ में लगातार पांच साल तक महगाई भत्ता के लिए तरसाने वाली सरकार एक बार फिर से विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के बहाने केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 23 से घोषित 4 प्रतिशत डीए डीआर देने में पूर्ववत विलम्ब कर रही है। इसी बीच शंका है कि विधान सभा चुनाव में 7 नवंबर को 20 सीटों में हुए प्रथम चरण मतदान की रिपोर्ट ने जिसमे कर्मचारियों व पेंशनर्स द्वारा डीए डी.आर को लेकर नाराजगी व्यक्त करने की खबर ने मुख्यमंत्री को मजबूर कर दिया और उन्हें इस बारे में चुनाव आयोग से अनुमति लेने के लिए अधिकारियों को निर्देश देना पड़ा है।

# निगरानी दलों ने 66 करोड़ 33 लाख की नगदी व वस्तुएं जब्त की

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 8 नवम्बर तक की स्थिति में 66 करोड़ 33 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 17 करोड़ 98 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 8 नवम्बर तक 47 हजार 371 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए है। साथ ही तीन करोड़ 99 लाख रुपए कीमत की अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 20 करोड़ 36 लाख रुपए कीमत के 484 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 22 करोड़ 62 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन मंर राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# दक्षिण विस में लोगों ने महंत से शौचालय, नाली बनवाने की मांग

## कांग्रेस प्रत्याशषी ने मठपुरैना क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने मठ पुरैना क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान एक भाजपा के कार्यकर्ता अपने दरवाजे पर चौकी (पीढ़ा)लगाकर महाराज को बड़े ही आदर और सम्मान के साथ अपने दरवाजे पर खड़ा किया।उनका पाद्प्रक्षालन कर पूजा अर्चना की और उन्होंने अपने मन की पीड़ा गुरुदेव के सामने अभिव्यक्त की। महाराज जी कुछ दूर आगे निकले ही थे तभी मोहल्ले के सात -आठ लोगों ने हाथ जोड़कर कहा गुरुदेव हमारे नाली की स्थिति देखिये यहां पानी का पाइप भी फूटा हुआ है, गंदा पानी बहता है। जिसे पीने के लिए हमें मजबूर होना पड़ रहा है। इसके पूर्व जब महाराज मलसाय तालाब( कुशालपुर )के बाजू की गली में मात्रीशक्तियों की बैठक में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे तब सभी माताओं ने उन्हें बताया कि गुरुजी हमारे शिवालय की हालत देखिए यहां हम लोग बहुत परेशान रहते हैं दिन रात बहुत सफाई करनी पड़ती है, हमारे बैठने -उठने का कोई स्थान नहीं है। इसे बनवा दीजिएगा। जैसे ही वे आगे बढ़े तब उन्होंने पुनः कहा गुरुजी इस गली को देखिए यहां कितना गड्ढा है रोज कोई न कोई गिरता है और एक्सीडेंट होता है। इसका भी उपचार कीजिएगा गुरुदेव! इस तरह के अनेक वाकियात राजेश्री महन्त महाराज को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के गली-गली में देखने को प्राप्त हो रहा है। लोगों की समस्याओं का अंबार है वे जब कुशालपुर में आदिवासी समाज की बैठक में उपस्थित हुए तब लोगों ने उनसे शौचालय की मांग रखी। महाराज ने कहा कि-वे लोग तो कहते हैं कि हमने भारत को शौच मुक्त कर दिया है! यहां 35 वर्षों से यह हालत है! एक शौचालय की भी प्राप्ति नहीं हुई। यह बहुत छोटा कार्य है यदि मुझे सेवा का अवसर मिला तो इसे दो महीने में बना कर दूंगा। आप लोगों को एक बड़े सामुदायिक भवन की भी आवश्यकता है समयानुसार वह भी पूरा होगा।



# दीपावली के दिन से बढ़ने वाली है ठंड

**रायपुर,** 9 नवंवबर। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी होने लगी है,हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले तीन दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद यानि 12 नवंबर दीपावली से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड भी बढ़ेगी।बुधवार को प्रदेश भर में बलरामपुर सबसे ठंडा रहा और एआरजी बलरामपुर व एआरजी सोनहत में न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ठंडी हवाओं के चलते अब रात के साथ ही सुबह-सुबह भी ठंड बढ़ने लगी है और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही आउटर में भी ठंड का प्रभाव नजर आने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले तीन दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, हालांकि न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। सप्ताह के आखिर में यानि दीपावली के दिन से ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। ठंड बढ़ने के चलते अब मोतीबाग, टिकरापारा, आमापारा सहित कई क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल खोले जा रहे है।

लालपुर स्थित मौसम विभाग में विशेषज्ञ एचपी चंद्रा का कहना है कि नवंबर के तीसरे सप्ताह से ठंड और ज्यादा बढ़ने वाली है। राज्य के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर स्थित है, जिसके पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना है।इसके चलते हवा में नमी की मात्रा में वृद्धि की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# बिरगांव में मुख्यमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज ग्रामीण विधानसभा प्रत्याशी पंकज शर्मा के पक्ष में बिरगांव में एक रोड शो किया। यह रोड शो बिरगांव व्यास तालाब से शुरू होकर उरला भक्त माता कर्मा चौक तक चला जिसमें क्षेत्र के आमजन सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रोड शो का हिस्सा बने और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के स्वागत में लगातार आम जनता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री का अभिवादन भी किया।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बिरगांव नगर निगम के अंतर्गत सरोरा में और रायपुर भनपुरी में सभा को भी संबोधित किया मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जुमलेबाजी में नहीं आना है। प्रधानमंत्री मोदी आए दिन छत्तीसगढ़ आते हैं और एक नई जुमलेबाजी कर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा प्रदेश में सरकार में थी तो किसानों का 2 वर्षों के बोनस नहीं दे पाई अब 3100 सौ में धान खरीदी की बात करती है जिन भी प्रदेशों में भाजपा की सरकार है वहां छत्तीसगढ़ से कम धान का समर्थन मूल्य है पहले वहां भाजपा मूल्य में वृद्धि कर ले फिर छत्तीसगढ़ में जुमलेबाजी करें।कांग्रेस की सरकार ने जो भी वादा प्रदेश की जनता से किया था उसे पूरा करने का प्रयास किया है।चाहे वह किसानों के कर्ज माफी की बात हो या फिर 25 सौ में धान खरीदने की आज प्रदेश में धान का मूल्य 25 सौ से ज्यादा है।



**भाजपा के नेता जुमलेबाजी में मास्टरेट : भूपेश**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जब से बनी है सभी का राशन कार्ड बना रही है। कोई भी राशन कार्ड निरस्त नहीं किया गया है सरकार ने आम जनता के लिए विभिन्न योजनाएं लाई जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो ,स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या युवाओं के लिए हो निश्चित तौर पर प्रदेश सरकार की जनहितैषी कार्यों पर जनता जरूर मुहर लगाएगी और कांग्रेस को एक बार फिर आशीर्वाद देगी।रायपुर ग्रामीण कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा ने कहा कि जनता ने हमें सेवा करने का मौका दिया था उसमें हम खरा उतरने का प्रयास किया हैं लगातार 5 वर्षों तक जनता के बीच रहकर सेवा की है आगे यही अपेक्षा है कि जनता हमें दोबारा सेवा करने का मौका देगी और ग्रामीण विधानसभा के साथ-साथ प्रदेश में कांग्रेस के हाथ पर मुहर लगाएगी। उन्होंने कहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में हर तबके के लिए काम किया है।

# देश में बेरोजगारी दूर नहीं कर पाई मोदी सरकार : आनंद शर्मा

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने पूर्व की भाजपा सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मतदाता अच्छी तरह से जानते है कि कांग्रेस ने कहा काम किया है। पूर्व में रमन सिंह की सरकार ने महिलाओं और आदिवासियों के लिए काम नहीं किया। उन्होंने धान खरीदी का वादा किया, भूमिहीन लोगो के लिए योजना लाने की बात कही थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उस समय बेरोजगारी चरम सीमा पर थी।




राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने इस साल कांग्रेस के घोषणापत्र में शामिल वादों को दोहराया। कांग्रेस ने पिछले 5 साल में विशेष वर्गों को लाभ पहुंचाया। राज्य में पिछले 5 साल के दौरान 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले है। यह हम नहीं बल्कि नीति आयोग के आकड़े कह रहे है। पिछले साल 2500 में धान खरीदा गया जिसमे एमएसपी शामिल थी। अबकी बार सरकार बनने पर हमने 3200 सौ रूपये में धान खरीदी का वादा किया है।

नीतीश कुमार के विवादित बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर आंनद शर्मा ने किनारा कर लिया। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ सुना ही नहीं की उन्होंने क्या बोला है। अभी तो मैं कांग्रेस के मंच पर हूं।देश में बेरोजगारी को लेकर आनंद शर्मा ने कहा कि चाहे गृहमंत्री हो या प्रधानमंत्री हो आज देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है।देश में बीते 5 साल के दौरान लोगो की तकलीफ बढ़ी है। देश में लोगो को पोषण नही मिल रह है, इसमें भारत विश्व में 11वें नंबर पर है हम अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश और नेपाल से ही पीछे है।ये अच्छी बात नहीं है, लेकिन अगर हम उनसे सवाल पूछ पूछे तो वे नाराज हो जाते है। केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कर्जा भी बढ़ गया है। 18 लाख करोड़ का कर्जा 60 लाख करोड़ तक पहुंच गया है।ये देश का कर्जा है।

## निधन

### पिंकी ललवानी

**राजनांदगांव,** 9 नवंबर। स्थानीय रिद्धी-सिद्धी कालोनी निवासी पिंकी ललवानी (जैन) धर्मपत्नी संजय ललवानी उम्र 48 वर्ष का आज सुबह 7.30 बजे निधन हो गया है। शाम 4 बजे बाल गोविंद चौक स्थित आवास से शवयात्रा निकाली गई। लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



# बीएड में 2400 व डीएलएड में अब भी 850 सीटें खाली

**रायपुर,** 9 नवंबर। छत्तीसगढ़ के बैचलर आफ एजुकेशन (बीएड) और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अभी भी बीएड में 2,400 और डीएलएड में 850 सीटें खाली है। एससीईआरटी की तरफ से प्रवेश प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की गई। हर चरण में छात्रों को दो-दो राउंड में प्रवेश लेने का समय दिया गया। इसके बावजूद भी बीएड और डीएलएड की सीटें खाली रह गई हैं।

इस वर्ष बीएड और डीएलएड में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। बीएड की 14,400 सीटों के लिए लगभग दो लाख और डीएलएड की 6,725 सीटों के लिए सवा लाख से ज्यादा आवेदन आए थे। इसे देखकर अनुमान लगाया जा रहा था कि बीएड और डीएलएड की सभी सीटों में इस वर्ष प्रवेश होगा, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में सीटें खाली है। दूसरे राज्य के छात्रों के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित है।

मतगणना के बाद बढ़ सकती है प्रवेश तिथि

मतगणना तीन दिसंबर को होगी।इसके बाद बीएड और डीएलएड की खाली सीटों में प्रवेश की तिथि बढ़ सकती है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के कारण अभी आचार संहिता लगी हुई है। इस वजह से प्रवेश तिथि नहीं बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता हटने के बाद खाली सीटों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। हर वर्ष प्रवेश तिथि बढ़ाई जाती रही है।

पहली बार डीएलएड में प्रवेश आरक्षण से

प्रदेश में संचालित निजी डीएलएड कालेजों में पहली बार आरक्षण नियम के मुताबिक प्रवेश हुए हैं। राज्य के 72 निजी कालेजों में डीएलएड की लगभग पांच हजार सीटें हैं।

# पदोन्नति मामले में शिक्षकों को कोर्ट से मिली राहत

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शिक्षक पदोन्नति मामले में कोर्ट की तरफसे शिक्षकों को राहत मिली है। उन्हें पुराने स्कूल पर पदभार ग्रहण करने के आदेश दिया गया है लेकिन शिक्षा विभाग अभी भी संशय में है कि उन्हें पदोन्नति के बाद मिले स्कूल में पदभार ग्रहण करवा अथवा संशोधन के बाद मिले स्कूल पर। शिक्षा विभाग न्यायालय के आदेश पर रायशुमारी के लिए महाअधिवक्ता को पत्र लिखा है। न्यायालय ने छात्रों के हितों को देखते हुए शिक्षकों को पदभार ग्रहण करने का निर्णय दिया है। प्रदेशभर में लगभग तीन हजार शिक्षक चार सितंबर से कार्यमुक्त हैं। स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जब से शिक्षक कार्यमुक्त हुए है तब से यानी दो महीने से उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। पदभार ग्रहण करने के बाद ही शिक्षकों को वेतन मिलेगा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के जिला अध्यक्ष हेमकुमार साहू ने बताया कि कोर्ट की तरफसे शिक्षकों को राहत दी गई है। हमने तीन महीने तक जिस स्कूल में पढ़ाया है वही हमारा पूर्व स्कूल होना चाहिए। लेकिन विभाग अभी भी भ्रम की स्थिति में है। पूर्व स्कूल काउंसिलिंग वाला माने या संशोधन वाला। डीपीआइ के डायरेक्टर ने कहा कि शासन कोर्ट के आदेश पर महाअधिवक्ता से रायशुमारी किया जा रहा है। आदेश के आधार पर शिक्षकों का पूर्व स्कूल किसे माना जाए। आगे शासन की तरफसे जो भी आदेश होगाए उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग की तरफसे सहायक शिक्षकों को शिक्षक पद पर पदोन्नति दी। विभाग पदोन्नत शिक्षकों को काउंसिलिंग के जरिए स्कूल आवंटित किए। बहुत सारे शिक्षकों को ढाई से तीन सौ किलोमीटर दूर स्कूल मिला। शिक्षकों ने अपने बीमारी पारिवारिक समस्या बताकर काउंसिलिंग में मिले संबंधित स्कूल में पदभार ग्रहण नहीं किया। इसके बाद संशोधन करवाकर नजदीक खाली स्कूल आवंटित करवाकर पदभार ग्रहण कर लिया। जूनए जुलाई और अगस्त तीन महीने तक स्कूलों में पढ़ाया भी। इसके बाद संशोधन में हुई गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने संशोधन को निरस्त कर काउंसिलिंग में मिले स्कूल पर पदभार ग्रहण करने का आदेश निकाला। शिक्षकों ने विभाग के आदेश के कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट की सुनवाई करने से पहले विभाग ने काउंसिलिंग वाले शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया। कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दियाए तब से अभी तक प्रदेश के तीन हजार शिक्षक कार्यमुक्त है।



**पदभार ग्रहण को लेकर अब भी संशय बरकरार**

**विभाग ने जांच कमेटी बनाई**

शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी बनाई है जसमें प्रमुख सचिवए डीपीआइ और प्रदेश के पांच संभाग के जेडी समिति में है। शिक्षकों को 25 नवंबर तक समित के सामने संशोधन के दौरान प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। अभ्यावेदन मिलने के बाद 45 दिनों के अंदर कमेटी जांच करके निर्णय लेगी। शिक्षकों को काउंसिलिंग अथवा संशोधन किस स्कूल में पदभार ग्रहण करवाना है।

# जांच एजेंसी के जरिए सत्ता की लड़ाई :भूपेश

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। सांसद रवि किशन के बुलडोजर वाले बयान पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, पूरी स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। रमन सिंह के साथ पहले दो अधिकारी थे, वह अडानी के संपर्क में हैं। वही लोग स्टोरी प्लान कर रहे हैं और इसी हिसाब से कार्रवाई हो रही है। बदनाम करने की साजिश और गिरफ्तारी भी चल रही है।ईडी और आईटी के माध्यम से चुनाव लड़ा जा रहा है। असम मुख्यमंत्री के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा, नया मूल्ला है ज्यादा प्याज खाएगा।अभी-अभी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गया है. । निर्वाचन में शिकायत हुई तो पलटी मार रहा था पालटूराम।

वहीं हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बयानों पर भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, उनको 5 साल मौका मिला वह कर पाए थे क्या पूरा। अभी प्राकृतिक आपदा आई है, वह पहली प्राथमिकता होगी और सारे कार्य होंगे वहां। बोनस देने पर और कर्ज माफी के विकल्प वाले रमन सिंह के सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने निशाना साधते हुए कहा, भारत सरकार ने 2014 में बोनस देने पर प्रतिबंध लगाया था।उसे हटा दिया क्या.. ? मैंने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा कि, प्रतिबंध हटा दीजिए और मैं बोनस दूंगा।

महंगाई को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार लगातार पेट्रोल और डीजल, रसोई गैस, तेल जैसे पदार्थों के दाम बढ़ा रही है। कांग्रेस घोषणा पत्र में महंगाई से जूझने के लिए कई योजनाएं लेकर आई है। प्याज के रेट देखकर भी आंसू आने लगे हैं। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में गैस सिलेंडर 500 सब्सिडी देने की बात कही है। 107 रुपए उज्जवला योजना के तहत लोगों को पड़ेगा।

# राज्य में अगले 3 दिनों में गिरने लगेगा तापमान

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नवरात्र बीतने के बाद से मौसम का मिजाज बदलने लगा हैए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में बह रही हवा की दिशा बदल गई है इसके प्रभाव के चलते अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि की संभावना हैण् बुधवार को को प्रदेश में सबसे ठंडा बलरामपुर और सोनहत रहाए वहां के कृषि विज्ञान केंद्र में न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया राजधानी के लालपुर स्थित मौसम विभाग में विशेषज्ञ एचपी चंद्रा का कहना है कि नवंबर के तीसरे सप्ताह से ठंड और ज्यादा बढ़ने वाली हैण् राज्य के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर स्थित हैए जिसके पूर्व की ओर बढ़ने

**पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा ठंड पड़ने की उम्मीद**

की संभावना हैण् इसके चलते हवा में नमी की मात्रा में वृद्धि की संभावना हैण् रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हैण् अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ है ठंडी हवाओं के आने के कारण देर रात ठंड बढ़ने लगी हैण् विशेषकर ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव ज्यादा ह सुबह ठंडी हवा चलने लगी है मौसम विभाग का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा ठंड पड़ने की उम्मीद है वहीं बढ़ते ठंड के चलते राजधानी में गर्म कपड़ों का स्टॉल भी लगना शुरू हो गया है लुधियाना का ऊलन बाजार राजधानी रायपुर में भी सज चुका है।

## रेलवे स्टेशन से पकड़ाया गांजा, आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। प्लेटफार्म चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन रायपुर पर आरपीएफने 2.40 लाख रूपए के गाजे के साथ युवक को गिरफ्तार किया। कल शाम प्लेटफार्म नंबर 2.3 के विलासपुर छोर फुट ओवर ब्रिज के नीचे पोल नं 05 के पास एक व्यक्ति को अपने साथ रखे मरून एवं बैगनी रंग के ट्राली बैग के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम व पता आमिर पिता. इस्माईल उम्र 22 वर्ष साकिन नई बस्ती मोहल्ला उपरोस कसबा मौदहा हमीरपुर उ.प्र बताया गया कि 2 पैकेटो में 12 किग्रा गांजा पाउडर मिला। इसकी अनुमानित कीमत 2,40,000 का आंका गया यह गांजा वह खरियार रोड से माना बताया।




## गर्लफ्रेंड को आगे बैठाकर बाइक दौड़ाना प्रेमी को पड़ा महंगा



**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। सोशल मीडिया में आए दिन तरह.तरह के वीडियो वायरल होते रहते हैं इन दिनों प्रेमी जोड़े के का वीडियो काफी वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को बाइक के आगे बैठाकर रोमांस कर रहा है चलती बाइक में गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड के इस वायरल वीडियो पर पुलिस ने चलानी कार्रवाई किया है जानकारी के अनुसारए रायपुर के जोरा इलाके में गर्लफ्रेंड को आगे बैठाकर युवक बाइक चला रहा था और दोनों प्रेमी जोड़े रोमांस कर रहे थे वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियम के उलंघन पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाय जिसमें 4 हजार रुपये का चालान काटा गया है वहीं कार्रवाई के बाद पुलिस ने वीडियो भी डाला है जिसमें बॉलीवुड का गाने के अंदाज में लिखा ह ये रिश्क हाए बैठे बिठाए चालान दिखाए

**पुलिस ने लगाया जुर्माना**

**पीएचडी प्रवेश परीक्षा**

## अब परीक्षा में आधा अंक नहीं पूरा एक अंक मिलेगा


**रायपुर,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में आधा अंक पाने परीक्षार्थी को अब पूरा एक अंक दिया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से दिशा.निर्देश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की तरफ से पीएचडी में प्रवेश के लिए पिछले महीने ही प्रवेश परीक्षा ली गई थी। इसके नतीजे भी जारी हो चुके हैं। रिजल्ट दशमलव अंक में घोषित किया गया था। इस परीक्षा को क्वालिफाई करने के लिए सामान्य वर्ग के छात्रों को 50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के छात्रों को 45 प्रतिशत नंबर लाने थे। जारी नतीजों के अनुसार कई विषयों में एक भी छात्र सफल नहीं हुए हैं। बहुत सारे छात्र आधे नंबर से पासिंग मार्क्स हासिल करने से चूक गए हैं। जिन छात्रों को पासिंग अंक से 0.5 अंक कम मिले हैं वे अब क्वालिफाई कर जाएंगे। दरअसल 0.5 अंक को एक अंक माना जाएगा। पीआरएसयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा इस बार हिंदीए अंग्रेजी इतिहासए बायोटेक्नोलाजी समेत अन्य 35 विषयों के लिए हुई। इसमें 714 छात्र.छात्राएं शामिल हुए थे। करीब 140 छात्रों को 45 प्रतिशत से अधिक नंबर मिले हैं। पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं अलग.अलग शोध केंद्रों में शुरू हो गई हैं। ऐसे कालेज जहां शोध केंद्र हैंए वहां कोर्स वर्क की कक्षाएं लगेंगी। इस परीक्षा में क्वालिफाई हुए छात्रों के अलावा पिछले साल की प्रवेश परीक्षा जो क्वालिफाई हुए हैं। नेट और सेट के आधार पर जिन्होंने आवेदन किया था।

**रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की तरफ से जारी किया गया है दिशा–निर्देश**









### उल्टा पुल्टा

**पति (पत्नी से)**- सम्मोहन का अर्थ क्या होता है?

**पत्नी (पति से)**- किसी आदमी को अपने प्रभाव से वशीभूत करके उससे मनचाहा काम करा लेने को सम्मोहन कहते हैं।

**पति (हंसते हुए)**- अरे नहीं, उसे तो शादी कहते हैं।

## संपादकीय

# एटीएम में पर्याप्त नगदी रहे

*त्यौहारों का सीज़न चल रहा है और शुक्रवार से साल भर के सबसे बड़े त्यौहार दीवाली का आगाज़ हो रहा है जिस दिन पर खरीदी करना शुभ माना जाता है। चाहे लोगों के पास कितनी भी आर्थिक अड़चनें हों, वे राशि की उपलब्धता तथा ज़रूरत के मुताबिक इस मौके पर खरीदारी करते ही हैं। पहले दिन यानी धनतेरस से ही कपड़े-लत्तों से लेकर गहने आदि की जमकर खरीदी होती है। जमीन-मकान, वाहन आदि खरीदने के लिये तो चेक का इस्तेमाल होता है परन्तु कपड़े, जूते, बर्तन, सजावट आदि जैसा सामान खरीदने के लिये नगदी ही अधिक सुविधाजनक होती है। त्यौहारों पर खरीदारी करने के लिये लोगों के सामने इन दिनों नगदी की समस्या है क्योंकि शहरों में विभिन्न बैंकों के एटीएम बड़े पैमाने पर खाली पड़े हैं। इनमें नगदी ही खत्म होने की शिकायतें मिल रही हैं।*

*वैसे भी अब पैसों की ज्यादातर निकासी लोग डेबिट कार्ड से ही करने लगे हैं। पहले की तरह चेक के जरिये राशि निकालने का चलन खत्म हो रहा है। इससे बैंकों के भीतर भीड़ तो समाप्त हो ही गई है, अब लोगों को घंटों बैंकों में बैठना नहीं पड़ता। बैंकों में फॉर्म भरकर और लाईन लगाकर पैसे निकालने की जरूरत नहीं रह गई है। लगभग सभी खाताधारकों को डेबिट कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। इससे वे कहीं भी और मनचाहे समय पर कैश निकालते हैं।*

*आलम यह है कि अब लोगों को किसी भी तरह की खरीदारी या किसी काम के लिये पैसे चाहिये होते हैं तो वे सीधे घरों से निकलकर राशि निकालते हैं और वह खरीदारी का काम करते हैं। ऐसे में यदि दूकानों के पास या खरीदारी करने के बाद मशीनें खराब पाई जाती हैं अथवा नकदी न हो तो जनसामान्य की दिक्कतों की कल्पना की जा सकती है।*

*त्यौहारों पर वैसे भी लोगों की नकदी की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा होती है क्योंकि वहां की जनसंख्या तो अधिक होती ही है, साथ ही उनमें खरीदारी भी बड़े पैमाने पर होती है। विभिन्न तरह के बाजार अनेकानेक तरह की उपभोक्ता वस्तुओं से पट जाते हैं। साथ ही मनोरंजन के लिये उपलब्ध साधनों का जमकर उपयोग होता है। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों में यह समस्या अक्सर देखी जाती है कि कोई भी बड़ा त्यौहार हो, नकदी की कमी हो जाती है। मशीनों में नोट डालने का अंतराल इतना अधिक होता है कि जब तक दूसरी खेप आती है पहले के डाले नोट कभी के खत्म हो चुके होते हैं। बैंकों को चाहिये कि त्यौहारों के वक्त इस पर विशेष ध्यान दें। मशीनें खराब न हों और उनमें पर्याप्त नकदी भी होनी चाहिये ताकि जनता को इस सम्बन्ध में कोई समस्या न हो।*

# क्या भाजपा नरेन्द्र मोदी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनायेगी : राजीव शुक्ला

## पार्टी की प्रचार सामग्री में प्रदेश के किसी नेता को नहीं किया फोकस, भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनाकर वादे करेगी पूरा

**दुर्ग,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने आज यहां पत्रकार वार्ता लेकर सवाल उठाया है कि क्यानरेन्द्र मोदी को भाजपा वाले छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बना रहे है। पूरा चुनाव केम्पेन उन्हीं के नाम पर है। छत्तीसगढ़ ने पांच वर्षो के राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मजबूत किया है। इसी की वजह से आज शहर की भी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत नजर आ रही है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपाईयों ने दुष्प्रचार में पीएचडी, डीलिट कर ली है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को लेकर तरह तरह की दुष्प्रचार कर रही है जिसकी वास्तविकता से यहां की जनता वाकिफ है और वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेगी। श्री शुक्ला ने दुर्ग शहर से कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा को विजयी बनाने की भी अपील की ।



कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा के निवास पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा, अपनी किसी भी प्रचार सामग्री में यह नहीं बता पा रही है कि उनका पूरा चुनाव अभियान किसके नेतृत्व में चल रहा है। उनका नेता कौन है और किसे वे प्रोजेक्ट कर रहे है। उनका ध्यान भाजपा के इस नारे की ओर दिलाया गया कि भाजपा का कहना है कि छत्तीसगढ़ भाजपा ने बनाया है भाजपा ही उसे संवारेगी। इस पर राजीव शुक्ला ने कहा कि इनके नारे के पोस्टर, व इसकी प्रचार सामग्री पर अटल बिहारी वाजपेयी का नाम व फोटों तक नहीं है। इन्होंने भाजपा को खड़े करने वाले दोनों नेताओं अटलजी व आडवानी जी को पूरी तरह भुला दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज अपने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। पार्टी क 75 पार वाला बहुमत मिलना तय है और चुनाव बाद चुनकर आने वाले विधायक, अपना नेता मुख्यमंत्री स्वयं चुन लेगें। श्री शुक्ल ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की तर्ज पर अपना घोषणा पत्र बनाया है मगर वह घोषणा पत्र पर अमल कहां करती है वह तो घोषणा पत्र के बहाने जुमला फेंकती है। उन्होंने कहा कि 15 लाख रूपये प्रत्येक खाते में जमा करवाने 2 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार के उसके वादे पर कभी अमल किया गया। श्री शुक्ला ने कहा कि कोरोनाकाल की कठिनाइयों के बावजूद कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र पर अमल करके उसे लोगों तक पहुंचाया है। लोगों को उसका लाभ मिल रहा है। भाजपा ने कभी भी जनता से किया वादा नहीं निभाया। उन्होंने कहा कि आरएसएस कोई हौवा नहीं है। कर्नाटक, बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा ने आरएसएस के भरोसे चुनाव जीतने की कोशिश की मगर सभी जगह सूपड़ा साफ हो गया है।

ईडी से जुड़े प्रश्नों पर कहा कि ईडी भाजपा के इशारे पर दुष्प्रचार कर रही है। ईडी के सहारे चुनाव लड़ रही है। जहां जहां चुनाव होते है वहीं वह विपक्ष को परेशान करने ईडी भेज रही है। इससे डरने की जरूरत नहीं है । भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों से किये गये 31 सौ रूपये क्विंटल धान खरीदी के वादे को फरेब बताते हुए कहा कि भाजपा छग में यह वादा करने से पहले उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र सहित जहां जहां भाजपा की प्रदेश सरकार है वहां 31 सौ क्विंटल धान का मूल्य पहले शुरू करें।

**अरूण वोरा एक नेक दिल जननेता :** श्री शुक्ल ने कहा कि अरूण वोरा एक नेकदिल जनता से जुड़े नेता है। इनके पिता मोतीलाल वोरा हमारे वरिष्ठ नेता व राज्यसभा के साथी थे। कांग्रेस के प्रति उनकी निष्ठा व कार्य के प्रतिसमर्पण के भी सभी कायल थे। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में भेजा है। मुझे विश्वास है कि वोरा परिवार से आपका पारिवारिक रिश्ता आगे भी रहेगा कायम ।

# जिला अस्पताल में दो जटिल ऑपरेशन सफल

**दुर्ग,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीज हरखम देशमुख उम्र 70 वर्ष चेस्ट पैन, शरीर के निचले हिस्से में असहनीय दर्द और सूजन की समस्या के कारण आपातकालीन वार्ड में भर्ती हुए थे, डा. सरिता मिंज सर्जरी विशेषज्ञ ने बताया कि भर्ती के दौरान मरीज का ब्लड प्रेशर 115/22 था। मरीज की जांच उपरांत उनका डायग्नोसिस ऑब्सट्रक्टेड इंग्यूनल हर्निया पाया गया। क्योंकि ऑपरेशन तुरंत नही करने से फंसे हुए अंतड़ी के सड़ने का डर था इसलिए डॉ. बसंत चौरसिया निश्चेतना विशेषज्ञ और डॉ.अनिल सिन्हा मेडिसिन विशेषज्ञ को मरीज की फिटनेस के लिए इनफॉर्म किया गया एवं मरीज की बीमारी की गंभीरता एवं जान के खतरे को देखते हुए ऑपरेशन किए जाने का निर्णय लिया गया । उच्च रक्तचाप को देखते हुए सर्वप्रथम डा. इंदज बींनतेंपं द्वारा मरीज की सर्जरी के पूर्व उन्हे बेहोशी की दवा दी गई तत्पश्चात डॉ. सरिता मिंज और डॉ. कामेंद्र ठाकुर सर्जरी विशेषज्ञ द्वारा मरीज का ऑपरेशन कर फसी हुई अंतड़ी जो सड़ने की स्थिति में थी उसको अलग किया गया। ऑपरेशन पश्चात मरीज को गहन चिकित्सा इकाई में डॉ. अनिल सिन्हा मेडिसिन विशेषज्ञ की देखरेख में रखा गया, आज की स्थिति में मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। एक अन्य मरीज भूषण कुमार उम्र 28 वर्ष की भी सर्जरी की गई जिनका चोट की वजह से पेट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था तथा आतें भी बाहर निकल रही थी माइसेंट्रिक इंजरी के कारण खून का रिसाव हो रहा था उनका तुरंत सर्जरी कर खून के बहाव को रोका गया तथा आंतों की साफ सफाई की गई और अंत में पेट को टांको के माध्यम से बंद किया गया। इस दोनो ऑपरेशन में डॉ. सरिता मिंजए डॉ. कामेंद्र ठाकुर सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. बसंत चौरसिया निश्चेतना विशेषज्ञ, शिवेन दानी स्टाफनर्स, रमेश कुमार वज टेक्नीशियन एवं स्टाफ मयूरी, शायनी, गीता, भागीरथी का विशेष सहयोग रहा।



# मंत्री गुरु रुद्र कुमार के काफिले पर हुआ हमला, कांग्रेसियों में आक्रोश





- रुद्र गुरु को किया गया रिफर
- कांग्रेसियों ने भाजपा नेता पर लगाए आरोप

**बेमेतरा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रूद्र कुमार के काफिले पर चुनाव से प्रचार से लौटते समय ग्राम झाल में उपद्रवियों ने पत्थर मारे। जिससे गुरु रुद्रकुमार के गाड़ी के पीछे शीशा टूट गया और अंदर बैठे सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। कांग्रेस समर्थकों ने इस घटना हो भाजपाइयों के फिर से शुरू हो रहे आतंक के रूप में बताया है। रात भर समर्थकों का और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावाड़ा रहा इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता व रूद्र गुरु के अनुयायी काफी आक्रोशित नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही देर रात बेमेतरा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित जिले की पुलिस टीम नवागढ़ पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। गुरुवार को भी दिन भर ग्राम झाल में पुलिस टीम घूमते रही और संदिग्धों से पूछताछ करते रही। गुरुवार कांग्रेस प्रत्याशी रुद्र गुरु का स्थानीय जिला चिकित्सालय में उपचार हुआ जहां से उन्हें रायपुर के लिए रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार गुरु रूद्र कुमार बुधवार की देर रात ग्राम झाल में जनसम्पर्क पर थे। उन्होंने सबसे पहले ग्राम झाल के जैतखाम का पूजन कर महामाया मन्दिर का दर्शन उपरांत नवधा मंच में सभा को सम्बोधित किया। सभा के पश्चात वे दौर समापन कर नवागढ़ आ रहे थे। तभी गांव के ठाकुर देव के पास मेंन रोड पर अंधेरे में कुछ उपद्रवियों ने उनके काफिले पर एकाएक पथराव कर दिया। उनके काफिले में तीन गाड़ियां चल रही थी। पत्थर सीधे जाकर गुरु रुद्र कुमार के गाड़ी पर पड़ा और उसका शीशा टूट गया। फिर उपद्रवी अंधेरे में गांव की गलियों से भाग गए। घटना की सूचना पर कांग्रेसी कार्यकर्ता वहां पहुंचे थे, तत्काल नवागढ़ पुलिस ने मोर्चा संभाला। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

### शांति व सद्भावना बनाए रखे : रुद्र गुरु

मामले पर गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि नवागढ़ शांति व सद्भावना एवं भाईचारे का गढ़ है। जो लोग नवागढ़ की शांति को भंग कर भय और आतंक लाने का ख्वाब देख रहे हैं उनके सपने कभी पूरे नहीं होने वाले हैं। मैं सभी नवागढ़ क्षेत्रवासियों से अपील करता हूं कि सब शांति और सद्भावना बनाए रखें। हमें कानून व्यवस्था पर पूरा विश्वास है, वह अपनी कार्रवाई करेगी। सभी समाज के आशीर्वाद से निश्चित रूप से कांग्रेस चुनाव जीत कर आएगी।

कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार के काफिले पर पत्थर बाजी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294,336,427,34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल जांच जारी है जल्द आरोपी पकड़ में रहेंगे।
**-चन्द्रदेव वर्मा,** थाना प्रभारी

# कालोनियों के पदाधिकारियों की बैठक में आयुक्त ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**दुर्ग**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान को लेकर जिला एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाये जा रहे है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षिक संस्थाओं के द्वारा अलग अलग रैली कर नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। आज जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के निर्देश पर आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न कालोनियों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की अपील केसाथ ही कहा कि वे लोग अपनी अपनी कालोनियों के प्रत्येक रहवासी को मतदान के लिये प्रेरित करें।





श्री चंद्राकर ने कहा कि सभी कालोनियों में निगम कर्मचारी कालोनी के पदाधिकारियों के घरों घर जाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रेरित करेगें। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि मंगलवार 17 नवंबर मतदान केन्द्र में जाकर प्रत्येक मतदाता बगैर किसी लालच तथा भय से युक्त होकर निष्पक्ष होकर मतदान करेगें। उन्होंने कहा कि दुर्ग शहर के मतदाताओं ने पूर्व के चुनावों में भी अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। विधानसभा चुनाव 23 में भी यह मतदान दुर्ग शहर ही नहीं देश व प्रदेश के लिये एक मिसाल बनेगा।

आज की बैठक में आनंद विहार पोटिया, गणपति विहार, द्वारिकापुरी लेक व्यू अपार्टमेंट, अमर हाइट्स गंजपारा, ऋषभ साउथ सिटी, रायल ग्रीन पोटियाकला रेसीडेंसी, कातुलबोर्ड, ऋषभ ग्रीन सिटी पुलगांव, एवं महेश कालोनी के पदाधिकारी शामिल हुए।

**युवोदय दुर्ग ने भी चलाया अभियान :** कलेक्टर श्री मीणा के मार्गदर्शन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सरोज पाण्डेय कोरबा जिले की भाजपा चुनाव समन्वयक नियुक्त

**दुर्ग**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी विधानसभा चुनाव में जिला स्तर पर चुनावों में समन्वय स्थापित करने जिला समन्वयक की नियुक्तियां की जा रही है। इस सिलसिले में आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने कोरबा जिले के लिये राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने 8 नवंबर को की है। इसी प्रकार रायगढ़ जिले के लिये रणविजय सिंह जूदेव की नियुक्ति की गई है।



# जनसमर्पण सेवा संस्था ने जरूरतमंदों को बांटी कपड़े, मिठाईयां व फटाके

**दुर्ग**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। जनसमर्पण सेवा संस्था द्वारा दीपावली सप्ताह के तहत गरीबों व जरूरतमंदों के बीच नये वस्त्रों पटाखों और मिठाईयों का वितरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर से 11 नवंबर तक जनसमर्पण सेवा खुशियों की दीपावली टाइटिल के अंतर्गत चलाया जा रहा है।



उक्त सप्ताह के अंतर्गत विगत दिनों से प्रतिदिन अलग अलग स्थानों में जाकर वृद्धाश्रम, हास्पिटल, बाल आश्रम, मंदबुद्धि स्कूल मानवता स्कूल, दुर्ग रेल्वे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर गरीबों व जरूरतमंद लोगों को कुर्ता पैजामा धोती महिलाओं को साड़ी गरीब बच्चों को नये कपड़े, मिष्ठान, नमकीन, रंगीन फटाके वितरित किये गये । इसी सिलसिले में आज संस्था के सदस्यों ने ग्राम मोहलाई में सभी जरूरतमंद गरीब बच्चों को फटाके, कपड़े, मिठाई, नमकीन, व अन्य जरूरत की अन्य सामग्रियों का वितरण किया । इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, शिशु शुक्ला, ईशान शर्मा, प्रकाश कश्यप, आशीष मेश्राम, रूपल गुप्ता, सुजल शर्मा, राजेन्द्र ताम्रकार, लक्की अग्रवाल, कान्हा चंद्रवंशी, अख्तर खान, मृदुल गुप्ता, दद्दू ढीमर, संजय सेन, हरीश ढीमर, शुभम सेन, समीर खान, मोहित पुरोहित, शबबू पाकीजा वेदांत शर्मा शामिल रहें।

# रमन से भाजपा कार्यकताओ ने की मुलाकात



**डोंगरगढ़,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिह से शहर भाजपा मंडल के कार्यकताओ ने गुरुवार को मुलाकात कर चुनावी संबधी चर्चा की। कार्यकताओ ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिह से काफी देर चर्चा करके राजनांदगाव से उन्हे अग्रिम जीत होने की बधाई दी इस दौरान विधानसभा प्रत्याशी विनोद खांडेकर, संयोजक हरविंदर सिंह मंगे ,सुनील ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कोतवाली पुलिस ने हुक्का बार के विरूद्ध की कार्रवाई गिरफ्तार



**दुर्ग,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बायपास रोड बघेरा स्थित इंडियन प्राइड होटल के लानमें अवैध रूप से प्रतिबंधित हुक्का बार संचालित करने के मामले में दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अंकित वैष्णव (30) के खंडेलवाल कालोनी दुर्ग से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 9 हजार 6 सौ रूपये के सामान व नकद राशि बरामद की गई है।

आरोपी अंकित वैष्णव पिता मनोहर वैष्णव (30) खंडेलवाल कालोनी के पास से जब्तशुदा सामान हुक्का बेल मशीन 12 नग कीमती 72 सौ रूपये स्पेलम 12 नग 3 सौ रूपये, हुक्का पाईप 6 नग 12 सौ रूपये, अलग अलग प्रकार का फ्लेवर 4 नग मूल्य 4 सौ रूपये नकद रकम 5 सौ रूपये कुल 9 हजार 6 सौ रूपये बरामद की गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 21(1) के तहत कार्रवाई की गई।

# नवीन स्कूल के मैदान में लग गया फटाकों का बाजार, मगर ग्राहकी अभी तक नहीं

**दुर्ग,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली को अब चार दिन बचे है मगर फटाका बाजार में सन्नाटा पसरा है। पूर्व में कभी नवीन स्कूल के मैदान में सौ से अधिक फटाका दूकान लगती थी जो आज घटकर दूकानों की संख्या मात्र 22 हो गई है मगर व्यापार ठप्प है। अगले दो तीन दिनों में कितना व्यापार होगा कहां नहीं जा सकता। यह जानकारी आज एक चर्चा में दुर्ग फटाका व्यापारी संघ के अध्यक्ष शेख असलम ने दी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष चार दूकानें बढ़ी है।

इस संबंध में फटाका व्यापारियों ने अलग अलग चर्चा में बताया कि सही सही कारण तो किसी व्यापारी को पता नहीं है। मगर इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार सहित शहर के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में फटाकों की दूकानें लगाई जा रही है। शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है कि उन दूकानदारों ने सघन आबादी वाले बाजार क्षेत्र में फटाका दूकानें लगाने का लाइसेंस लिया है या नहीं



लिया है। उनके पास आग बुझाने के लिये सीज फायर है या नहीं । दूकानों के आसपास रेती व पानी रखा गया है या नहीं रखा गया है। शहर के लगभग भीतरी व बाहरी क्षेत्र के बाजारों में फटाकें की दूकानें लगाई जा रही है। संघ के अध्यक्ष के अनुसार ये सभी दूकानें गैरकानूनी है । सुरक्षा की दृष्टि से उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस वर्ष फटाके की कोई नई क्वालिटी नहीं आयी है सिर्फ एक मयूर झरना साढ़े 7 सौ रूपये का है। शेष अन्य आयटम 10 रूपये से शुरू होकर 3-4 सौ रूपये नग तक है। म्युजिकल लक्जरी फटाकों की मांग ज्यादा रहती है। इसमें अधिक 3 हजार से 4 हजार रूपये रेंज तक के फटाके है। यह पूछने पर कि पूरी दीवाली में कितने का व्यवसाय हो जाता है । उन्होंने बताया कि हर व्यापारी का अपना अपना व्यवसाय है इसलिए कुछ नहीं कहा जा सकता। यहां पर शिवाकाशी का माल ज्यादा खपता है किंतु दुर्ग के व्यापारी रायपुर के थोक मार्केट से ही सामान लेकर आते है।

नवीन स्कूल के मैदान में नगर निगम द्वारा पानी का टैंकर खड़ा कर दिया गया है। रेत भी रखी गई है और सभी दूकानदारों के पास सीज फायर भी है जो उन्होंने दूकानों के सामने लटका रखा है। फटाका दूकानें लगातार कम होते जाने को लेकर पूछने पर जनाब असलम व अन्य व्यापारियों ने बताया कि पुराने बुजुर्ग व्यापारी अब नहीं रहे। ज्यादा नई पीढ़ी को इस व्यापार में अब रूचि नहीं रही है। लोगों ने फटाका व्यवसाय छोड़कर कपड़ा होजियरी अन्य व्यवसाय शुरू कर दिया गया। पढ़ लिखकर नौकरी करने लगे है। इस व्यवसाय में रूचि कम होने का कारण बताते हुए वे कहते है कि इसमें रख रखाव ज्यादा और जोखिम भी है। यहां पर जो व्यवसायी दूकान चला रहे है वे तीसरी चौथी पीढ़ी के लोग है।

# फूड फेस्ट-प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। समाजशास्त्र विभाग और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप स फूड फेस्ट और प्रदर्शनी सह बिक्री 2023 का आयोजन किया। कॉलेज के विभिन्न संकायों के छात्रों ने फूड फेस्ट में अपने परिवार के सदस्यों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टॉल तैयार और बेचे गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न विभागो के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अरुण पल्टा, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन छात्र कल्याण ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.जी. रॉयमन ने इतने बड़े आयोजन की व्यवस्था के लिए दोनों विभागों के आयोजक और छात्रों की सराहना की। कॉलेज के प्रशासक रेव्ह फादर डॉ. जोशी वर्गीस, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. देबजानी मुखर्जी और प्रथम शिफ्ट प्रभारी डॉ. चंदा वर्मा ने अपना समर्थन दिया। फूड फेस्ट की मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पल्टा ने दोनों विभागों के प्रमुखों, संयोजकों और छात्रों को इस तरह के आयोजन की शुरुआत करने और छात्रों के बीच टीम भावना विकसित करने के लिए प्रेरित की और बधाई दी। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की भी सराहना की। डॉ प्रशांत श्रीवास्तव सर ने ऐसे आयोजनों के लिए कॉलेज के साथ.साथ शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक सुश्री दीप्ति संतोष, समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी प्रमुख और डॉ. शीजा थॉमस के साथ साथ कार्यक्रम के सह संयोजकों द्वारा निर्देशित किया गया। डॉ शबनम खान, डॉ. कन्हैया, कु, पांडे, डॉ. ज्योत्सना गडपायले, चंदन पी. डेकाटे सभी छात्र समन्वयकों के कठिन प्रयास के कारण यह कार्यक्रम मेगा हिट साबित हुआ। डेनियल पी.यू.दमन लाल अनुज गुप्ता, मनीष अदकणे, उत्कर्ष साहू, रिया सुधाकर, रोहन कुमार सोनी, शेरिल, पी अनिल, पूर्वी अविशी, अनुष्का बांधे, मनीष सैयद, सुलेमान अली, मुस्कान जयन्त। विभिन्न श्रेणियों के लिए प्रदर्शन सह बिक्री के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

# देवेन्द्र ने कहा विकास प्राथमिकता

## जनता ने कहा देवेन्द्र नेता नहीं भिलाई का बेटा



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक श्री यादव आम सभा लेना भी शुरू कर दिया है। बारी बारी से हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाल कर जनसंपर्क कर रहे हैं।देवेन्द्र यादव का दावा है कि भिलाई की जनता ने भी देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जताया है। शहीद वीर नारायण सिंह सहित विभिन्न वार्ड में हुए आम सभा में वार्ड के नागरिकों ने कहा कि देवेंद्र यादव नेता नहीं भिलाई का बेटा है। पूरे भिलाई को उनका विश्वास है। जिस सिद्दत और लगन से काम करके पूरी प्लानिंग के साथ इन पांच साल में पूरे खुर्सीपार और छावनी में विकास कर पूरे क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी है। विधायक श्री यादव ने भिलाई नगर विधानसभा के कई वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली और आम सभा की। साथ ही घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और जीत का अशीर्वाद दिए। जनता ने श्री यादव पर पूरा विश्वास जताया और अपना भारी समर्थन दिया। डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिले। सभी परिवार का हालचाल पूछा। बड़े बजुर्गों से आशीर्वाद लिया। युवाओं से हाथ मिलाए और गले मिलकर अभिवादन किए। हजारों की संख्या में युवाओं की टीम भी विश्वास यात्रा में पूरे विश्वास के साथ घूम रही है। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि जो लोग 15 साल राज किए। पर जनता को विकास के लिये भटकना पड़ता था। वे अब चुनाव में लोगों के बीच झूठ फैलने निकाले निकले है।

## सोनवानी ने सौंपा अध्यक्ष को इस्तीफा

**भिलाईनगर,** 9 नवंबर (देशबन्धु) तात्कालीन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की राजनीति में अजीत जोगी को गुरू मान राजनीति में उनके कट्टर समर्थक रहे दुर्ग जिला निवासी जीवन लाल सोनवानी ने आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के झुग्गी झोपड़ी विभाग में प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इस्तीफा की वजह उन्होंने अपनी अस्वस्थता बताई है, लेकिन चर्चा है कि जनता कांग्रेस से गुंडरदेही या वैशाली नगर सीट पर उन्होंने टिकट मांगी थी लेकिन नहीं दी गई। जीवन लाल सोनवानी ने कहा कि वो पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं झुग्गी झोपड़ी विभाग छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पार्टी की सेवा करते रहे किन्तु अस्वस्थता वश त्याग पत्र दे रहे हैं। श्री सोनवानी ने अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अमीत जोगी को प्रेषित किया है। वे संभवत: कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर सकते है।

## कर्मचारियों के लिए ऐमचर फोटोग्राफी प्रतियोगिता

**भिलाईनगर।** संयंत्र का जनसंपर्क विभाग द्वारा संयंत्र के कर्मचारियों के लिए कर्मचारी सहभागिता पहल के रूप में एक शौकिया ऐमचर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर तक है। इस प्रतियोगिता में अधिकारी और कार्मिक सहित सभी नियमित बीएसपी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। संयंत्र, खदान, अस्पताल, श्रमिकों या टाउनशिप की स्पष्ट और सकारात्मक छवि का प्रतिनिधित्व करने वाली, हाल ही में ली गई ओरिजनल तस्वीर ही मान्य होगी। मूल्यांकन के आधार पर प्रतियोगिता विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2,000 रुपये तथा 4 व्यक्तियों को 500 रुपये सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता की जानकारी के लिए सहायक महाप्रबंधक जनसम्पर्क अपर्णा चंद्रा या एजीएम जनसम्पर्क जवाहर बाजपेयी से संपर्क कर सकते हैं।

# गांव के जीरो शहर मा हीरो पूरे छग में प्रदर्शित

**भिलाईनगर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। मनोज राजपूत फिल्म प्रोडक्शन के बेनर तले एवं छॉलीवुड के फिल्म डायरेक्टर उत्तम तिवारी के निर्देशन में बनी छत्तीसगढ की अब तक सबसे अधिक बजट में बनी छत्तीसगढी फिल्म गांव के जीरो शहर मा हिरो आगामी 9 फरवरी को छग के सिनेमा घरों में प्रर्दिशत की गई। पत्रवार्ता में मनोज ले आउट के संचालक एवं इस फिल्म के निर्माता एवं हिरो मनोज राजूपूत ने दी। इस अवसर पर फिल्म के डायरेक्टर उत्तम तिवारी, फिल्म की हिरोईन नेहा शुक्ला, सहायक निर्देशक एवं अभिनेता अर्जुन परमार, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप शर्मा, धर्मेन्द्र चौबे, पप्पू चन्दाकर, संजीव मुखर्जी, फिल्म के संगीतकार सूनील सोनी, फिल्म्स वितरक तरूण सोनी विक्रांत सोनी व श्याम टॉकीज के संचालक लाभांश तिवारी, छतीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के एक्टर शमशीर सिवानी, भीखम साहू, संतोष भार्गव, सुश्री मुक्ता बंसल, रोली चंन्द्राकर एवं प्रोडयूसर विक्रम राजपूत उपस्थित थे। फिल्म के निर्माता व हिरो मनोज राजपूत ने बताया कि दस सालों से वह प्रापर्टी डिलिंग एवं बिल्डर्स व्यवसाय से जुडे रहे। चार माह में जनता का प्यार मिला। हमने व हमारी टीम ने गांव के जीरो शहर मा हिरो फिल्म बनाई। इस फिल्म को बनाने को लेकर मैं काफी उत्साहित था। मेरी पूरी एम आर ले आउट की टीम व डायेक्टर सहित इस फिल्म की पूरी यूनिट का बेहतरीन सहयोग रहा। इस पूरे संघर्ष के क्षेत्र व मेहनत में हम नई पहचान की तरफ लेकर जा रहे है। छग में लोग छत्तीसगढ की मूवी क्यों नही देखते और साउथ की मूवी क्यों लोग देखना पसंद करते हैं। साउथ की मूवी में एक्षन, गाने सहित सभी चीजे उच्च क्वालिटी की होती है। डर के पीछे जीत होती है। हर व्यक्ति को डर का मुकाबला करना चाहिए। राजनैतिक हो चाहे व्यापार हो लोग दबाव डालते हैं। कई लोग तो दबाव में रास्ते बदल लेते हैं, लेकिन हमें छग में हर क्षेत्र में छग की पहचान बनाकर रखना हैं, चूकि छग के गांव के किसान का बेटा आईएएस व आईपीएस बनता है, मैं भी किसान का बेटा हूं और ग्रामीण परिवेश से आता हूं। मेरे पास कोई कला की जानकारी नही थी। अंदर का भाव था। डायरेक्टर उत्तम तिवारी से मुलाकात कर अपने जीवन की संघर्ष की कहानी बताया तो वे भी कहने लगे ये तो बहुत अच्छी कहानी होगी और हम लोगों ने मिलकर इस फिल्म को बनाने की योजना बनाई और उसके बाद मैने कहा कि इसका बजट कितना भी जाये उसकी परवाह नही है फिल्म बहुत अच्छी बननी चाहिए। भगवान तिवारी ने भी जर्बदस्त अभिनय किया है। हिराईन इशिका, नेहा शुक्ला, इसानी घोष है और इसमें फिल्म के हिरो मनोज राजपूत के पिता की भूमिका छॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अर्जुन परमार ने किया है, वहीं धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप शर्मा, पप्पू चन्द्राकर, संजीव मुखजी, विक्की वीरा सहित छॉलीवुड के अन्य प्रसिद्ध कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। वही इस फिल्म का भी संगीत छॉलीवुड के इकलौते बेस्ट संगीतकार सुनील सोनी ने किया है, जबकि कथा, पटकथा, व कुछ गीत उत्तम तिवारी ने लिखा है। यह फिल्म मनोज राजपूत के जीवन पर बनी है जिसका 60 प्रतिशत कहानी मनोज की जीवन पर आधारित है। श्री राजपूत ने आगे कहा अब मैने छॉलीवुड में कदम रखा है मैं छॉलीवुड को नई उंचाईयों तक काम के जरिये लेकर जाना चाहता हूं। श्री राजपूत ने कहा कि में अपनी मां हो ही हर चीजे बताता था, मैं अपनी मां को एक दोस्त की तरह हर बाते शेयर करता था, वही मेरा मार्गदर्शन करती थी जबकि मेरी मां कम पढी लिखी था।



## संयंत्र में हादसा

**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन ;ब्वाम ब्वअमदद्ध में बड़ा हादसा हो गया है। कोक ओवन की तीन गैलरी गिर गई है। इससे कोक सप्लाई ठप हो गई है। किसी तरह उत्पादन को बहाल करने के लिए प्रबंधन जुटा हुआ है। लेकिन, स्थिति को सामान्य करने में समय लग सकता है। बताया जा रहा है कि कोक ओवन के सीपीपी-2 की गैलरी नंबर 97, 98, 79 करीब सवा 3 बजे गिर गई है। गैलरी की चपेट में किसी के आने की खबर नहीं है। इसी गैलरी से बैटरी 9 व 10, 5, 6 में कोल की सप्लाई होती है। इन चारों बैटरी में करीब 240 पुशिंग होती है, जो अब मुश्किल हो गया है। गैलरी गिरने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार जर्जर गैलरी होने की वजह से ही हादसा हो सकता है। जांच के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। कोयला यार्ड से शैलो जाने वाली गैलरी गिरने से हड़कंप मचा हुआ है। उत्पादन पर सीधा असर पड़ने जा रहा है।

## डीएवी स्कूल सेक्टर-2 में मनाया गया दीपोत्सव

**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में दीपावली पर्व की धूम रही। दीपावली अवकाश घोषित होने से पहले बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ दीपावली सेलिब्रेट किया। दीपावली के पर्व पर विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनेक गतिविधियां मनमोहक व ज्ञानप्रद रहा। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सीनियर छात्रों ने सभी विद्यार्थियों से किसी भी तरह की बर्बादी न करने का आग्रह किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सुंदर दीपावली रंगोली बनाकर दीपक एवं मोमबत्ती से सजाकर खुशी जताई। एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यकरम में प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला सहित समस्त टीचर्स उपस्थित थे। इस तरह से स्कूल के बच्चों ने प्रकृति पर आधारित दीपोत्सव मनाया। गोमाता के गोवर प्राकृतिक मिट्टी व पुराकृतिक रंगों से बच्चों ने रंग बिरंगे दीये बनाए और रंगोली सजाई। आकर्षक चित्रों और क्ले के दीयों से विद्यालय को सजाया गया। बंदनवार लगाए गए माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो चला था। स्कूल प्रांगण में दीपावली पर्व की शानदार झलक देखने को मिली। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने अपने संदेश में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि त्योहार मनाने के साथ ही शिक्षा पर भी ध्यान दे। शिक्षा ही व्यक्ति को ऊंचाई पर ले जा सकती है। वहीं त्योहार मिलजुल कर मनाना चाहिए। भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहारों में दीपावली का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। इस अवसर पर कक्षा छठवीं सातवी और आठवी के विद्यार्थियों ने हवन किया और वातावरण को प्रदूषित न करने का संकल्प लिया। आयोजन में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# तालाब की सफाई हो रही प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त



**भिलाईनगर ।** भिलाई निगम क्षेत्र के तालाब एवं उद्यानों की युद्व स्तर पर सफाई किया जा रहा हैए त्यौहारी सीजन को देखते हुए आयुक्त के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्गए व्यवसायिक क्षेत्रए उद्यानए कालोनी तथा गली मोहल्ले में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किया जा रहा है। भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने आगामी दिपावली पर्व एवं छट पर्व को ध्यान में रखते हुए जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि शहर के सभी पोल में लगे लाईट चालू हो जिन पोल में फ्लिकर नहीं है उनमें तत्काल व्यवस्था कर बंद एवं बिना लाईट वाले पोल में लाईट लगाकर चालू करें। नगर के सभी पोल के लाईट चालू हो साथ ही छट के लिए शहर के तालाबों की सफाईए पार में बने घेरे की रंगाई पोताई करने को कहा है। निगम के जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ तालाबों का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिये है विशेष रूप से जिन तालाबों में छट पूजा का आयोजन किया जाता है भेलवा तालाबए कोहका तालाबए शीतला तालाबए सूर्यकुण्ड तालाबए सेक्टर 2 तालाबए सेक्टर 7 तालाबो की सफाई किया जा रहा है और जिन तलाबो मे जलकुम्भी है विर्सजन किये गये देव प्रतिमा के अवशेष है उसका गहराई से कचरो की सफाई कर तालाब पार की साफसफाई और रंगाई पोताई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार नगर के उद्यानों की भी सफाई विशेष रूप से किया जा रहा है। आयुक्त श्री व्यास ने कहा है कि शहर की प्रकाशए सफाई व्यवस्था दुरूस्त होना चाहिए साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बनाये गये मतदान केन्द्रो में भी प्रकाशए साफसफाई एवं पानी तथा शौचालय की व्यवस्था दुरूस्त होना चाहिए। जोन के अधिकारी अपने जोन क्षेत्र के स्कूल एवं अन्य शासकीय भवन में बनाये गये मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर चुनाव आयोग के नियमानुसार सभी व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर शत् प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान भी निगम द्वारा चलाया जा रहा है।

# क्षेत्र की जनता का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है : निषाद



**देवरी बंगला,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद को जनता का मिल रहा आशीर्वाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओं चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हो रहे हैं। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक कुंवरसिह निषाद लगातार क्षेत्र में सघन जनसंपर्क और विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक के साथ गांव गांव से भारी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं और जीत का अशीर्वाद दे रहे हैं। जनता ने श्री निषाद पर पूरा विश्वास जताते हुए अपना भारी समर्थन भी दे रहे हैं। विधायक श्री निषाद का जमकर स्वागत सिर्फ यही नहीं क्षेत्र के इन गांवों बेलटिकरी, राहुद, मुण्डरा, तिलोदा, पाऊवारा, रनचिरई, परसाही, भाठागांव, जरवाय, मासूल, कुथरेल , जोरातराई, डोंगीतराई, खुटेरी, अचौद एवं फुण्डा, सलौनी, तिलखैरी, गोरकापार, देवगहन, सिकोला, सलौनी, तिलखैरी, भिलाई, गोरकापार, चीचा, ओडारसकरी, गब्दी, खुरसुल, मोहंदीपाठ, बघेली,माहुद, डुडिया , मटेवा , खुर्सीपार, गोडेला, देवसरा, देवरी, खुरसुनी, बम्हनी, चीरचार, टेकापार, भरदाकला, बोडेना, बरबसपुर, बुढानपुर , सिब्दी, गडईनडीह डेगरापार ,कसहीकला, बोरी, पापरा, बुंदेली, फरदडीह , आदि गांव के लोगों ने विधायक श्री निषाद का जमकर स्वागत किया।

# हर नई चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)।एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल जनवृत-4 बी एस सिटी में एमजीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के 9वां मार थीयोडोसियस अंतर विद्यालय फेस्ट 2023 का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बी.के. तिवारी, अधिशासी निदेशक सेल बोकारो स्टील प्लांट उपस्थित थे। अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत फादर रेजी.सी वर्गीस प्राचार्य एम जी एम स्कूल ने किया। अतिथि के रूप में भागीरथ समय, एलेक्सीयोस मार यूसीबियस मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में यू.के सिंह प्रबंधक सेल, बोकारो स्टील प्लांट तथा डॉक्टर फादर जोशी वर्गीस एमजीएम ग्रुप के शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि आपको हर नई चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही समय प्रबंधन को ध्यान में रखकर अपनी तैयारी करनी चाहिए ताकि आप सफल हो सकें। भागीरथ समय ने बच्चों को खेल के क्षेत्र में सफलता पाने की रहस्य से परिचय कराया। ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो ने जीता। उपविजेता एमजीएम राउरकेला ने जीता। तीसरे स्थान पर एमजीएम सेक्टर 6 रहा। दूसरी और ए स्पोर्ट्स विजेता एमजीएम बोकारो, स्पोर्ट्स रनर एमजीएम राउरकेला, कल्चरल विजेता एमजीएम बोकारो और कल्चरल रनर अप एमजीएम राउरकेला ने जीत हासिल की। इस फेस्ट में सात राज्यों के 23 स्कूल के प्रतिभागियों ने लगभग 51 प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें कविता वचन, भाषण, निबंध लेखन, लोगो डिजाइनिंग, साइंस मॉडल, समूह गान, समूह नृत्य, तथा खेलकूद टग आफ वार शामिल रहे। मौके पर फादर एंथोनी स्वामी प्राचार्य चंद्रपुरा, ए. एस गंगवार प्राचार्य डीपीएस बोकारो, सोमेन चक्रवर्ती प्राचार्य बोकारो, फादर मैथ्यू थॉमस प्राचार्य बोकारो, राखी बनर्जी उप प्राचार्या एमजीएम बोकारो, एन्सी वर्गिस शैक्षणिक प्रभारी एमजीएम बोकारो, गोपाल ठाकुर, रमेश बाबू, दीनदयाल, लीलधारी, रवि हेंब्रम, रोहित कुमार, संजू कुमारी, हिना खातूनए नौशाद आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# मशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विशाल मशाल रैली का आयोजन किया गया। यह बता दे कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। जिसके फलस्वरूप मतदान प्रक्रिया की सफल बनाने के साथ शत प्रतिशत मतदान हेतु समस्त नागरिकों को प्रेरित करना एवं नये मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता प्रदान करने जागरूक करना ही इस मशाल रैली का उद्देश्य रहा। भिलाई-चरौदा निगम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक आदत्यि भटनागर ने बताया कि जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम संपन्न किया गया है। इस आयोजन में सामुदायिक संगठक श्रीमती कुंती वर्मा, श्रीमती सुषमा पाण्डेय, यंशवत सिंह, अमित वर्मा एवं स्व सहायता समूह की महिला उपस्थित रही।

# संयंत्र के मोडेक्स इकाइयों ने हासिल किया सर्वश्रेष्ठ उत्पादन



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र ने बेहतरीन तालमेल और समन्वय का प्रदर्शन करते हुए चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक उत्पादन के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में संयंत्र की सारी मोडेक्स इकाइयां सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8, एस एम एस.3, यूनिवर्सल रेल मिल एवं बार एवं रॉड मिल ने उत्पादन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। सिंटर प्लांट.3 संयंत्र के मोडेक्स इकाई सिंटर प्लांट.3 ने अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 34,86,284 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज करते हुए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2022-23 में बनाये गए 30,01,267 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। ब्लास्ट फर्नेस-8 रू मोडेक्स इकाई ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा हॉट मेटल का अप्रैल से अक्टूबर में कुल उत्पादन 15,77,092 टन दर्ज करते हुए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2021-22 में बनाये गए 14,53,190 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। एस एम एस.3 संयंत्र की मोडेक्स इकाई एसएमएस 3 टीम ने अप्रैल से अक्टूबर में कास्ट स्टील का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 19,95,337 टन दर्ज करते हुए अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में दर्ज किये गए 16,35,793 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। बिलेट्स उत्पादन में भी 13,20,801 टन के रिकॉर्ड के साथ 10,03,772 टन के अप्रैल से अक्टूबर 2022 23 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूम्स उत्पादन में भी 6,74,536 टन के रिकॉर्ड के साथ 6,29,021 टन के अप्रैल से अक्टूबर 2022 23 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। बार एवं रॉड मिल रू संयंत्र की एक और मोडेक्स इकाई बार एवं रॉड मिल ने हाल ही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 1 लाख टन उत्पादन की सीमा को पार किया हैए जो उसकी मापित उत्पादन क्षमता से 135 प्रतिशत रहा है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में 5,64,731 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया हैए जबकि पिछला रिकॉर्ड अप्रैल से अक्टूबर माह 2022 23 में 4,77,743 टन था। यूनिवर्सल रेल मिल की ऊर्जावान टीम ने वित्त वर्ष 2023.24 में उत्पादन के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इस वित्तीय वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में फिनिश्ड रेल का उत्पादन 5,02,300 टन किया जो वर्ष 2022 23 के अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में उत्पादित 4,59,886 टन से अधिक है। इसके साथ ही प्राइम रेल तथा लांग रेल के उत्पादन में नया रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। इस दौरान 4,73,059 टन प्राइम रेल तथा 4,54,059 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन करते हुए क्रमश: वर्ष अप्रैल से अक्टूबर माह 2022 23 में दर्ज 4,28,390 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2022 23 में दर्ज 4,14,675 टन लॉन्ग रेल के रिकॉर्ड को पार कर गया है। लॉन्ग रेल रू यूनिवर्सल रेल मिलए रेल स्ट्रक्चरल मिल द्वारा कुल लॉन्ग रेल का उत्पादन 5,41,365 टन दर्ज किया गया, जो कि अप्रैल से अक्टूबर 2022.23 में दर्ज 4,79,736 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

# दशरथ का मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए समर्पित



**भिलाईनगर,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। मरने के बाद मानवता की भलाई के लिए भिलाई के एक महामानव की पार्थिव काया मानवता को समर्पित हो गई। स्टेशन मरोदा, इंदिरा चौक निवासी दशरथ मांडी के मरणोपरांत उनकी मृत काया चिकित्सा अध्ययन हेतु प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज को दान कर दी गई। देहदानी दशरथ मांडी के निधन के पश्चात् उनकी बेटी चांदनी बाला की सुचना पर पवन केसवानी द्वारा देहदान हेतु शव वाहन की व्यवस्था के अलावा अन्य शासकीय औपचारिकता संपन्न करवाई गई। शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में स्व. दशरथ मांडी के मृत शरीर से जिन्दा समाज की भलाई होगी। उनका मृत शरीर शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु उपयोग में लाया जाएगा। देहदान हेतु डॉ. सुशील द्विवेदी, डॉ.दिलीप सिंह, डॉ. राहुल बांधे, विनोद देवांगन, बी सुग्रीव, राजेश चौधरी, राजेश वरंदानी, संजीत सोनी, राकेश साहू आदि की विशेष सहभागिता रही।

# बच्चे भविष्य का द्वार होते है : न्यायाधीश टेम्भुरकर

**पिथौरा**, 9 नवंबर (देशबन्धु)। बच्चे भविष्य का द्वार होते है,बच्चो के लिए समय-समय पर क़ानून बनाये गये है, जिसका पालन सुनिश्चित करना हम सब का दायित्व एवं कर्तव्य होता है, उक्ताशय की बातें विधिक सेवा दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय पिथौरा के न्यायाधीश प्रतीक टेम्भुरकर ने आयोजित शिविर में व्यक्त किए।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पर स्थानीय न्यायालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था इस अवसर पर न्यायाधीश टेम्भुरकर ने कहा कि हर साल भारत में 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश के सभी नागरिकों को उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के समक्ष नि-शुल्क दी जाने वाली प्रवीण और कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराना है। इस दिन को मनाए जाने की शुरुआत साल 1995 में की गई थी। तब से हर साल 9 नवम्बर को इस दिन का आयोजन भारत के सर्वोच्च न्यायालय यानि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को न्यायायिक सहायता और समर्थन देने के लिए किया गया था।

**राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस क्यों है खास ?**

श्री टेम्भुरकर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस इसलिए खास माना जाता है क्योंकि आज के दिन विधिक सेवा के तहत प्राधिकरण अधिनियम और वादिकारियों के अधिकार को सभी प्रावधानों से अवगत कराया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगों तक सभी प्रकार की क़ानूनी सेवाओं को नि-शुल्क पहुँचाना है। इस दिन यह प्रयास किया जाता है कि मुफ्त सेवाओं के साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर आज की शिविर का आयोजन किया गया है उन्होंने नि:शुल्क विधिक सेवाएं देने वाले संस्थान के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नि:शुल्क विधिक सेवाएं दी जाती हैं।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का काम राज्य स्तर पर इस काम की देखरेख करना है।राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला स्तर पर विधिक सेवाएं दी जाती है।तालुका स्तर पर सेवा देने

## विधिक सेवा दिवस पर शिविर आयोजित

का काम तालुक विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा होता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराने की सुविधा होती है।

**नि:शुल्क कानून के बारे में दी गई जानकारी**

न्यायाधीश ने कहा कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो, उन्हें बिना पैसे लिए या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता करना विधिक सहायता (स्द्धद्द्ड्डद्य ड्डद्बस्त्र) कहलाता है। कानूनी सहायता देना, विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्त्व है क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है।

**बाल विवाह क़ानून को विस्तार से समझाया**

विश्व के कई देशों में ऐसी कई प्रथाएं हैं, जो आज के समय में लोगों के लिए समस्या बन चुकी है। इसमें से कई ऐसी प्रथाएं, जो महिला वर्ग के लिए चुनौती बन गया है। इन्हीं में से एक प्रथा है बाल विवाह।कानून के अनुसार, निश्चित आयु से पहले किसी भी बच्चे का विवाह यानि नाबालिग उम्र में बच्चे का विवाह कर देना बाल विवाह होता है। प्रत्येक देश में बच्चे के बालिग होने की एक आयु निश्चित की गई है, उससे पहले विवाह होना, बाल विवाह कहलाता है। इस विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है या उनका जीवन कैसा हो जाएगा।इस प्रथा का शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं, क्योंकि कई मामलों में देखा गया है कि लड़कियों की उम्र बहुत ही कम होती है और लड़कों की उम्र उनके मुकाबले बहुत ही ज्यादा होती है। इस तरह की शादी से लड़कियों को जीवन भर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत में कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है।

**बालश्रम के बारे भी अवगत कराया गया**

न्यायाधीश टेम्भुरकर ने बताया कि बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन क़ानून सभी व्यवसायों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।ये कानून, रोजगार के लिए कुछ छूट देते हुए, यह अनिवार्य बनाता है कि बच्चा केवल स्कूल के घंटों के बाद या छुट्टियों के दौरान ही अपने परिवार और पारिवारिक उद्यम में मदद कर सकता है। स्कूल के दिनों में कोई भी परिवार अपने बच्चों को नौकरी पर नहीं रख सकता।

यदि कोई परिवार या नियोक्ता कानून का उल्लंघन की स्थिति में केवल नियोक्ता को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# सरकारी बांस बल्ली की चोरी करने वाले आरोपीगण गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण के चुनाव 7 नवंबर को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का मतदान संपन्न हो गया है। इस दौरान वाहन चेकिंग के लिए बनाये गये बांस बल्ली से बैरियर बनाया गया था। सरकारी बांस बल्ली को चोरी कर अपने घर दुकान में छुपाकर रखने वाले 02 पुरूष 01 महिला आरोपियों को गिरफतार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड भेजा गया है।



ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय बाहर से आने जाने वाले वाहनो की चेकिंग करने के लिए पुलिस विभाग ने गंडई कवर्धा राजकीय मार्ग के ग्राम लिमों में 50-50 नग बस एवं बल्ली का अस्थायी बैरिकेट बनाया गया था, जिसे दिनांक 8 नवंबर के दरम्यानी रात में आसपास के अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर ले गया था। जिस पर गंडई थाना में अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध धारा 379 भादवि, लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में बांस एवं बल्ली को चोरी कर ले जाने वालो की पता तलास किया गया व सीसीटीवी फुटेज देखा गया जिसमें गांव के ही कुछ ग्रामीण परस राम पटेल पिता विदेश राम पटेल जिब्राहिल खान पिता ताज खॉन, दुरपति बाई पति जब्बू सभी निवासी ग्राम लिमों थाना गंडई को बैरिकेट में लगे बांस एवं बल्ली को उखाडकर कर ले जाते हुये देखा गया , सभी को बांस बल्ली को ले जाने के संबंध में पूछताछ किया गया जिनके द्वारा बांस बल्ली को चोरी कर ले जाना स्वीकार करने पर सभी आरोपियों के घर से चोरी के बांस बल्ली को बरामद कर गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# शा. नवीन कन्या महाविद्यालय में जागरूकता रैली



**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया. जागरुकता रैली में छात्राओं ने मतदान जागरूकता से संबंधित नारे लगाकर नगर का भ्रमण किया तथा लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया. इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता प्रसारित करना रहा, ताकि विद्यार्थी सही मतदान के द्वारा सशक्त लोकतंत्र की स्थापना में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें, ताकि प्रदेश तथा देश उन्नति पथ पर अग्रसर हो सके. स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह आयोजन की संयोजक रहीं . इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर, श्रीमती बीटा रानी खलखो, सुश्री खुशबू कश्यप, श्रीमती प्रियंका साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, डॉ. टिशा डे सहित छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।महाविद्यालय के प्राचार्य एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

# प्रेक्षकों ने किया मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



**बलौदाबाजार,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर एवं कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड ने आज जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 172, 173, 143, 144, 179, 180, 181, 192 एवं 194 में पहुंचकर निरीक्षण कर महत्वपूर्ण सुधार के निर्देश संबंधित रिटर्निंग आफिसर को दिए है।

इसी तरह कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड आज कसडोल नगर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्र क्रमांक 132, 133, 134, 135, 136, 137, 138 एवं 141 में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षकों ने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफना हो मतदान केंद्रों में इसका विशेष ध्यान रखे। डॉ.भारूड एवं डॉ अनीश शेखर ने लाइव वेबकास्टिंग के संबध में हो तैयारियों को परखा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों के दिवाल में विशेष सूचना पटल में लेखन के कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होने आम ग्रामीण से मुलाकात कर चुनाव संबधित समान्य जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान संबधित क्षेत्र के तहसीलदार, लायजिनिग अधिकारी सहित राजस्व, पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**खरोरा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)।9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर तथा शासकीय हाईस्कूल भडहा जिला रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान करने के लिए प्रेरित करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह जागरूकता रैली शाला प्रांगण से शुरू होकर गांव के गली मोहल्लों चौक चौराहों तक मतदाता जागरूकता नारों के साथ बाजार चौक पर पहुंचा। बाज़ार चौक पर शिक्षकों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिन्टियर द्वारा आम लोगों से अपील की गई कि वे अपने काम से समय निकाल कर मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों पर जरूर जाएं और वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करें प्रजातंत्र को मजबूत करें। साथ ही इस अवसर पर नालसा के विभिन्न योजनाओं व नालसा निशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,महिला हेल्प लाइन नंबर 181,के संबंध में जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान में पैरालीगल वालिन्टियर शंकर लाल साहू, तुलेश्वर साहू, प्राचार्य श्री चन्द्र शेखर दीवान व्याख्याता श्री कृष्ण कुमार वर्मा, श्री लिलेश्वर पटेल श्री ललित कुमार बनारसी श्री मती रश्मि मैडम मिनी मैडमजी वरिष्ठ नागरिक श्री शंकर लाल दीवान सहित छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में सम्मिलित हूए। न्याय सबके लिए।




# स्वयं सेवकों ने गोदग्राम नवाडीह में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम एल वर्मा के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर मारकंडे के नेतृत्व में गोद ग्राम नवाडीह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम नवाडीह में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाए एवं ग्राम नवाडीह के चौंक चौराहों पर मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक स्वच्छ सरकार बनाने का सकारात्मक संदेश दिया। नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को हर एक वोट का महत्व समझाया गया, साथ ही उनलोगो के लिए भी स्पस्ट संदेश दिया गया जो अपने मताधिकार का प्रयोग किए बिना हर काम के लिए सरकार पर दोषारोपण करते हैं। नुक्कड़ के मुख्य पात्र में स्वयं सेवक कमलनारायण साहू, हुमन देवांगन, पोषण, टिकेश्वर भारती, लाला साहू, देवनंदिनि साहू, अनीता, संतोषी, खेमीन एवं लता साहू थे, साथ ही जीतू सोनकर लुभांशु पांडेय, युवराज रात्रे, लिलेश निषाद,रामचरण निषाद, कुणाल कोसले, कविता साहू, तेजकुमारी, नीलम घिडोरे,खुशी दिवाकर, रेश्मा साहू, के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सेवको ने मतदाता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक आयोजन में भाग लिए।

# चुनाव के मद्देनजर छग व ओड़िशा के आबकारी अमलों की अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक हुई

**महासमुंद,**9 नवंबर (देशबंधु)।आगामी छग विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में छग और ओड़िशा राज्यों के सीमावर्ती जिलों के आबकारी अमलों की सीमा समन्वय बैठक वर्चुअल माध्यम से बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर अनिमेष नेताम, उपायुक्त नार्दन डिवीजन ओड़िशा राजेंद्र बोथरा और बिलासपुर उपायुक्त नोहर सिंह ठाकुर ने दोनों राज्यों के विभागीय अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। निर्वाचन अवधि में सीमावर्ती इलाकों की जांच चौकियों में दोनों राज्यों की ओर से सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इन सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों के अवैध धारण, विक्रय और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की तिथि को मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से छग राज्य की समस्त मदिरा दुकानों, बारों, आसवनियो, बॉटलिंग यूनिट्स, देशी मदिरा के वेयरहाउस और विदेशी मदिरा गोदामों को बंद किया जावेगा। साथ ही साथ सीमावर्ती नार्दन डिवीजन उड़ीसा में सम्मिलित जिला झारसुगुड़ा की 3, बरगढ़ की 20, सुंदरगढ़ की 7 और नुआपाड़ा की 5 मदिरा दुकानें भी इस अवधि में बंद रहेंगी। दीपावली पर्व समीप होने के कारण इस हेतु अधिक चौकसी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में रायगढ़, सारंगढ़ महासमुंद, गरियाबंद, झारसुगुड़ा, बरगढ़, सुंदरगढ़ और नुआपाड़ा जिलों के आबकारी विभाग के अधिकारी सम्मिलित थे।



# प्रभा साहू जिपं सदस्य गौरी-गौरा उत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल



**डोंगरगढ़,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के शुभ अवसर पर ग्रामीण अंचलों में भगवान गौरी-गौरा गणेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी कड़ी में आज ग्राम भेजराटोला में नवयुवक गौरी गौरा गणेश उत्सव समिति के भाइयों द्वारा जस झांकी कार्यक्रम रखा गया जिसमें जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू उत्सव में सम्मिलित हुए तथा सभी को दीपावली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं के साथ नवयुवक भाइयों को कार्यक्रम आयोजन हेतु शुभकामना दी और आगे भी सहयोग प्रदान करने की बात कही साथ में जनपद सदस्य महेश सेन युवा मोर्चा अध्यक्ष भोजराज वर्मा युवा साथी गुमान साहू, शिक्षक उमाशंकर साहू जी, राजेंद्र साहू जी ,सेवक साहू उपसरपंच सूरज साहू लालेश साहू आनंदराम साहु राजकुमार संजय ईश्वर तरुण देवांगन एवं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## निधन

### पिंकी ललवानी



**राजनांदगांव,** 9 नवंबर। स्थानीय रिद्धी-सिद्धी कालोनी निवासी पिंकी ललवानी (जैन) धर्मपत्नी संजय ललवानी उम्र 48 वर्ष का आज सुबह 7.30 बजे निधन हो गया है। शाम 4 बजे बाल गोविंद चौक स्थित आवास से शवयात्रा निकाली गई। लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया.

## प्रादेशिकी का शेष...

### मंत्री गुरु रुद्र कुमार के काफिले पर...

इसके पश्चात बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता देर रात तक पुलिस थाने में पहुंचे और हमलावरों पर कार्रवाई की मांग करते रहे। इधर रात में नवागढ़ बीएमओ डॉ एमएम रज़ा ने गुरु रुद्रकुमार के सेहत का प्राथमिक जांच किया, जिसमें घबराहट के चलते उनका बीपी सुगर बड़ा हुआ था।

**आगमन पर हुई थी नारेबाजी**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गुरु रुद्र कुमार के झाल आगमन पर महामाया मंदिर जाने के रास्ते पर सकरी गली में कुछ लोगों ने नारेबाजी की थी। लेकिन गुरु रूद्र ने उन्हें नजरअंदाज करते हुए मंदिर की ओर निकल गए थे। फिर जब सभा से वापसी में वह निकले तो मेन रोड में पथराव हो गया। कहीं ना कहीं नारेबाजी करने वाले उन लोगों को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है और पहले से प्लानिंग की आशंका जताई जा रही है।

**भय-आतंक का माहौल बनाने की कोशिश**

इधर घटना के बाद कांग्रेस जनों के द्वारा निंदा किया जा रहा है वहीं विरोधियों की शर्मनाक हरकत बतलाया है ।वरिष्ठ नेता बिसोहा साहू ने कहा कि कांग्रेस शासन में बीते 5 वर्षों तक शांति व्यवस्था बरकरार रही। अब फिर से तथाकथित विरोधी दल के लोगो का गुंडागर्दी शुरू हो गई है। जिस तरह से 2018 चुनाव में लोगों को भय और आतंक दिखाकर प्रताड़ित किया जाता था अब फिर से इसे दोहराने प्रयास किया जा रहा है। जात-पात के नाम पर लड़वाने का प्रयास किया जा रहा है ।लेकिन अब भाजपा ने नापाक मंसूबे कामयाब नहीं होने वाले हैं। हमे नवागढ़ में शांति एवं भाईचारा चाहिए। नवागढ़ की जनता गुरु रुद्र कुमार के साथ खड़ी है। घटना की निंदा करने वालों में नंद कुमार साहू , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील साहू,संतोष साहू ,रोहित साहू ,शिव प्रसाद साहू , सर्व हिंदू समाज जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ,ग्राम मूरता सरपंच हेमंत साहू ,अखिलेश साहू , सरपंच तुलसी यदु , सनतधर दीवान ,जावेद खान, झमन बघेल ,रितेश शर्मा, राजा तिवारी, अभिषेक तिवारी है।

### कालोनियों के पदाधिकारियों ...

व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के दिशा निर्देश पर युवोदय इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय दुर्ग के स्वयं सेवकों द्वारा घरोंघर जाकर लोगों से 17 नवंबर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की है। आज के कार्यक्रम में युवोदय दुर्ग से विजय कुमार गुप्ता, योगेश साहू, छत्रपाल साहू, साक्षी, खुशी, राखी, संजना गौतम, कंचन काजल निषाद, मरियम खातुन, तनुप्रिया साव, तनु भारती, शबनम, अनीता, निशा साहू, व निधि व अन्य लोग शामिल थे।

### रमन से भाजपा कार्यकताओ ने की ...

जैन, प्रदीप मिश्रा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन , महामंत्री जी संतोष राव, राकेश अग्रवाल , प्रिंस कक्कड़ ,जीतू हिरवानी, साया गवली, शिवराम यादव, चितरंजन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# 4 लाख नगदी ले जाते तीन युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**महासमुंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)।आम निर्वाचन में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सरहदी क्षेत्रों के साथ.साथ जिले के भिन्न.भिन्न विधानसभाओं में निगरानी हेतु टीम बनाई गई है। जो अवैध मादक पदार्थ तस्करी, नगदी परिवहन एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। जिसके तहत् थाना महासमुंद एवं सायबर सेल की टीम द्वारा 8 नवंबर को नदी मोड़ घोड़ारी में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेंकिंग के दौरान वाहन क्रमांक ओडी 26 जी 6363 को ओड़िसा की ओर से आते देख रोक कर चेक किया गया। वाहन में 3 व्यक्ति बैठे मिले। अभिलाष पिता अहिंसा रंजन पटनायक उम्र 36 वर्ष,वैभव पिता राजेश रंजन पटनायक उम्र 26 वर्ष,सम्बित पिता सुरेश साहू उम्र 30 वर्ष साकिन नुवापडा जिला नुवापडा ओडिसा बैठे मिले।

# 210 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त

**धमतरी,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध शराब के विरूद्ध अवैध शराब के विरूद्ध सलोनी के जंगल में नाला के पास आबकारी अमले द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान 210 बल्क लीटर महुआ शराब और 6200 किलोग्राम शराब बनाने को तैयार महुआ लाहन जप्त किया गया।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MURALEEDHARAN PARAPPATTU DAMODARAN S/O VILAYIL KESAVAN-DAMODARAN resident of MURALI VILAS-2-B, OM PARIS-AR WARD-21, KAILASH NAGAR I E BHILAI DURG (C.G.) have changed my old name MURALEEDHARAN PARAPPAT-TU DAMODARAN S/O VILAYIL KESAVANDAMODARAN so in future I should be recognized by my new name that is MURALIDHARAN PARAPPATTU DAMODARAN S/O VILAYIL KESAVANDAMODARAN in all Government and other documents.

**MURALIDHARAN PARAPPATTU DAMODARAN**
MURALI VILAS-2-B, OM PARISAR WARD-21, KAILASH NAGAR I E BHILAI DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANIL LUNIA S/O DHARAM CHAND LUNIA resi-dent of HOUSE NO. H-110 WARD NO. 45 PADMANABH-PUR DURG 491001 (C.G.) have changed my old name ANIL LUNIA S/O DHARAM CHAND LUNIA so in future I should be recognized by my new name that is ANIL KUMAR LUNIA S/O DHARAM CHAND LUNIA in all Government and other documents.

**ANIL KUMAR LUNIA**
HOUSE NO. H-110 WARD NO. 45 PADMANABHPUR DURG 491001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, APURVA S RANA D/O S RANA ( STEPHENS RANA ) resident of QUARTER NO.-2/B , STREET NO.-4, PANCHSHEEL A SECTOR, NEAR SHIV MANDIR, BORSI, POTIA, DURG, (C.G), PIN-491001 have changed my old name APURVA S RANA D/O S RANA (STEPHENS RANA ) so in future I should be recognized by my new name that is APURVA PAL W/O GAURAV PAL in all Government and other documents.

**APURVA PAL**
QUARTER NO.-2/B , STREET NO.-4, PANCHSHEEL A SECTOR, NEAR SHIV MANDIR, BORSI, POTIA, DURG, (C.G), PIN- 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHNU KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL resident of HOUSE NO.-193, ARYA NAGAR,DURG,(C.G)-491001 have changed my old name VISHNU KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL so in future I should be recog-nized by my new name that is VISHNU KUMAR KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL in all Government and other documents.

**VISHNU KUMAR KHANDELWAL**
HOUSE NO.-193, ARYA NAGAR,DURG,(C.G)-491001

# धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## सुभाष मेडिकल स्टोर्स

बाजार रोड, गांधी चौक, बेमेतरा (छ.ग.)

एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाईयों के विक्रेता



**अनिल चौबे**
प्रोपाईटर

---

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

## सिंह डिस्ट्रीब्यूटर्स

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के बाजू में
बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास
बेमेतरा (छ.ग.)
एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाओं के थोक विक्रेता



जैनेन्द्र सिंह प्रोपाईटर | लक्ष्मीनारायण सिंह व्यवस्थापक | गीतिश सिंह व्यवस्थापक | हेतुल्य सिंह व्यवस्थापक | स्वराज सिंह | सौर्या सिंह

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



## शारदा ज्वेलर्स

सदर रोड, बेमेतरा
सोने-चांदी के आधुनिक आभूषणों के विक्रेता

प्रो. मनोज शर्मा

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## मे. बालाजी राईस मिल

नवागढ़ रोड, बेमेतरा (छ.ग.)

उच्च कोटि अरवा चावल के निर्माता

ब्रांड
S.S.S.
सत्यम शिवम सुन्दर

मो. 9425561765, 9926193696, फोन 07824-222242

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## विनायक मेडिकल स्टोर्स

रेस्ट हाउस चौक, बेमेतरा (छ.ग.)

एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाईयों के विक्रेता



**शरद शर्मा**
प्रोपाईटर

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं





## चाण्डक अनाज भण्डार

नगर पालिका काम्पलेक्स, बेमेतरा (छ.ग.)

प्रो. मुकेश चाण्डक
मो. 94255-61853

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## दुबे मेडिकल स्टोर्स

नया बस स्टैण्ड, बेमेतरा (छ.ग.)

एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाईयों के विक्रेता



**दिनेश दुबे**
अध्यक्ष, जिला दवाई विक्रेता संघ
बेमेतरा एवं प्रोपाईटर

उल्टा पुल्टा

**पति ने पत्नी से कहा:** मेरा फोन आये तो कहना में घर पर नहीं हूँ।
अचानक फोन की घंटी बजी
**पत्नी ने फोन उठाकर कहा:** वो अभी घर पर हैं।
**पत्नी के फोन रखते ही पति खीजते हुए बोला:** तुमसे मना किया था फिर भी क्यों बताया कि मैं घर पर हूँ?
**पत्नी बोली:** आपने अपने फोन के लिए मना किया था, वह फोन तो मेरे लिए आया था।

## संपादकीय

## एटीएम में पर्याप्त नगदी रहे

त्यौहारों का सीज़न चल रहा है और शुक्रवार से साल भर के सबसे बड़े त्यौहार दीवाली का आगाज़ हो रहा है जिस दिन पर खरीदी करना शुभ माना जाता है। चाहे लोगों के पास कितनी भी आर्थिक अड़चनें हों, वे राशि की उपलब्धता तथा ज़रूरत के मुताबिक इस मौके पर खरीदारी करते ही हैं। पहले दिन यानी धनतेरस से ही कपड़े-लत्तों से लेकर गहने आदि की जमकर खरीदी होती है। जमीन-मकान, वाहन आदि खरीदने के लिये तो चेक का इस्तेमाल होता है परन्तु कपड़े, जूते, बर्तन, सजावट आदि जैसा सामान खरीदने के लिये नगदी ही अधिक सुविधाजनक होती है। त्यौहारों पर खरीदारी करने के लिये लोगों के सामने इन दिनों नगदी की समस्या है क्योंकि शहरों में विभिन्न बैंकों के एटीएम बड़े पैमाने पर खाली पड़े हैं। इनमें नगदी ही खत्म होने की शिकायतें मिल रही हैं।

वैसे भी अब पैसों की ज्यादातर निकासी लोग डेबिट कार्ड से ही करने लगे हैं। पहले की तरह चेक के जरिये राशि निकालने का चलन खत्म हो रहा है। इससे बैंकों के भीतर भीड़ तो समाप्त हो ही गई है, अब लोगों को घंटों बैंकों में बैठना नहीं पड़ता। बैंकों में फॉर्म भरकर और लाईन लगाकर पैसे निकालने की जरूरत नहीं रह गई है। लगभग सभी खाताधारकों को डेबिट कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। इससे वे कहीं भी और मनचाहे समय पर कैश निकालते हैं।

आलम यह है कि अब लोगों को किसी भी तरह की खरीदारी या किसी काम के लिये पैसे चाहिये होते हैं तो वे सीधे घरों से निकलकर राशि निकालते हैं और वह खरीदारी का काम करते हैं। ऐसे में यदि दूकानों के पास या खरीदारी करने के बाद मशीनें खराब पाई जाती हैं अथवा नकदी न हो तो जनसामान्य की दिक्कतों की कल्पना की जा सकती है।

त्यौहारों पर वैसे भी लोगों की नकदी की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा होती है क्योंकि वहां की जनसंख्या तो अधिक होती ही है, साथ ही उनमें खरीदारी भी बड़े पैमाने पर होती है। विभिन्न तरह के बाजार अनेकानेक तरह की उपभोक्ता वस्तुओं से पट जाते हैं। साथ ही मनोरंजन के लिये उपलब्ध साधनों का जमकर उपयोग होता है। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों में यह समस्या अक्सर देखी जाती है कि कोई भी बड़ा त्यौहार हो, नकदी की कमी हो जाती है। मशीनों में नोट डालने का अंतराल इतना अधिक होता है कि जब तक दूसरी खेप आती है पहले के डाले नोट कभी के खत्म हो चुके होते हैं। बैंकों को चाहिये कि त्यौहारों के वक्त इस पर विशेष ध्यान दें। मशीनें खराब न हों और उनमें पर्याप्त नकदी भी होनी चाहिये ताकि जनता को इस सम्बन्ध में कोई समस्या न हो।

# बोराई चेक पोस्ट एवं फारेस्ट नाका में गांजा तस्करी कर रहे दो अलग-अलग जगहों में दो आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब, गांजा एवं संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह के नेतृत्व लगातार संदिग्ध वाहनों कि सघन चेकिंग कराई जाकर सतत् नजर रखी जा रही है।



दोनों आरोपियों के कब्जे से 36.900 ग्राम गांजा, दो नग मोटरसाइकिल एवं 2 नग मोबाईल किया गया जप्त

इसी तारतम्य में थाना बोराई पुलिस द्वारा नवम्बर बुधवार को थाना के सामने बोराई चेक पोस्ट में चेकिंग की जा रही थी उसी दरम्यान उड़िसा कि तरफ से आ रहे एक व्यक्ति द्वारा बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्र. एमपी 44 रूएमएम 6899 रंग काला कलर के पीछे प्लास्टिक बोरी में चेकिंग किये जाने पर मादक पदार्थ जैसे होने से संदेही से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम नाहर सिंह पिता मांगी लाल बंजारा उम्र 47 वर्ष निवासी पिपलिया व्यास, थाना नीमच, जिला नीमच ( म0प्र0 ) का होना बताये जिससे तलासी के दौरान संदेहान द्वारा एक प्लास्टिक बोरी में मादक पदार्थ गांजा जैसे से होने से उपस्थित गवाहों को तस्दीक कराया गया जो मनोउत्तेजक मादक पदार्थ जैसे गांजा का होने से संदेही द्वारा मादक पदार्थ जैसे गांजा को रखने के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज पेश नही करने पर कुल वजनी 21 किलो 200 ग्राम का होना पाया गया जो किमती लगभग 424000/- रूपये का है जिन्हे सील बंद किया गया है इसके अलावा संदेही द्वारा प्रयुक्त किये गये मोबाईल एक नग एंडरॉयड मोबाईल किमती 2500/-रूपये गवाहों के समक्ष जप्त किया गया जो संदेहियों का यह कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का होना पाया गया है।

(01) नाहर सिंह पिता मांगी लाल बंजारा उम्र 47 वर्ष निवासी पिपलिया व्यास, थाना नीमच, जिला नीमच ( म0प्र0) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। (02) दूसरा मामला -= बोराई फारेस्ट बोराई पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी उसी दरम्यान घुटकेल कोटपारा के तरफ से आ रहे एक व्यक्ति द्वारा बजाज मोटर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 4 लाख नगदी ले जाते तीन युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**महासमुंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। आम निर्वाचन में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सरहदी क्षेत्रों के साथ.साथ जिले के भिन्न.भिन्न विधानसभाओं में निगरानी हेतु टीम बनाई गई है। जो अवैध मादक पदार्थ तस्करी, नगदी परिवहन एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। जिसके तहत् थाना महासमुंद एवं सायबर सेल की टीम द्वारा 8 नवंबर को नदी मोड़ घोड़ारी में संदिग्घ वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेंकिंग के दौरान वाहन क्रमांक ओडी 26 जी 6363 को ओड़िसा की ओर से आते देख रोक कर चेक किया गया। वाहन में 3 व्यक्ति बैठे मिले। अभिलाष पिता अहिंसा रंजन पटनायक उम्र 36 वर्ष, वैभव पिता राजेश रंजन पटनायक उम्र 26 वर्ष, सम्बित पिता सुरेश साहू उम्र 30 वर्ष साकिन नुवापडा जिला नुवापडा ओडिसा बैठे मिले। सभी से पूछताछ कर वाहन की चेकिंग किया तो वाहन में नगदी रकम 4 लाख रूपये रखे मिले। जिसके संबंध में पूछताछ कर भारी मात्रा में नगदी रकम रखने व परिवहन करने का दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। उनके द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नही करने पर आचार संहिता में भारी मात्रा में नगदी रकम परिवहन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली महासमुंद को सुपुर्द किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु. अधिकारी पु महासमुंद श्रीमती मंजूलता बाज के निर्देशन में थाना महासमुंद एंव सायबर सेल टीम द्वारा की गई।



# देशबन्धु संवाददाता की पहल पर जंगल में आग लगने से बची



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। आज तुरतुरिया बेरियर के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेड़ की जड़ खोह में आग लगा दिया था। उसी समय हमारे संवाददाता वहां से गुजरते हुए देख लिया जिस पर तत्काल बेरियर में उपस्थित कर्मचारी को जानकारी दी गयी। जिस पर कर्मचारी द्वारा आग को तुरन्त बुझाया गया। जिससे जंगल को नुकसान होने से बचाया जा सका। ज्ञात हो वन विभाग के द्वारा सड़क के किनारे के घास फूस झाड़ी वगैरह को काट कर पेड़ की जड़ में रखा गया है। जो आग लगने संभावना को आमंत्रित करता है। जिसे तुरतुरीया से बार नयापारा तक देखा जा सकता है। उक्त घास फूस झाड़ी वगैरह को किसी गढ़े में डाल कर खाद बनाया जा सकता है या नष्ट किया जा सकता है। परन्तु विभाग इस ओर गंभीर नही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास करने पर बताया कि आज सीसीएफएवं डी एफओ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# होम वोटिंग से बुजुर्गों सहित परिवार में उत्साह

## कोई भी मतदाता नहीं छूटे के तहत 25 बुजुर्ग लोगों का हुआ मतदान संपन्न

**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग शत प्रतिशत मतदान को लेकर बहुत गंभीर है। जिसके तहत बहुत सारी व्यवस्थाएं की जा रही है। जो 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वे मतदाता जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं ऐसे मतदाताओं तक मतदान दल स्वयं पहुंचकर मतपत्र द्वारा मतदान संपन्न करा रहे हैं।



इसी कड़ी में अभनपुर विधानसभा क्र. 53 के तहत गोबरा नवापारा में कुल 27 मतदाताओं की पहचान की गई थी जिसमें से दो लोगों की मृत्यु हो जाने से कुल 25 लोग शेष बचे जिनका मतदान गुरुवार को संपन्न हुआ। मृत लोगों का पंचनामा तैयार कर लिया गया है जिसे आयोग को सौंपा जाएगा।

इसी कड़ी में नगर के वार्ड क्रमांक 14 में शांति बाई जैन, सोनाबाई जैन, सिरियाबाई बाफ्ना के निवास में मतदान दल के पीठासीन अधिकारी राकेश प्रधान, सेवक राम साहू 1, माइक्रो आब्जर्वर ऋषिकेश, महिला कांस्टेबल गिरिजा चंद्राकर, कैमरामैन अतुल टंडन राजस्व विभाग के अधिकारी नायब तहसीलदार द्वय वसुमित्र दीवान, अशोक जंघेल सहित संबंधित क्षेत्र के सभी हल्के के पटवारी तथा बीएलओ दुर्गा यादव ने मतदान संपन्न कराया।

लोकतंत्र के उत्सव पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिये 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के घरो तक मतदान दल ने दस्तक दे रहे जो मतदान केन्द्रों में जाने तक असमर्थ है। उनके चेहरे पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की मुस्कान और उल्लास है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार पहली बार 80 वर्ष से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विकास की गति के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की शैलेश नितिन त्रिवेदी ने

**बलौदाबाजार,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने जनआशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान गुरूवार को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के तिल्दा एवम सुहेला ब्लॉक के दर्जनों गावो में जनसंपर्क किया। इसी क्रम में शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सिनोधा (तिल्दा), खपरी कला, भटभेरा, बुड़गहन, टेकारी, रानी जरौद, खेलवारी, बिटकुली, बरडीह, भंवरगढ़, जांगड़ा, मुड़पार, नवापारा गावों में घर घर जाकर लोगो से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होनें बलौदाबाजार विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए एक समृद्ध बलौदाबाजार विधानसभा बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की।



शैलेश त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी के भरोसे का घोषणा पत्र के आधार पर समर्थन मांगा उन्होंने लोगो से कहा कि हमारी सरकार में किसानों का कर्जा माफहुआ उनकी फसल का पूरे देश में सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है हमारे किसान खुशहाली के साथ जीवन जी रहे है भूपेश बघेल की सरकार ने इस बार फिर से किसानों का कर्ज माफकरने का वचन दिया साथ ही महिला स्व सहायता समूहों का पूर्ण कर्ज माफी का भी वचन दिया है शिक्षा के क्षेत्र में सभी के लिए केजी से लेकर पीजी तक कि संपूर्ण पढ़ाई फ्री किया है सभी को मुफ्त शिक्षा देने का काम करेंगे। किसान एवम जनसामान्य के हितों को ध्यान में रखकर अपना घोषणा पत्र तैयार किया है। जिसे भूपेश सरकार निश्चित रूप से पूरा करेंगी हमारी सरकार ने समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा है भूपेश बघेल की सरकार बनते ही हमारे किसानों को उनकी उपज का दाम 3200 रुपये प्रति चिंटल की दर से दिया जाएगा। आज के जनसंपर्क के दौरान शैलेश त्रिवेदी के साथ प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, भुनेश्वर, भानु वर्मा, सुरेन्द्र ठाकुर, संदीप पाण्डेय, अजय तिवारी, उमा अनंत, जीवन जायसवाल, विश्राम सिन्हा, बहुर सिंग ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव, उमेश खुटे, मुनीराम वर्मा, शकुतला बघमार, अनिता साहू नेवारी सरपंच, गंगोत्री तिल्दाबांधा सरपंच, हरिशचंद्र ध्रुव बिटकुली सरपंच, टिकेश जायसवाल, संतोष चन्द्राकर, डॉ. फारूखी, लखन वर्मा, कमलेश जायसवाल, शिव कुर्रे, हेमलाल पाठरे, रमेश वर्मा, मकसूदन साहू, रामदयाल साहू, नंद यदु, रामदेव यदु, विश्वनाथ द्विवेदी, सालिक ठाकुर, गणेश साहू, बिसन साहू, जय बघमार, हुलास यदु, अलिशा भारती, अनिल यदु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवम ग्राम वासी उपस्थित थे।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में बुधवार को संयुक्त आबकारी टीम जिला महासमुंद द्वारा महासमुंद शहर वृत्त एवं आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत की गई कार्यवाही में 01.01 प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें महासमुंद शहर वृत्त अंतर्गत तुलसीदास मानिकपुरी ग्राम गंजपारा वार्ड नंबर 19 महासमुंद से 8 स्टरेन बीयर मात्रा 5.200 लीटर, 4 पाव देशी मदिरा मसाला मात्रा 0.720 लीटर, 6 पाव जम्मू स्पेशल व्हिस्की 1.08 लीटर मदिरा कुल मात्रा 7.00 बल्क लीटर छग राज्य निर्मित मदिरा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार आबकारी वृत्त सांकरा के अंतर्गत की गई कार्यवाही में रामचरण पटेलए ग्राम राजाकटेल थाना.सांकरा से एक 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 09 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बाजार मूल्य 1800 रुपए एवं 03 प्लास्टिक ड्रम में कुल 300 किलो महुआ लहान बाजार मूल्य 15000 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्ठी एवं उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सविता रानी मेश्राम एवं आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, हृदय कुमार तिरपुरे, विकास बढेन्द्र का विशेष योगदान रहा। इस >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# भूपेश बघेल जिले के तीनों विस में आज करेंगे चुनावी सभा

**बलौदाबाजार,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। दूसरे चरण का मतदान आगामी 17 नवंबर को होना है आने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए 10 नवम्बर को बलौदाबाजार जिले के तीनो विधानसभा सीट बलौदाबाजार, भाटापारा और कसडोल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे।



चुनाव अभियान समिति के जिला संयोजक व बलौदाबाजार जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जिले के तीनो कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए जन समर्थन मांगने जिले में आगमन हो रहा है जिलाध्यक्ष ने बताया की कसडोल विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू के समर्थन के लिए नगर पंचायत लवन में सुबह 11 बजे, बलौदाबाजार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के लिए ग्राम सुहेला में 1 बजे एवम भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के लिए नगर पंचायत सिमगा में दोपहर 2 बजे जन आशीर्वाद कार्यक्रम में विधानसभा की जनता एव मतदाता को संबोधित करेंगे।

# व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर तीनों विस क्षेत्र के 22 अभ्यर्थियों को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नही करने पर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के 22 प्रत्याशियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिसमें विधानसभा कसडोल के 14, बलौदाबाजार 3 एवं भाटापारा के 5 शामिल है। कसडोल विधानसभा में डॉ. देवदत्त बरतामसी, जे मनहरण दास गुरूगोसांई, अमरीका साहू, गोप कुमार पटेल, छबीलाल पैकरा, धनेश कुमार कोसले, सुश्री परमेश्वरी पैकरा, पुरूषोत्तम सोनी, धनीराम केंवट, प्रीतलाल कुर्रे, मनोज कुमार, आडिल, लीलाधर निषाद, शैलेन्द्र एवं संदीप साहू. इसी तरह विधानसभा बलौदाबाजार में संतोष यदु दुर्गेश्वरी देवी घृतलहरे, नरोत्तम दास >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# मेरे प्रदेश के अन्नदाता प्रसन्न रहे, इससे बढ़कर कुछ नहीं : भूपेश

## आरंग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा को किया संबोधित





**आरंग, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरंग पहुँचे और चुनावी आमसभा को सम्बोधित किया।मुख्यमंत्री ने आरंग प्रत्याशी और मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया का प्रचार करते हुए जनता का आशीर्वाद मांगा।हजारों की संख्या में सभा स्थल पहुँचे क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों में छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने वाली भाजपा के पास अब छत्तीसगढ़ में कोई भरोसेमंद नही है इसलिए ये मोदी गारंटी लाए है।लेकिन प्रदेश की जनता सब समझ चुकी है।पहले चरण में कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी और दूसरे चरण में भी कांग्रेस की लहर चलेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कोरोना के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन में कोरोना को भगाने के नाम पर देश की जनता से थाली और ताली बजाई, कोरोना तो भागी नही उल्टा बार-बार वापस आते रही।केंद्र सरकार की अड़चनों का बाद भी हमने अपना वादा पूरा किया।उन्होंने कहा कि मेरे अन्नदाता प्रसन्न रहे इससे बढ़कर मेरे लिए कुछ नही।मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर भी हमला किया उन्होंने कहा कि रमन सिंह ने 15 साल तक पूरे प्रदेश को ठगने का काम किया।भाजपा को चुनाव के समय ही बोनस की याद आती है बाद में भूल जाते है। छत्तीसगढ़ के संसाधनों पर भाजपा की बुरी नजर है।इस बार कांग्रेस सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी।3200 रुपये प्रति चिंटल में धान की खरीदी होगी।

**मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने कहा- पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में, पूरे 90 सीट जीतेंगे**

वही आरंग से कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आमसभा में आई भीड़ का स्वागत करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।डॉ.डहरिया ने कहा कि इस बार पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में है।छत्तीसगढ़ की सभी 90 सीटों को जितना है।कांग्रेस ने दो साल कोरोना काल के बाद भी भाजपा के 15 साल की अपेक्षा अधिक कार्य किये है।कांग्रेस से प्रदेश के हर वर्ग के लोग खुश है,आगे भी इनकी खुशहाली हमारी जिम्मेदारी है।डॉ.डहरिया ने आरंग की जनता से मिल रहे प्यार और आशीर्वाद के लिए आभार जताया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरोरा में एक विशाल जनसभा को किया संबोधित



**खरोरा, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा के पक्ष में प्रचार करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हेलीकॉप्टर से शाम को खरोरा पहुंचे,खरोरा मैदान में उन्होंने एक जन समूह को संबोधित किया यहां पर भारी संख्या में नगरीकरण उपस्थित हुए, जिनको संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र के मोदी सरकार व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को आड़े हाथों लेते हुए जमकर खींचाई की, साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की सरकार है उनके झूठे वादों में ना पड़े, वहीं उन्होंने कांग्रेस को भरोसे की सरकार करार दिया।

मुख्यमंत्री ने 5 सालों में अपने किए गए वादों को पूरा करने के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही वर्तमान कांग्रेस के घोषणा पत्र को भरोसे का घोषणा पत्र करार दिया एवं उपस्थित जन समूह को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस की सरकार बनी तो सर्वप्रथम 2 घंटे के अंदर पुरे किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। साथ ही उन्होंने घोषणा पत्र के अन्य बातों को भी बताया, कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती छाया वर्मा ने भी सभा को संबोधित कर राज्य के भूपेश सरकार की उपलब्धियो का बखान किया, पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, साथ ही बड़ी संख्या में जन समूह कार्यक्रम में उपस्थित रहे, यहां पर हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में उमड़े थे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मंडी परिसर में निर्वाचन कार्यों का किया निरीक्षण



**बिलाईगढ़, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा विधानसभा निर्वाचन कार्यों की व्यवस्था के संबंध में कृषि मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने इस दौरान निर्वाचन कार्यों की अद्यतन जानकारी ली एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इसके अलावा कलेक्टर द्वारा मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालय, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधानसभावार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की देवेंद्र भृगु ने



**भाटापारा, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** बलौदा बाजार- स्थितियां अनुकूल रहीं, तो छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन में इस बार अध्यक्ष पद पर नया चेहरा दिखाई दे सकता है। यह इसलिए क्योंकि पहली बार राजधानी के दबदबे को चुनौती, जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र भृगु ने दे दी है।

26 नवंबर। यह वह तारीख है, जिस दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव होने जा रहा है। अपने आप में बेहद प्रतिष्ठित माना जाता है यह पद लेकिन इस बार स्थितियां बदली हुई हैं। कई ऐसे काम हैं, जिनका किया जाना बेहद जरूरी है। लिहाजा राजधानी से बाहर के शहर को नेतृत्व की कमान दिए जाने की मांग उठ रही है।

**विधिवत नामांकन:** छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स संगठन को प्रदेश की महत्वपूर्ण व्यापारिक संस्था माना जाता है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक कारोबार का संचालन कर रही इस संस्था में वर्तमान में 2290 राइस मिलर्स मतदाता है। चुने जाने वाले अध्यक्ष, अपनी कार्यकारिणी और पदाधिकारी का चयन करते हैं। बदलाव और विकास की चाह में जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र भृगु ने संगठन के निर्वाचन कार्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिलीप अग्रवाल को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

**26 को चुनाव के लिए भरा नामांकन**

### यह रहे उपस्थित

छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का नामांकन सौंपे जाने के समय प्रत्याशी देवेंद्र भृगु के साथ वरिष्ठ राईस मिलर राजकुमार सोलंकी, नरेश भट्टर, शिखर चंद अग्रवाल, राजेश केडिया, संजय अग्रवाल, तरुण केशरवानी, संजय पटेल, सपन केसरवानी, दया नायक, सुधीर नायक, तुषार नायक, रजत शर्मा, विशाल भूषणिया, नट्टू अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, शिव शर्मा, राघवेंद्र साहू, राजेंद्र पटेल, हेमंत चौधरी, दीपक अग्रवाल, वंश चौधरी, नीतिश शर्मा और जगमोहन साहू सहित अन्य मिलर्स उपस्थित थे।

# कसडोल स्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली




**सरायपाली, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन एवं एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा ओंकारेश्वर सिंह के मार्गदर्शन तथा बीईओ प्रकाशचन्द्र मांझी एवं स्वीप नोडल अधिकारी सतीश स्वरुप पटेल बीआरसीसी के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल एवं उच्च प्राथमिक शाला कसडोल में (स्वीप)कार्यक्रम के तहत विधानसभा सरायपाली के भाग संख्या 236 कसडोल में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा उत्साह के साथ गांव में रैली निकालकर एवं शुभिन्नक चिन्ह बनाकर लोगो को जागरूक किया गया। बच्चों द्वारा पोस्टर निर्माण,रंगोली प्रतियोगित का आयोजन किया गया।जिसमें शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक क्रांति कुमार सतपथी एवं शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के प्रधान पाठक अंजू पटेल, योगेश साहू, एंजेलिना नंद, विराट भोई, सुष्मिता भोई,पुष्पा साहू,शांतिभूषण भोई, रसोईया एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दुर्वादल दीप ने दी।

# बिना शराब सेवन किए दिवाली मनाने की अपील

**पलारी, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** गत दिवस छ.ग.झेरिया यादव समाज पलारी परीक्षेत्र लवन राज का बैठक राधा कृष्णा मंदिर बालसमुंद पलारी मे संपन्न हुवा। जिसमे यादव समाज द्वारा अपनी मुख्य त्यौहार दीपावली, देव उठनी तथा पुन्नी मे शराब सेवन किये बिना सादगी पूर्ण दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ राधा कृष्णा मंदिर का जीर्णोद्धधर को पुन्नी मेला तक पूर्ण कर अपने इष्ट देवता राधा कृष्णा को स्थापित करने का निर्णय लिया गया। जिसमे मुख्य रूप से झेरिया यादव समाज जिला सचिव संतोष कुमार यादव,पलारी परीक्षेत्र अध्यक्ष नंदकुमार यादव, उपाध्यक्ष घासूराम यादव,कोषाध्यक्ष नंदकुमार यादव,सचिव कमलेश यादव,सहसचिव ओंकार यादव, प्रवक्ता श्रवण कुमार यादव, मीडिया प्रभारी मोहन यादव, अंकेक्षक तुलसी यादव, खरोरा परीक्षेत्र अध्यक्ष भोला राम यादव,पार प्रमुख दयाराम यादव,बाबूलाल यादव,नारायण यादव,खेदराम यादव,ओकीस यादव,कोडूराम यादव,बिसेसर यादव,भारत यादव,शिवराम यादव,मोहन यादव,राजपंच हरिश यादव,समाज सेवक जोहित यादव , राधेश्वयम यादव सहित यादव बंधु बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# प्याज बीज पहुंचा 1200 रुपए किलो पर



**भाटापारा, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** सब्जी के बाद, अब सब्जी बीज में तेजी आने लगी है। सर्वाधिक उछाल प्याज के बीज में आ चुकी है। जिसकी कीमत 1200 रुपए किलो बोली जा रही है। कमोबेश सब्जी की अन्य प्रजातियों के बीज की स्थिति भी ऐसी ही है।

सब्जी उत्पादक किसान पहली बार ऐसी किस्म का चयन कर रहे हैं, जिसमें मांग बनी हुई है, या आगे भी बने रहने के आसार हैं। ऐसी स्थितियों में भाजी में लाल, पालक और मेथी बीज की मांग ज्यादा है। हालांकि कीमत इनकी भी अच्छी-खासी है। इसके बावजूद तैयार फसल को जैसा प्रतिसाद मिल रहा है,उसे देखते हुए बोनी में इन्हें ही पहले क्रम पर रखा जा रहा है।

**भाजी में पालक सबसे आगे**

**पालक बीज 150 रुपए**

रिसर्च चालिटी सबसे ज्यादा मांग में है। ऐसे में शीत ऋतु में मांग में बने रहने वाली पालक भाजी के बीज की खरीदी पर सब्जी किसानों को प्रति 250 ग्राम के लिए 150 रुपए देने पड़ रहे हैं। कुसुम भाजी के बीज इस समय 70 रुपए किलो पर स्थिर है।

**प्याज बीज में रिकॉर्ड गर्मी**

देश स्तर पर प्याज की कीमत ने जैसी उछाल ली हुई है, उसे देखते हुए इसकी बोनी को लेकर किसानों में रुझान देखा जा रहा है। लिहाजा प्याज का बीज, रिकॉर्ड 1200 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। इसमें आगे भी तेजी की आशंका व्यक्त की जा रही है।

**मांग में गोभी बीज**

शीत ऋतु की ही सब्जी मानी जाती है गोभी को लेकिन अब पूरे साल इसकी फसल ली जाने लगी है। ऐसे में फूलगोभी के बीज 120 रुपए किलो, पत्ता गोभी के बीज 140 रुपए और गांठ गोभी के बीज की कीमत 90 रुपए किलो पर पहुंच गई है।

# कच्ची महुआ शराब ब्रिकी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बिलाईगढ़, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं स्ठहक्क बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर आचार संहिता के लगने के उपरांत अवैध शराब,जुआ,सट्टा जैसे थाना क्षेत्रों में होने वाली अवैधानिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व में आज दिनांक 08.11.2023 को हमराह में स्टाफ के पेट्रोलिंग पर मय शासकीय वाहन के रवाना हुआ था, देवसागर मोड़ भटगांव में जरिये मुखबीर सूचना मिला की कदम चौंक के पास जैजेराम प्रधान नाम का व्यक्ति अपने घर के पास बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बेचने के लिये छिपाकर रखा है कि सूचना का मुखबीरी पंचनामा तैयार कर गवाहन को धारा 160 जा0फौ0 का नोटिस देकर मौका स्थल पर पहूंचकर आरोपी जैजेराम प्रधान को प्रयोजन बताकर तलाशी पंचनामा तैयार कर खुद का स्टाफ का एवं गवाह का जैजेराम प्रधान से तलाशी करवाकर सूचना मिले स्थान आरोपी जैजेराम प्रधान के घर के पास बांड़ी का तलाशी लिया। तलाशी में आरोपी जैजेराम प्रधान के कब्जे में एक प्लास्टिक झोला के अंदर 50 नग प्लास्टिक पाऊच के अंदर प्रत्येक में लगभग 200द्व्य हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब भरी हुई जुमला 10 लीटर रखें मिला।आरोपी को शराब कब्जे मे रखने एवं बिक्री करने बाबत् वैध कागजात मांगा जो पेश नहीं कर सका आरोपी के पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहों के समक्ष एक प्लास्टिक झोला के अंदर 50 नग प्लास्टिक पाऊच के अंदर प्रत्येक में लगभग 200द्व्य हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब भरी हुई जुमला 10 लीटर जुमला कीमती 1000/- रूपये को सीलबंद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी, प्र0आर0 52 आर0 254,318268 एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

**आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त**

# सप्ताहिक बाजार में दिखी रौनक



**पलारी, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** बुधवार को लगने वाली पलारी का साप्ताहिक बाजार गुलजार रहा,दिपावली के पूर्व पलारी बाजार मे भारी भीड़ उमड़ी आसपास के अँचल के ग्रामीणो ने खुब खरीदारी की गौरतलब है कि पलारी आसपास के गांव के लिए प्रमुख बाजार का केन्द्र जहां लोगो को अपनी की जरूरत का सामान उपलब्ध रहता है।बलौदाबाजार ,खरोरा सहित ग्रामीण अँचल के व्यापारी यहां साप्ताहिक बाजार लगाते हैं।दिपावली पर्व को लेकर साप्ताहिक बाजार में पटाका दुकानदार नँद छोटू साहू ने बताया एटम बम व बच्चो के लिए फुलझरी, राके चकरी छुरछुरी साँप गोली और चुरचुटीया पटाका की खुब खरीदी की वही कपड़ा दुकानो भी खुब रौनक रही कपड़ा दुकानदार परस भारद्वाज ने बताया कि युवाओ ने स्टायलिश जौंस पैंट और शर्ट खुब लिए वही बच्चो के फैंसी आयटम की जोरदार माँग रही वही महिलाओं को मनपँसद साड़ी मिलने पर उन्होंने खुब खरीदारी की वही घर को जगमग करने मिट्टी के दिए, झालर लाईट की खुब खरीदारी की गई साथ ही किराना कि दुकानदार भी आज ज्यादा व्यस्त रहे वही फैँसी दुकानो मे भी खुब चहल पहल रही देर शाम तक बाजार मे रौनक बनी रही आज की बाजार की रौनक से व्यापारी भी प्रफुल्लित नजर आए।

# बलौदा कॉलेज में रोबोट बनाकर रैली निकाली गई दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**सरायपाली, 9 नवंबर (देशबन्धु)।** डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में डॉ मालती तिवारी ( जिला स्वीप नोडल अधिकारी महासमुंद ) के मार्गदर्शन में तथा प्राचार्य श्रीमती अनिता पटेल के दिशा निर्देशन व श्रीमती कमला बाई दीवान कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत एक भी मतदाता मतदान से वंचित न हो इस उद्देश्य से मतदाता जागरूकता हेतु स्वयंसेवक करुणा सागर जाल रोबोट बन कर गांव में रैली के साथ लोगों को मतदान करने का संदेश दिये .स्वयंसेवकों द्वारा डोर डू डोर जा कर ग्रामीण जनों को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया गया. साथ ही छात्र छात्राओं ने दीप दान कर लोगों को मतदान के महत्व को बताये. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार पटेल, रमेश पटेल अंजेला लकड़ा, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, बासुदेव राणा, स्वीप कैम्पस एम्बेसडर गुलशन यादव , दल नायक देवेन्द्र यादव, रवीन्द्र, चन्द्रहास बाघ, किशन, कमलदास, मुकेश नाग, विद्याकांत कश्यप, दुर्योधन सिदार , विनोद मिर्धा आदि सम्मिलित हुए

## 210 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त

**धमतरी,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध शराब के विरूद्ध अवैध शराब के विरूद्ध सलोनी के जंगल में नाला के पास आबकारी अमले द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान 210 बल्क लीटर महुआ शराब और 6200 किलोग्राम शराब बनाने को तैयार महुआ लाहन जप्त किया गया।

# बच्चे भविष्य का द्वार होते है : न्यायाधीश टेम्भुरकर

**पिथौरा,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। बच्चे भविष्य का द्वार होते है,बच्चो के लिए समय-समय पर क़ानून बनाये गये है, जिसका पालन सुनिश्चित करना हम सब का दायित्व एवं कर्तव्य होता है, उक्ताशय की बातें विधिक सेवा दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय पिथौरा के न्यायाधीश प्रतीक टेम्भुरकर ने आयोजित शिविर में व्यक्त किए।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पर स्थानीय न्यायालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था इस अवसर पर न्यायाधीश टेम्भुरकर ने कहा कि हर साल भारत में 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश के सभी नागरिकों को उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के समक्ष नि· शुल्क दी जाने वाली प्रवीण और कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराना है। इस दिन को मनाए जाने की शुरुआत साल 1995 में की गई थी। तब से हर साल 9 नवम्बर को इस दिन का आयोजन भारत के सर्वोच्च न्यायालय यानि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को न्यायायिक सहायता और समर्थन देने के लिए किया गया था।

**राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस क्यों है खास ?**

श्री टेम्भुरकर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस इसलिए खास माना जाता है क्योंकि आज के दिन विधिक सेवा के तहत प्राधिकरण अधिनियम और वादिकारियों के अधिकार को सभी प्रावधानों से अवगत कराया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगों तक सभी प्रकार की क़ानूनी सेवाओं को नि· शुल्क पहुँचाना है। इस दिन यह प्रयास किया जाता है कि मुफ्त सेवाओं के साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर आज की शिविर का आयोजन किया गया है उन्होंने नि:शुल्क विधिक सेवाएं देने वाले संस्थान के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नि:शुल्क विधिक सेवाएं दी जाती हैं।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का काम राज्य स्तर पर इस काम की देखरेख करना है।राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला स्तर पर विधिक सेवाएं दी जाती है।तालुका स्तर पर सेवा देने का काम तालुक विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा होता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराने की सुविधा होती है।



विधिक सेवा दिवस पर शिविर आयोजित

**नि:शुल्क कानून के बारे में दी गई जानकारी**

न्यायाधीश ने कहा कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो, उन्हें बिना पैसे लिए या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता करना विधिक सहायता (स्द्धद्दड्डद्य ड्डद्बस्र) कहलाता है। कानूनी सहायता देना, विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्त्व है क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है।

**बाल विवाह क़ानून को विस्तार से समझाया**

विश्व के कई देशों में ऐसी कई प्रथाएं हैं, जो आज के समय में लोगों के लिए समस्या बन चुकी है। इसमें से कई ऐसी प्रथाएं, जो महिला वर्ग के लिए चुनौती बन गया है। इन्हीं में से एक प्रथा है बाल विवाह।कानून के अनुसार, निश्चित आयु से पहले किसी भी बच्चे का विवाह यानि नाबालिग उम्र में बच्चे का विवाह कर देना बाल विवाह होता है। प्रत्येक देश में बच्चे के बालिग होने की एक आयु निश्चित की गई है, उससे पहले विवाह होना, बाल विवाह कहलाता है। इस विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है या उनका जीवन कैसा हो जाएगा।इस प्रथा का शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं, क्योंकि कई मामलों में देखा गया है कि लड़कियों की उम्र बहुत ही कम होती है और लड़कों की उम्र उनके मुकाबले बहुत ही ज्यादा होती है। इस तरह की शादी से लड़कियों को जीवन भर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत में कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है।

**बालश्रम के बारे भी अवगत कराया गया**

न्यायाधीश टेम्भुरकर ने बताया कि बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन क़ानून सभी व्यवसायों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।ये कानून, रोजगार के लिए कुछ छूट देते हुए, यह अनिवार्य बनाता है कि बच्चा केवल स्कूल के घंटों के बाद या छुट्टियों के दौरान ही अपने परिवार और पारिवारिक उद्यम में मदद कर सकता है। स्कूल के दिनों में कोई भी परिवार अपने बच्चों को नौकरी पर नहीं रख सकता।

यदि कोई परिवार या नियोक्ता कानून का उल्लंघन की स्थिति में केवल नियोक्ता को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उसे जुर्माने के रूप में 50,000 रुपये तक का भुगतान करना पड़ सकता है और 6 महीने से दो साल तक की कैद हो सकती है। बाद के अपराध के लिए, जुर्माना एक से तीन साल के बीच कारावास का प्रावधान है।

## सार-संक्षेप

### जैन भवन में आज भगवान धनवंतरी जयंती

**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डॉ. राजेन्द्र जैन गदिया एवं डॉ. समर्पण गदिया व्दारा स्थानीय जैन भवन सदर रोड में आज 10 नवंबर को संध्या 7.30 बजे भगवान धनवंतरी की जयंती का आयोजन किया गया है। विदित हो कि यह आयोजन का 43 वां वर्ष है। जिसमें नगर सहित अंचल के डॉक्टरों एवं गणमान्य नागरिकों सहित मित्रजनों को आमंत्रित किया गया है।



## शा. नवीन कन्या महाविद्यालय में जागरूकता रैली



**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया. जागरुकता रैली में छात्राओं ने मतदान जागरूकता से संबंधित नारे लगाकर नगर का भ्रमण किया तथा लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया. इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता प्रसारित करना रहा, ताकि विद्यार्थी सही मतदान के द्वारा सशक्त लोकतंत्र की स्थापना में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें, ताकि प्रदेश तथा देश उन्नति पथ पर अग्रसर हो सके. स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह आयोजन की संयोजक रहीं . इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर, श्रीमती बीटा रानी खलखो, सुश्री खुशबू कश्यप, श्रीमती प्रियंका साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, डॉ. टिशा डे सहित छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।महाविद्यालय के प्राचार्य एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## प्रेक्षकों ने किया मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**बलौदाबाजार,** 9 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर एवं कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड ने आज जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 172, 173, 143, 144, 179, 180, 181, 192 एवं 194 में पहुंचकर निरीक्षण कर महत्वपूर्ण सुधार के निर्देश संबंधित रिटर्निंग आफिसर को दिए है।



इसी तरह कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड आज कसडोल नगर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्र क्रमांक 132, 133, 134, 135, 136, 137, 138 एवं 141 में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षकों ने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफना हो मतदान केंद्रों में इसका विशेष ध्यान रखे। डॉ.भारूड एवं डॉ अनीश शेखर ने लाइव वेबकास्टिंग के संबध में हो तैयारियों को परखा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों के दिवाल में विशेष सूचना पटल में लेखन के कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होने आम ग्रामीण से मुलाकात कर चुनाव संबधित समान्य जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान संबधित क्षेत्र के तहसीलदार, लायजिनिग अधिकारी सहित राजस्व, पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## किसानों कों सूखा और साफ धान लाने की हिदायत

**नवापारा-राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। धान खरीदी केन्द्रों में आठ दिनों में 13 करोड़ 35 लाख रूपयें की धान की खरीदी हुई जिसमें 2 करोंड़ 38 लाख की ऋण की वसूली हुई औंर 10 करोड़ 62 लाख लगभग की नगदी धान खरीदी हुई। शासन कें आदेशानुसार नवापारा क्षेत्र कें कुल 13 सहकारी समितियों में अब तक धान की खरीदी 8 दिन हो गयें हैं। नवापारा सहकारी बैंक कें अंतर्गत पोड़, सुंन्दरकेंरा, कठिया, बंजारी, तामासिवनी, तोरला, चापाझर, टीला, नवापारा, पटेवा, मानिकचौंरी, जामगॉव, पिपरौंद इन 13 समितियों कें उपार्जन केंन्द्र में शाखा प्रबंधक मोहम्मद अकील , पर्यवेक्षक प्रेमलाल साहू दुर्गेश कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर औंर समितियों कें प्रभारियों नें श्रीनरसिंह साहू, ताम्रध्वज साहू, अशोक यादव, दिलीप जॉगड़ें, दनेश सिन्हा, कमलनारायण साहू,मनोज साहू, खुमान कार्ले, श्रीमति नूतन साहू, रूपेन्द्र सेन, राजेश निषाद, इन्द्रसेन साहू, सेवाराम श्रीवास औंर समस्त समितियों कें कम्प्यूटर ऑपरेटर औंर किसान भाइयों की उपस्थिति में धान खरीदी का कार्य लगातार चल रहा है। शाखा पर्यवेक्षक प्रेंमलाल साहू नें बताया कि किसानों कें द्वारा जों धान लाया जा रहा है जिसमें नमी 17 प्रतिशत तक धान लियें जा रहें है, वही 17: सें अधिक नमी वालें धान कों किसानों कों वापस कियें जा रहा है, जिसमें समिति कठिया सें किसान रमेंश गिलहरें, मोहन साहू, प्रकाश धृतलहरें मोतीलाल सहित अनेक किसानों कों धान वापस किया गया और इन किसानों नें अपना धान सुखा कर अपनें समिति में वापस लाया ।इस प्रकार इन 13 समितियों में 97 किसानों नें नमी धान वापस किया गया। वही किसानों कों विशेष रूप सें कम्प्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश कुमार नें किसानों कों हिदायत दी कि धान सुखाकर व साफसुथरा धान लायें ।जिससें धान खरीदी में तेजी आए।



इन समितियों में अनेंक किसानों ने 14 प्रतिशत सें कम सुखें वाले धान लायें। समिति कठिया कें समिति प्रभारी अशोक यादव नें उन किसानों कों बधाई दी जिसमें प्रमुख रूप सें संतोष ध्रुव, रामचंद गिलहरें टाकेंश्वर साहू नें अच्छा सुखा धान लायें जों कि बधाई कें पात्र बनें। वही शाखा पर्यवेक्षक प्रेंमलाल साहू नें बताया कि समिति सुन्दरकेंरा, जामगॉव, पटेवा,नवापारा,मानिकचौंरी में धान का उठाव जारी हो चुका है।

धान का उठाव जारी समिति पोड़ सें 270 सदस्य 7000चिं., समिति कठिया सें 115 सदस्य 3500चिं. समिति तामासिवनी सें 100 सदस्य 1900 चिं.समिति तोरला सें 155 सदस्य 3700 चिं., समिति चापाझर सें 160 सदस्य 3800 चिं. समिति टीला सें 120 सदस्य 2400 चिं., समिति नवापारा सें 130 सदस्य 1900चिं., समिति मानिकचौंरी से 295 सदस्य 6200 चिं., समिति पटेवा सें 195 सदस्य 4050.40 क्विंटल।

## स्वयं सेवकों ने गोदग्राम नवाडीह में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम एल वर्मा के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर मारकंडे के नेतृत्व में गोद ग्राम नवाडीह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम नवाडीह में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाए एवं ग्राम नवाडीह के चौंक चौराहों पर मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक स्वच्छ सरकार बनाने का सकारात्मक संदेश दिया। नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को हर एक वोट का महत्व समझाया गया, साथ ही उनलोगो के लिए भी स्पस्ट संदेश दिया गया जो अपने मताधिकार का प्रयोग किए बिना हर काम के लिए सरकार पर दोषारोपण करते हैं। नुक्कड़ के मुख्य पात्र में स्वयं सेवक कमलनारायण साहू, हुमन देवांगन, पोषण, टिकेश्वर भारती, लाला साहू, देवनंदिनि साहू, अनीता, संतोषी, खेमीन एवं लता साहू थे, साथ ही जीतू सोनकर लुभांशु पांडेय, युवराज रात्रे, लिलेश निषाद,रामचरण निषाद, कुणाल कोसले, कविता साहू, तेजकुमारी, नीलम घिडोरे,खुशी दिवाकर, रेश्मा साहू, के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सेवको ने मतदाता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक आयोजन में भाग लिए।

## कार्यकर्ताओं व मतदाताओं में उत्साह नहीं

**नवापारा राजिम,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। गांव-गांव में जहां जहां विधानसभा चुनाव चल रहा है उसके बाद भी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में उत्साह नही देखा जा रहा है तथा धान कटाई और सहकारी बैंको में धान की खरीदी जहां चल रही है वहां ही मतदाता एवं ग्रामीण दिखाई दे रहे है उसके उपरात भी नवापारा क्षेत्र में ही जहां 13 सहकारी सोसायटीयाँ है वहा 08 दिन में 13 करोड़ रूपये से अधिक की धान की खरीदी हुई है। दूसरी तरफ नवापारा मण्डी में धान की आवक लगातार बनी हुई है आज भी मण्डी में 58 सौ कट्टा धान नवापारा मण्डी एवं राजिम मण्डी में 15 सौ कट्टा धान की आवक बनी हुई है नीलाम प्रभारी सपन शर्मा ने बताया कि प्रात: 9.30 बजे से भी धान की नीलामी आरंभ हो जाता है सरना धान 2100 से 2150 महामाया 2250 से 2410 आर बी गोल्ड 2180 से 2240 1010 धान 1008 धान 2090 से 2250, ओमथी 2350 से 2380 शाम मासूरी 2290 से 2342 के भाव में खरीदी हो रही है प्रतिदिन बिका हुआ था पुरा तौल कर राईसमिलों में भेज दिया जाता है दूसरे दिन मण्डी प्रांगण खाली रहता है ताकि दूसरे दिन फिर से धान की नीलामी हो सके ।



## चुनाव के मद्देनजर छग व ओड़िशा के आबकारी अमलों की अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक हुई

**महासमुंद,**9 नवंबर (देशबंधु)। आगामी छग विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में छग और ओड़िशा राज्यों के सीमावर्ती जिलों के आबकारी अमलों की सीमा समन्वय बैठक वर्चुअल माध्यम से बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर अनिमेष नेताम, उपायुक्त नार्दन डिवीजन ओड़िशा राजेंद्र बोथरा और बिलासपुर उपायुक्त नोहर सिंह ठाकुर ने दोनों राज्यों के विभागीय अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। निर्वाचन अवधि में सीमावर्ती इलाकों की जांच चौकियों में दोनों राज्यों की ओर से सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इन सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों के अवैध धारण, विक्रय और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की तिथि को मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से छग राज्य की समस्त मदिरा दुकानों, बारों, आसवनियो, बॉटलिंग यूनिट्स, देशी मदिरा के वेयरहाउस और विदेशी मदिरा गोदामों को बंद किया जावेगा। साथ ही साथ सीमावर्ती नार्दन डिवीजन उड़ीसा में सम्मिलित जिला झारसुगुड़ा की 3, बरगढ़ की 20, सुंदरगढ़ की 7 और नुआपाड़ा की 5 मदिरा दुकानें भी इस अवधि में बंद रहेंगी। दीपावली पर्व समीप होने के कारण इस हेतु अधिक चौकसी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में रायगढ़, सारंगढ़ महासमुंद, गरियाबंद, झारसुगुड़ा, बरगढ़, सुंदरगढ़ और नुआपाड़ा जिलों के आबकारी विभाग के अधिकारी सम्मिलित थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### बोराई चेक पोस्ट एवं फारेस्ट...

सायकल क्र.एमपी 44 जेडबी 6456सिल्वर काला रंग के पीछे नायलोन पीला कलर के थैले में बंधा हुआ था जिसको रोककर चेकिंग किये जाने पर मादक पदार्थ जैसे होने से संदेही से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम नारायण बंजारा पिता रामसिंग बंजारा उम्र 39 वर्ष निवासी पिपलिया व्यास, थाना नीमच,जिला नीमच ( म0प्र0)का होना बताये जिससे तलासी के दौरान संदेहान द्वारा एक नायलोन पीला कलर के थैले में मादक पदार्थ गांजा जैसे से होने से उपस्थित गवाहों को तस्दीक कराया गया जो मनोउत्तेजक मादक पदार्थ जैसे गांजा का होने से संदेही द्वारा मादक पदार्थ जैसे गांजा को रखने के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज पेश नही करने पर कुल वजनी 15 किलो 700 ग्राम का होना पाया गया जो किमती लगभग 314000/- रूपये का है जिन्हे सील बंद किया गया है इसके अलावा संदेही द्वारा प्रयुक्त किये गये मोबाईल एक नग आई टेल कंपनी कि कीपैड मोबाईल किमती 1000/-रूपये गवाहों के समक्ष जप्त किया गया जो संदेहियों का यह कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का होना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बोराई निरी. राजेश जगत, सउनि. देवनाथ सिन्हा, आर. प्रदीप देव, कुबेर जुर्री, जितेंद्र कोर्राम, सौरभ साहू, नरेश सिदार, प्रवीण मरकाम, राधेश्याम मरकाम, गोपाल करहाड़े थाना बोराई एवं एसएसटी टीम का विशेष योगदान रहा।

### देशबन्धु संवाददाता की...

विभागीय अधिकारियों की मीटिंग ले रहे है। इसलिए संपर्क नही हो पाया। दो दो उच्च अधिकारी की वन क्षेत्र में उपस्थिति के बाद भी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पेड़ में आग लगने की शरारत करना वन विभाग के सजगता पर सवाल खड़े कर दिया है।

### होम वोटिंग से बुजुर्गों सहित....

अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को जो मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम है उन्हें घर पर ही मत पत्र के माध्यम से मतदान का अधिकार दिया गया उसी कड़ी में आज नवापारा राजिम में अभनपुर विधानसभा 53 में टोटल 158 मतदाता है । जिसमे 25 मतदाताओं ने अपने मतदान का उपयोग किया है उक्त प्रक्रिया में विधिवत मतदान दल का गठन किया गया। मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया है रूट प्रभारी ने बी.एल.ओ. और सुपरवाईजर की मदत संबंधित मतदाताओं का दल पहुंचाने में मदत की और घर पर भी बुध बनाकर संबंधित मतदाताओं से मतपत्र पर मतदान कराया गया निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि सतप्रतिशत मतदान हो। इस नवाचार की जमकर तारीफ की जा रही है। लोगो में उत्साह देखा जा रहा है।

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग...

दौरान आबकारी मुख्य आरक्षक माधव राव, कुंजलाल ध्रुव तथा सिक्युरिटी गार्ड सचिन तिलक, वाहन चालक गांधी राम ठाकुर एवं समस्त आबकारी स्टाफउपस्थित थे।

### व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने...

बंजारे शामिल है। विधानसभा भाटापारा के 5 प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमे जितेंद्र बंजारे, कृष्णा बंजारे, नरेश कुमार कोशले, पंचराम एवं व्यास नारायण वर्मा शामिल है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 6 नवंबर को कसडोल, बलौदाबाजार एवं 7 नवंबर को भाटापारा के समस्त अभ्यर्थियों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा, समस्त बिल व्हाउचर, संबंधित दस्तावेज एवं बैंक पासबुक सहित व्यय प्रेक्षक-व्यय लेखा दल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। निर्धारित तिथि को 22 अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के प्रतिकूल है।

## वोटिंग की सभी प्रक्रियाओं की अच्छे से तैयारी करके सफलतापूर्वक संपन्न कराएं मतदान : प्रेक्षक अंजू चौधरी

**गरियाबंद,** 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुश्री अंजू चौधरी और कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज शहर के विभिन्न संस्थानों में चल रहे निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने पॉलीटेक्निक, गुरुकुल कॉलेज, आईटीएस कॉलेज एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में पहुंचकर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। प्रेक्षक सुश्री चौधरी एवं कलेक्टर छिकारा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारियों से मतदान की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी लेकर क्रॉस चेश्चन भी पूछे। उन्होंने कहा की निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की अच्छे से तैयारी करके 17 नवंबर को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराएं। प्रेक्षक ने प्रशिक्षणार्थियों से मतदान केंद्र में होने वाले निर्वाचन गतिविधियों जैसे मॉक पोल, टेस्ट पोल और विभिन्न प्रक्रियाओं की बारीकी समझ के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान केंद्र में संपन्न की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं को सक्रियता के साथ गंभीरतापूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। साथ ही त्रुटिरहित मतदान संपन्न कराने के लक्ष्य के साथ सभी प्रक्रियाएं संपन्न होने पश्चात निर्धारित प्रपत्रों और सामग्रियों को स्ट्रॉन्ग रूम में जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने निर्वाचन अधिकारियों से विभिन्न निर्वाचन नियमों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही विभिन्न निर्धारित प्रपत्रों में संधारित की जाने वाली जानकारी की प्रक्रिया पूछकर अच्छे से ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर धनंजय नेताम, एसडीएम भूपेंद्र साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक सुश्री चौधरी एवं कलेक्टर छिकारा ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान कार्य एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसको निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी स्वयं ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को संचालित कर देखें। जिससे मशीन की सभी प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित हो सके। कलेक्टर ने गुरुकुल कॉलेज में सेवा मतदाता सुविधा केंद्र का भी लिया जायजा - कलेक्टर श्री छिकारा ने गुरुकुल कॉलेज में सेवा मतदाताओं के लिए स्थापित पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में गरियाबंद एवं अन्य जिले के सेवा मतदाताओं द्वारा किए जा रहे पोस्टल मतदान का अवलोकन किया। साथ ही मतदान अधिकारियों को मतदान की सभी प्रक्रियाएं त्रुटि रहित संपन्न करने के निर्देश दिए।



# धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## श्री युवराज ज्वेलर्स

गांधी चौक, महासमुन्द (छ.ग.)

संचालक

मुरली चन्द्राकर, डोमार चन्द्राकर

---

क्षेत्र के समस्त नागरिकों एवं शुभचिंतकों को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

पालिसी धारकों का हार्दिक अभिनंदन

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA




रिखीराम साहू
कर्मचारी नेता

श्रीमती ईश्वरी साहू
करोड़पति अभिकर्ता

---

क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



संजय शर्मा
महासमुंद

## आर.के ब्रिक्स

उच्च कोटि चिमनी ईंटों के निर्माता एवं विक्रेता

---



क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



कृष्णा चन्द्राकर
उपाध्यक्ष
नगर पालिका महासमुंद

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




मनोज मालू
सौरभ मालू

## मालू मेडिकल

पुराना सरकारी अस्पताल के सामने, रायपुर रोड, महासमुंद
फोन नंबर-07723-222901
सभी प्रकार के दवाइयां मिलने का एक मात्र विश्वसनीय संस्थान

---

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



प्रकाश आजमानी
अध्यक्ष
फल-फूल वितरण सोसायटी (महासमुंद)

---

धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



जीवराज चन्द्राकर

## जे.के. ब्रिक्स

ग्राम-लभराखुर्द (महासमुंद)

मथई ईंट, चिमनी ईंट के निर्माता एवं विक्रेता

बोल्डर, पत्थर, गिट्टी, रेत एवं बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर

जे.सी.बी. हमेशा उपलब्ध

मो.- 9669056228 आफिस-9826604698, 9926415923, 9926065907

---

क्षेत्रवासियों को दीप पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## बग्गा कृषि सेवा केन्द्र

मेन रोड, महासमुंद

07723-222268

6/7 रूखमणी भवन ग्रास मेमोरियल के पास रायपुर

विक्रेता

- रासायनिक खाद एवं कृषि दवाओं
- उषा, रैम्स व अन्य सिलाई मशीन
- ओरियन्ट, उषा, बजाज व सभी कंपनियों के विद्युत पंखे

---

प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई

## छत्तीसगढ़ कृषि सर्वेयर संघ

उप संभाग महासमुंद, जिला- महासमुंद





चमन चन्द्राकर
अध्यक्ष

तुलाराम ध्रुव
सचिव

यशवंत ठाकुर
कोषाध्यक्ष

---

क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





एम.आर. विश्वनाथन
समाजसेवी
महासमुंद

श्रीमती सुजाता विश्वनाथन
संचालिका
वृंदावन विद्यालय, महासमुंद


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सबसे बड़े पर्व पर...
सबसे सुन्दर श्रृंगार...
सोने एवं चांदी के आभूषणों का नवीनतम कलेक्शन
हार, कंगन, झुमका, चैन, मंगल सूत्र, अंगूठियां
फैंसी पायल व बिछिया, शुद्ध चांदी के मूर्तियां, बर्तन
एवं चांदी के हॉलमार्क के सिक्के
aj
अनिल ज्वेलर्स
महात्मा गांधी रोड, राम मंदिर के पास, बलौदाबाजार
Mob.: 98267 50770 Customer Care : 07727 222246, E-mail : anilsoni.201168@gmail.com
प्रिन्ट पार्टनर


त्यौहारों का
बम्पर धमाका
आप सभी नगरवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
इस दीपावली में प्लाट व बंगला खरिदने पर
रजिस्ट्री फ्री
मंगलम विलास
भाटापारा रोड, बलौदाबाजार
PRIMIUM DUPLEX
3 BHK BUNGALOW
Office Address - Hotel Park Plaza, Garden Chowk, Baloda Bazar (C.G.)
Contact No. 9039510000, 9826612100
प्रिंट पार्टनर 9617 8888 44

# धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

























